CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37° C
न्यूनतम : 22° C

नई दिल्ली, मंगलवार 19 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 41 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 1 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित पेज 2



सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय खेल टाइम्स



चीन से खाली हाथ लौटे ट्रम्प, नहीं बोल पा रहे हैं खुलकर सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जयराम ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। श्री रमेश ने सोमवार को सभापति को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने 15 मई को संवाददाता सम्मेलन में संसद और संसदीय समितियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बयान दिया है। श्री प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन में चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट से जुड़े सवालों पर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया था।

### इंजीनियर राशिद को पिता के अंतिम संस्कार के लिए मिली अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद बारामूला के सांसद अब्दुल राशिद शेख (इंजीनियर राशिद) को सोमवार को उनके पिता खजीर मोहम्मद शेख के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। श्री खजीर मोहम्मद शेख (85) का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के नेता फिरदौस बाबा ने बताया कि जेल में बंद सांसद को उनके पिता के निधन के बाद पिछली शर्तों के आधार पर दो जून तक के लिए जमानत दी गई है। अदालत ने यह राहत तब दी, जब आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद राशिद ने अंतिम संस्कार की रस्मों में शामिल होने की अनुमति मांगते हुए एक अर्जी दाखिल की।

### वडोदरा से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में लाइट गुल

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में रविवार रात इंडिगो की फ्लाइट (6ई 657) में बिजली गुल हो गई। विमान का ग्राउंड पावर यूनिट (जीपीयू) अचानक बंद हो जाने से ये हालात बने। इसके चलते पैसेंजर्स को अंधेरे और भारी उमस में परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। एक पैसेंजर ने अपने मोबाइल में ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था, जो अब वायरल हो रहा है। रविवार रात को इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई657 वडोदरा से दिल्ली रवाना होने की तैयारी में थी। इसी बीच 8:50 बजे अचानक फ्लाइट की बिजली गुल हो गई। करीब 25 मिनट बाद बिजली की सप्लाई दोबारा शुरू हो सकी।

### नीट केस में महाराष्ट्र के केमिस्ट्री कोचिंग का डायरेक्टर अरेस्ट

**नई दिल्ली/मुंबई।** नीट पेपर लीक केस में सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है।

# नौ राज्यों में पारा 45° के पार, यूपी का बांदा सबसे गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत मैदानी इलाकों के 9 राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र का विदर्भ- मराठवाड़ा और तेलंगाना में भी सोमवार को येलो अलर्ट रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में कई जिलों का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। गर्मी का यह दौर पिछले एक हफ्ते से जारी है। रविवार को यूपी का बांदा 46.4 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान के बीकानेर-बाड़मेर में पारा 45 डिग्री और मप्र के खंडवा में 44.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

- **बांदा का तापमान 46.4 डिग्री दर्ज**
- **बिहार में गर्मी से 27 छात्राएं बेहोश**

इधर, बिहार में कई जिलों में उमस भरी गर्मी है तो कुछ जगह बारिश हो रही है। शेखपुरा के कस्तूरबा स्कूल में गर्मी के कारण 27 छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं। सभी को शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देश के बाकी हिस्सों की बात करें तो केरलम, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश हो सकती है। 19 मई को उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भीषण लू चल सकती है।



### रुपया 44 पैसे टूटा, 96.25 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल में जारी तेजी के कारण अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया सोमवार को 44 पैसे टूट गया और पहली बार एक डॉलर 96.25 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 17 पैसे की गिरावट में 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। बीच कारोबार में इसका निचला स्तर 96.14 रुपये प्रति डॉलर रहा था। रुपये पर सोमवार को शुरू से ही दबाव रहा। यह 38 पैसे नीचे 96.18 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। फिलहाल यह 96.25 रुपये प्रति डॉलर तक टूट चुका है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी रही।

# उमर खालिद को मिल सकती थी जमानत: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने जमानत मामले में अपने ही फैसले पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा साजिश मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद को जमानत देने से इन्कार करने वाले अपने पिछले फैसले पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने सोमवार को यह बयान सैयद इफ्तिखार अंद्राबी से जुड़े नार्को- टेररिज्म मामले पर सुनवाई के दौरान दिया।

कोर्ट ने माना कि किसी आरोपी को बेल देना एक नियम है, उसे जेल भेजना अपवाद होना चाहिए। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने केए नजीब मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में माना था कि मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने पर अदालतें गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामलों में जमानत दे सकती हैं। कोर्ट ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका खारिज करते समय कोर्ट ने इस फैसले पर ध्यान नहीं दिया था। 2019 से 2023 के बीच पूरे भारत में यूएपीए मामलों में सिर्फ 1.5प्रतिशत-4फीसदी लोगों को सजा हुई। यानी लगभग 94 प्रतिशत मामलों में बरी होने की संभावना होती है। दिल्ली दंगे का आरोपी उमर खालिद जेएनयू का पूर्व छात्र है। वह सितम्बर 2020 से जेल में है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब कोई बड़ी बेंच फैसला सुना देती है, तो छोटी बेंच को उसे मानना ही पड़ेगा। आजकल ऐसा देखा जा रहा है कि छोटी बेंच सीधे-सीधे मना तो नहीं करतीं, लेकिन घुमा-फिराकर बड़े फैसले के असर को कमजोर कर देती हैं। इस साल 4 जनवरी को जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने फैसले को रीव्यू करने से भी मना कर दिया था। कहा था कि दोनों आरोपी एक साल तक दिल्ली दंगे मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते। उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 750 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गईं।



- **आरोपी को बेल देना नियम है और जेल अपवाद**

# नॉर्वे ने पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान

## पीएम मोदी का ये 32वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

ओस्लो, वार्ता

**नॉर्वे के राजा** हेराल्ड पंचम ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नार्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह नॉर्वे के सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है।

इसे मिलाकर अब तक पीएम मोदी को 32 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले रविवार को स्वीडन ने भी उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। पीएम मोदी ने सोमवार को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था। पीएम मोदी के मुताबिक, यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा विकास और समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। इस समझौते के तहत अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख नौकरियां पैदा करने का टारगेट रखा गया है। 19 मई को ओस्लो में तीसरा भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। मोदी ने कहा कि यह उनके नार्डिक समकक्षों से मुलाकात का शानदार अवसर होगा।



- **यूरोप भारत में 100 अरब डॉलर निवेश करेगा**

# बंगाल में इमाम-मुअज्जिन और पुजारियों का भत्ता बंद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए। राज्य सरकार ने इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को दिए जाने वाले भत्ते को एक जून से बंद करने का फैसला किया है।

इसके अलावा टीएमसी सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न की जांच के लिए 2 आयोग बनेंगे। दोनों आयोगों की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। साथ ही महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना के तहत हर महीने 3000 रुपये देने, मुफ्त बस यात्रा शुरू करने, सातवां वेतन आयोग गठित करने और ओबीसी सूची में बदलाव जैसे अहम निर्णय भी लिए गए। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार ने इसी साल मार्च में धार्मिक नेताओं के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की थी।

- **महिलाओं को एक जून से 3000 रुपये मिलेंगे**

# लखीमपुर: मैजिक वाहन और ट्रक की टक्कर में 10 की मौत

**लखीमपुर खीरी (ब्यूरो)।** लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर क्षेत्र में एनएच-730 पीलीभीत-बस्ती राजमार्ग पर सोमवार सुबह मैजिक वाहन और ट्रक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऊंच गांव और भरेहटा के बीच यह हादसा सुबह करीब सात बजे हुआ। हादसे में सात पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य घायल को उपचार के लिए लखीमपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मैजिक वाहन लखीमपुर से नानपारा की ओर दस यात्रियों को लेकर जा रहा था, जबकि ट्रक बहराइच की तरफ से आ रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मैजिक वाहन का अगला टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी धौरहरा, एसडीएम धौरहरा, खमरिया और ईसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा गया।

- **मैजिक अगला टायर फटने के बाद ट्रक से टकराया**

# वीडी सतीशन केरलम के मुख्यमंत्री बने

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी।

कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। शपथ लेने के बाद जब सतीशन राहुल के पास गए, तो उन्होंने गले लगाकर बधाई दी और कान में कुछ कहा। राहुल गांधी से मिलने के बाद सतीशन खड़गे, सीएम सिद्धारमैया, सीएम रेवंत रेड्डी, वेणुगोपाल, पिनराई विजयन, सीएम सुक्खू और डीके शिवकुमार से मुलाकात की। केरलम की कैबिनेट में 14 विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन. शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम. जान, बिंदु कृष्णा, टी. सिद्दीकी, केए तुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं।



- **64 साल बाद राज्य में किसी सीएम ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली**
- **राहुल-प्रियंका गांधी मौजूद रहे**

# भारत रूस से निरंतर खरीद रहा है तेल: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि वह रूस से निरंतर तेल खरीदता रहा है और यह खरीद प्रतिबंधों से पहले, प्रतिबंधों में छूट के दौरान भी और अभी भी जारी है।

भारत ने कहा है कि देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी खरीद के समय व्यावसायिक यानी बाजार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर निर्णय लेती हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी देने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और विभिन्न स्रोतों से खरीद के माध्यम से तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सुश्री शर्मा ने भारत की रूस से तेल खरीद पर अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट के समाप्त होने के बाद वहां से तेल खरीद के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भारत रूस से पहले से ही तेल खरीद रहा है यानी छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और अब भी। संयुक्त सचिव ने कहा कि भारत में तेल कहां से खरीदा जाना है इसका निर्णय बाजार की स्थिति को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बराबर सुनिश्चित की जा रही है और यह छूट हो या न हो इससे प्रभावित नहीं होती। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अमेरिका ने इन प्रतिबंधों में छूट दी थी जो 16 मई को समाप्त हो गई।




- **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: अमेरिकी प्रतिबंधों से पहले भी और बाद में भी खरीद जारी**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### आज दो दिनी दौरे पर यूपी में आएंगे राहुल

**रायबरेली।** केरलम में कांग्रेस की अगुवाई वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। राहुल आज सोमवार को केरल में 10 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए, इस बीच कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल कल मंगलवार को 2 दिन के दौरे पर यहां पहुंचेंगे। रायबरेली के कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी बछरावां के ठकुराइन खेड़ा में एक मैरिज हॉल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह खीरों में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, फिर वह लालगंज जाएंगे, जहां वह 'महिला संवाद' कार्यक्रम में शामिल होंगे। गंगा एक्सप्रेसवे पर दौड़ीं यूपी रोडवेज की बसें

### मात्र 839 में प्रयागराज से मेरठ की यात्रा होगी

**लखनऊ।** यूपी के यात्रियों के लिए सफर को और आसान बनाते हुए यूपी रोडवेज ने अब शानदार गंगा एक्सप्रेसवे को भी अपने रूट में शामिल कर लिया है और इस मार्ग पर सरकारी बसों का संचालन सोमवार से शुरू हो गया है। फिलहाल इस सेवा की शुरुआत प्रयागराज से मेरठ के बीच की गई है, जिसका किराया बेहद किफायती रखा गया है। इस नई बस सेवा से मेरठ, हापुड़, नोएडा व गाजियाबाद से प्रयागराज आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। बसों को सुचारू रूप से चलाने का जिम्मा प्रयागराज रीजन के लीडर रोड डिपो को सौंपा गया है। आज सुबह 10 बजे पहली बस को मेरठ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का अनोखा प्रदर्शन

## कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री आवास पहुंचे, कई बेहोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने सोमवार को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मंत्री के आवास से करीब 100 मीटर पहले इकट्ठा हुए। जमीन पर कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास तक पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोग सरकार की नजर में कीड़े-मकौड़े हो चुके हैं। हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। इसलिए आज हम लोग कीड़ों की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास पर पहुंचे। भीषण गर्मी की वजह से कई अभ्यर्थी बेहोश हो गए। पुलिस ने उन्हें पानी पिलाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बनारस से आए कैलाश नाथ मौर्या



ने कहा- हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से बस यही कहना चाहते हैं कि हम अब अपना धैर्य खो चुके हैं। हमारे अंदर बिल्कुल भी सहन शक्ति नहीं बची है। हम लोग घर से हार चुके हैं और अब सरकार से भी उम्मीद नहीं रही है। यह अंतिम फरियाद है। सुनवाई नहीं हुई तो हम सभी अभ्यर्थी सामूहिक तौर पर आत्मदाह करेंगे। एक छोटी सी खेती है, उसी से घर का खर्च चलता है। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- फसल बेचकर हम लोग लखनऊ प्रदर्शन करने आते हैं। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- हम लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। सिस्टम की वजह से बेरोजगार घूम रहे हैं। हाईकोर्ट में जीतने के बाद भी हमें नौकरी नहीं मिली है। हमारी बात कोई सुनने को तैयार नहीं है। हर कोई हमारे बारे में उल्टा बोलता है। ओम प्रकाश राजभर हमारे मंत्री हैं, जिन्होंने कभी न्याय की बात नहीं की। राजभर कहते हैं कि यह 69000 शिक्षक भर्ती वाले जूता खाने के लायक हैं, यह कितना शर्मनाक बयान है। अगर नौकरी नहीं मिली तो हम लोग चंदा इकट्ठा करके ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ प्रचार करेंगे और उन्हें चुनाव हरवाएंगे। नवलेश ने बताया कि जौनपुर से आए हैं। हम मुख्यमंत्री और पिछड़ों के मंत्री अनुप्रिया पटेल से कहना चाहते हैं कि हमें न्याय दिलाइए।

# उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में प्रचंड गर्मी और लू के आसार व्यक्त किए हैं। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि बांदा में लू की स्थिति दर्ज की गई।

मौसम विभाग द्वारा सोमवार को जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में बांदा, प्रयागराज, झांसी, गाजीपुर और सुल्तानपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। वहीं बारा. बंकी, गोरखपुर, वाराणसी (बीएचयू), बहराइच, बांदा, फुर्सतगंज, मुजफ्फरनगर, मेरठ, उरई और आगरा ताज में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बुलेटिन के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में लू की स्थिति दर्ज की गई। यहां रविवार को अधि. कतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो देश भर में सबसे अधिक था,



■ मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में पारा 40 से 50 डिग्री के बीच रहने का अनुमान जताया

वहीं प्रयागराज में दिन का तापमान 44.5, झांसी में 44.6, हमीरपुर में 44.2 और आगरा में 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं भी लू नहीं चली।

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक वृद्धि होने की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, बहराइच, लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, ललितपुर, वाराणसी, मऊ और महाराजगंज समेत कई जिलों में हीट इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगरा, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बलिया, बांदा, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## योगी कैबिनेट में 12 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पंचायत चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी देकर बड़ा सामाजिक दांव चला है। इसके साथ ही लखनऊ मेट्रो विस्तार, स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिल गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गई। यह आयोग पंचायत स्तर पर पिछड़ों की हिस्सेदारी का अध्ययन कर ओबीसी आरक्षण का नया आधार तैयार करेगा। पांच सदस्ईय आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त



■ लखनऊ मेट्रो विस्तार स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिली

न्यायाधीश होंगे। अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल छह महीने का होगा। इस अवधि में आयोग सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पंचायत चुनाव से पहले इसे सरकार का बड़ा सामाजिक फैसला माना जा रहा है। मंत्रिमंडलट ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को मंजूरी दी। चारबाग से बसंतकुंज मेट्रो कॉरिडोर के एमओयू को भी पास कर दिया गया है। इससे राजधानी के दक्षिणी हिस्से को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और यातायात व्यवस्था मजबूत होगी। योगी सरकार ने वेटरनरी छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता चार हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये महीना कर दिया। अब पशु चिकित्सा के छात्रों को 12 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। लोहिया इंस्टीट्यूट में 1010 बेड का सुपर स्पेशिएलिटी इमरजेंसी सेंटर बनेगा जबकि इसके साथ ही प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। यूपी जन्म-मृत्यु पंजीकरण नियमावली 2026 लागू होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में आगरा मेट्रो कॉरिडोर-2 के लिए भूमि हस्तांतरण और स्टेशन-वायाडक्ट निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

### नमाज पढ़नी है, तो शिफ्ट में पढ़िए: योगी

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बकरीद के त्योहार से पहले राज्य में सड़कों पर नमाज पढ़ने के मामले को लेकर कहा है कि नमाज पढ़नी है, तो आप शिफ्ट में पढ़िए। प्यार से मानेंगे ठीक है, नहीं मानेंगे, तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। राजधानी लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम ने यह बयान दिया है। सीएम ने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं साहब आपके यहां यूपी में क्या सड़कों पर सचमुच नमाज नहीं होती? मैं कहता हूं कतई नहीं होती है। आप जाकर देख लो नहीं होती है। सड़कें चलने के लिए हैं या कोई भी व्यक्ति आकर के चौराहे पर आकर तमाशा बना देगा, क्या अधिकार है उसको सड़क रोकने का? आवागमन बाधित करने का कौन सा अधिकार है? जहां उसका स्थल होगा वहां जाकर करे। सीएम योगी ने आगे कहा कि उन लोगों ने मुझसे कहा साहब कैसे होगा? हमारी संख्या ज्यादा है। हमने कहा शिफ्ट में कर लो, तुम्हारे घर में रहने की जगह नहीं है, तो भाई संख्या नियंत्रित कर लो, और नहीं है सामर्थ्य, क्यों बेकार आगे संख्या बढ़ाई जा रही है और यह चाहिए आपको कि अगर आपको सिस्टम के साथ रहना है, तो याद करना हम उन नियम और कानून को मानना शुरू करें।

# प. बंगाल में हिंसा पर भड़कीं बसपा सुप्रीमो मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद जारी हिंसा को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को धर्मनिरपेक्षता और संविधान की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा- सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे। भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मों के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और



मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव उपरांत हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए। ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



# शेयर बाजारों में बिकवाली हावी

## दिग्गज कंपनियों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बिकवाली हावी रही, हालांकि दिग्गज कंपनियों में बाद में हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 77.05 अंक (0.10 प्रतिशत) बढ़कर 75,315.04 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी लगभग पूरे दिन लाल निशान में रहने के बाद 6.45 अंक यानी 0.03 प्रतिशत ऊपर 23,649.95 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपये में जारी नरमी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी से बाजार में निवेश धारणा कमजोर है। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 58 पैसे टूटकर 96.39 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक फिसल गया। वहीं कच्चा तेल एक प्रतिशत चढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। सेंसेक्स 430 अंक की गिरावट में खुला और सुबह के समय ही 1,057 अंक टूटकर 74,180.26 अंक तक उतर गया था। हालांकि



आखिर आधे घंटे में हुई लिवाली से सूचकांक में तेजी लौट आई। वृहत बाजार में बिकवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.26 प्रतिशत गिर गया। इस बीच, आईटी सेक्टर में जबरदस्त तेजी रही और इसका सूचकांक 2.43 प्रतिशत चढ़ा। फार्मा, स्वास्थ्य और निजी बैंकों के समूहों में भी बढ़त रही। सार्वजनिक बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस, धातु और मीडिया समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत और इंफोसिस का दो प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में बंद हुआ। भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत तक चढ़े।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल लेवल पर सोने की कीमत में आ रही गिरावट का असर भारतीय सर्राफा बाजार में भी देखने को मिल रहा है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 18 मई को घरेलू बाजार में सोना-चांदी के दाम गिरे हैं। हालांकि 24 कैरेट गोल्ड का रेट अभी भी 1 लाख 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार है। वहीं चांदी की कीमत भी अब गिरावट के साथ 2 लाख 66 हजार रुपये प्रति किलो तक आ गई है। सोना 2026 में अब तक 24 हजार रुपए और चांदी 37 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.58 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.67 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# चावल, गेहूं में तेजी, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गई। चीनी में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 35 रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,777 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 55 रुपये और मसूर दाल की 52 रुपये प्रति क्विंटल



बढ़ गई। वहीं मूंग दाल 39 रुपये और उड़द दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 96 रिंगिट चढ़कर 4,533 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 75.15 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये और सूरजमुखी तेल 10 रुपये महंगा हुआ। वहीं सोया तेल 47 रुपये और सरसों तेल 21 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति 20 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी नौ रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7669.53 रुपये, मसूर काली 8132.17 रुपये, मूंग दाल 10147.02 रुपये, उड़द दाल 10830.41 रुपये, तुअर दाल 11254.88 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
– HEALTH WITH CARE –
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# सहारनपुर में गर्मी से बढ़ी मिट्टी के बर्तनों की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर और आस-पास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही पारंपरिक मिट्टी के घड़ों और सुराहियों की मांग में भारी उछाल आया है।

आधुनिक रेफ्रिजरेटरों के युग में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों में 'गरीबों के फ्रिज' कहे जाने वाले इन मिट्टी के बर्तनों का आकर्षण सिर चढ़कर बोल रहा है। इस बार बाजार में पारंपरिक गोल घड़ों के अलावा विशेष रूप से तैयार की गई सुराहीदार बोतलें और टोंटी वाले घड़े (टैप मटका) ग्राहकों की पहली पसंद बने हुए हैं। जिले के कुम्हारों (मृत्तिका शिल्पियों) ने बदलते समय के साथ अपने उत्पादों में आधुनिक बदलाव किए हैं, जिससे इनकी मांग शहरी इलाकों में भी तेजी से बढ़ी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है मिट्टी के इस बढ़ते कारोबार से स्थानीय चाक शिल्पियों के चेहरे खिले हुए हैं। हालांकि कुम्हारों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें मिट्टी खनन के लिए सुलभ स्थान और आधुनिक टूल-किट उपलब्ध कराए जाएं, ताकि इस पारंपरिक कुटीर उद्योग को और बढ़ावा मिल सके और सहारनपुर की यह अनूठी कला जीवित रह सके। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मिट्टी के बर्तनों के दाम में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण उपयुक्त मिट्टी की कमी, परिवहन लागत में बढ़ोतरी और ईंधन (भट्ठी सुलगाने की सामग्री) के दामों में हुआ इजाफा है। इसके बावजूद, सहारनपुर के कोर्ट रोड, अंबाला रोड और चिलकाना क्षेत्र के बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है।

# चुनाव बाद महंगाई बढ़ाकर गरीबों को चोट पहुंचाते हैं पीएम मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव तक महंगाई और कीमतों से जुड़ी वास्तविक स्थिति छिपाते हैं और चुनाव खत्म होते ही गरीबों को नुकसान पहुंचाने वाले फैसले लेते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है और इसका सबसे अधिक खामियाजा देश के गरीब तथा आम लोगों को झेलना पड़ रहा है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाते तो भाजपा को इसका बड़ा



राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता। इसी कारण सरकार ने चुनाव तक सभी बातों को देश से छिपाकर रखा लेकिन चुनाव समाप्त होते ही कीमतों में बढ़ोतरी कर दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार और मोदी में दूरदर्शिता की कमी है और उनकी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे गरीबों को वे जरूरी चीजें भी नहीं मिल पा रही हैं, जिनके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी।

### खड़गे ने परमाणु परीक्षण की 52वीं वर्षगांठ पर इंदिरा गांधी को याद कर किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत के पहले परमाणु परीक्षण 'स्माइलिंग बुद्धा' की 52वीं वर्षगांठ पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साहसिक, सशक्त और दूरदर्शी निर्णय को याद करते हुए कहा है कि इंदिरा गांधी के इसी ऐतिहासिक फैसले ने देश को आत्मनिर्भरता, रणनीतिक क्षमता और राजनीतिक मजबूती की दिशा में आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया था। खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 52 वर्ष पहले भारत ने 'स्माइलिग बुद्धा' कोड नाम से अपना पहला परमाणु परीक्षण किया था।

### पेपर लीक से युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़: सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचि. चव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने नीट 2026 पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश का परीक्षा तंत्र पूरी तरह से शिक्षा माफिया के सामने समर्पण कर चुका है और मेधावी छात्रों के भविष्य की 'सरेआम नीलामी' हो रही है। सुरजेवाला ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले एक दशक में कई बड़े परीक्षा घोटाले सामने आए हैं, जिनमें 2013 का व्यापम घोटाला, 2018 एसएससी घोटाला, 2021 यूपी -टेट घोटाला, रीट घोटाला, 2022 बीपीएससी घोटाला और 2024 यूजीसी -नीट घोटाला शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने साबित कर दिया है कि पेपर लीक अब केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि व्यवस्था का 'नया सामान्य स्वरूप' बन चुका है।

# बांदा को साजिश की तहत खत्म कर रही भाजपा सरकार: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बांदा में कथित अवैध खनन को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। 'बांदावासियों' के नाम जारी एक भावुक अपील में उन्होंने कहा कि निर्मम उत्खनन के कारण बांदा को साजिशन खत्म किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर शोषण-दोहन यूं ही जारी रहा, तो एक दिन दुनिया कहेगी: एक था बांदा।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज की धन लोभी भाजपा सरकार और उनके पालित-पोषित लालची ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे उत्खनन से बांदा मिटाया जा रहा है और दूसरी जगहों को बसाया जा रहा है। इस 'प्राकृतिक उत्पीड़न' के कारण स्थानीय पैदावार चक्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सपा प्रमुख ने कहा कि काम-कारोबार की कमी से लोग पलायन कर रहे



हैं। इससे बांदा 'प्राकृतिक पलायन' का शिकार हो रहा है। इसका असर यह हुआ है कि बांदा की हर संपत्ति का मूल्य घट रहा है और मान भी। सपा प्रमुख ने बांदा के प्राकृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व ऐतिहा. सिक गौरव और पर्यटन को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक, पत्रकार, पर्यावरण संरक्षक, छात्र-युवा संगठन, महिला शक्ति, सांस्कृतिक- साहित्यिक आंदोलनकारी व सामाजिक सरो. कारों से जुड़ी हस्तियां, क्लब और सोसाइटियां राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हों। अखिलेश ने चेताया कि अगर अभी सक्रिय नहीं हुए तो पर्यावरण के नक्शे पर बांदा कहीं नहीं दिखेगा।

# ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हुई आप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और गोवा में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि विपक्षी दलों को डराने और उनकी राजनीतिक गतिविधियों को रोकने के लिए ईडी, सीबीआई और अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल में ईडी और सीबीआई को "हथियार" बनाकर इस्तेमाल किया, उसी तरह अब पंजाब और गोवा में भी एजेंसियों के जरिए राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है।

आतिशी ने कहा कि गोवा में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और इसी वजह से बीजेपी ने अपने "वफादार एजेंट" ईडी को वहां भेजा है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के गोवा सह-प्रभारी दीपक सिंगला के आवास समेत गोवा में कई पार्टी स्वयंसेवकों के घरों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। आतिशी का आरोप है कि यह कार्रवाई सिर्फ कार्यकर्ताओं को डराने के लिए नहीं बल्कि पार्टी के संगठनात्मक डेटा और रणनीति हासिल करने की कोशिश भी है। वहीं, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी नेताओं को चुनाव जीतने से रोकने के लिए ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का इस्तेमाल अपने "पर्सनल गुंडों" की तरह कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इन एजेंसियों के सहारे राजनीतिक विरोधियों को परेशान किया जा सकता है, लेकिन देश की गिरती अर्थव्यवस्था और रुपए की कमजोर होती स्थिति को नहीं संभाला जा सकता। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए।

## दिल्ली में आप नेताओं के यहां छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में सोमवार को आम आदमी पार्टी नेता दीपक सिंगला और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली और गोवा में छापेमारी की जा रही है। सिंगला दिल्ली की विश्वास नगर विधानसभा सीट से आप के उम्मीदवार रहे हैं। 2024 में भी जांच के तहत ईडी ने उनके घर पर छापा मारा था। सिंगला से इस संबंध में तत्काल संपर्क नहीं हो सका। एक अन्य मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने निवेश धोखाधड़ी के जरिए कुछ व्यक्तियों से कथित तौर पर 180 करोड़ रुपये की ठगी के सिलसिले में भी छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि जांच के तहत दिल्ली के सुभाष नगर स्थित बाबाजी फाइनेंस ग्रुप के राम सिंह नामक व्यक्ति के परिसर पर छापा मारा गया।

# मुख्यमंत्री ने 'मेट्रो मंडे' से दिया जनभागीदारी का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'मेरा भारत, मेरा योगदान' जन-अभियान के अंतर्गत शुरू की गई 'मेट्रो मंडे' पहल में भाग लेते हुए सार्वजनिक परिवहन, ईंधन संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक भागीदारी का संदेश दिया। मुख्यमंत्री की अपील पर दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों व सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने कार्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो रेल व दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों का उपयोग किया।

मुख्यमंत्री ने अपने दिन की शुरुआत जनभागीदारी के संदेश के साथ की। वह अपने आवास से लोक निवास में उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के लिए पैदल पहुंचीं। इसके बाद



मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक कार के माध्यम से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की और वहां से आईटीओ मेट्रो स्टेशन तक दिल्ली मेट्रो सेवा का उपयोग किया। आईटीओ मेट्रो स्टेशन पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय दिल्ली सचिवालय तक जाने के लिए फीडर बस सेवा का उपयोग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और रविन्द्र इंद्राज भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को यह संदेश देना है कि राष्ट्रहित में किया गया छोटा-सा प्रयास भी देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक संतुलन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने की जो अपील की गई है, दिल्ली सरकार उसे जन-अभियान के रूप में आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि 'मेट्रो मंडे' उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से लोगों को सप्ताह में कम-से-कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सरकारी स्तर पर भी कई बड़े कदम उठा रही है। इनमें सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था, सरकारी वाहनों के उपयोग में कटौती, ऑनलाइन बैठकों को बढ़ावा तथा सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग जैसी पहल शामिल हैं।

# सिरसा ने राजौरी गार्डन क्षेत्र में विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कैबिनेट मंत्री और राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन विधान सभा क्षेत्र में लगभग 7.5 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों में रेडी-मिक्स कंक्रीट सड़क, सीवेज और पानी की पाइपलाइन से संबंधित कार्य, सामुदायिक केंद्र और पांच सार्वजनिक पार्कों का नवीनीकरण शामिल है। मंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं सड़क कनेक्टिविटी, स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति में महत्वपूर्ण सुधार लाएंगी, और साथ ही निवासियों के लिए एक स्वच्छ और बेहतर शहरी व्यवस्था का निर्माण करेंगी।

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि, "लगभग 7.5 करोड़ रुपये के विकास कार्यों से राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छता और सौंदर्यीकरण बढ़ेगा तथा नागरिक सुविधाएं और अधिक मजबूत होगा।" सिरसा ने विकास कार्यों से संबंधित परियोजनाओं के लिए धनराशि आवंटित करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता के प्रति भी आभार व्यक्त किया। मंत्री ने कहा, "मुख्यमंत्री का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ कि उन्होंने राजौरी गार्डन में विकास कार्यों के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस राशि का उपयोग सड़कों, सीवेज लाइनों, पानी की पाइपलाइनों, स्ट्रीट लाइटिंग और नागरिकों के लाभ के लिए कई अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में किया जाएगा।"



**कैबिनेट मंत्री और राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा राजौरी गार्डन विधान सभा क्षेत्र में लगभग 7.5 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए।**

## एक नजर

### आबकारी घोटाला मामले में न्यायमूर्ति मनोज जैन करेंगे सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी घोटाला मामले की सुनवाई अब न्यायमूर्ति मनोज जैन करेंगे। पिछले सप्ताह हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा ने तकनीकी आधार पर मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया था। न्यायमूर्ति शर्मा के हटाने के बाद मामले को दोबारा मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा गया था, जहां से यह मामला न्यायमूर्ति मनोज जैन को सौंपा गया है।

उधर, आबकारी मामले से जुड़े कंटेंप्ट केस की सुनवाई मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट की डबल बेंच करेगी। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की खंडपीठ कंटेंप्ट पिटिशन की सुनवाई करेगी। अरविंद केजरीवाल सिसोदिया संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज समेत कई लोगों के खिलाफ न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा ने कंटेंप्ट नोट लिया था। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे आबकारी नीति मामले के कुछ बरी किए गए आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया पर उनके और अदालत के खिलाफ की गई अत्यंत अपमानजनक, मानहानिकारक और घृणित टिप्पणियों पर चुप नहीं रह सकती हैं। न्यायमूर्ति ने स्पष्ट कहा कि मेरे संज्ञान में आया है कि कुछ प्रत्यर्थी मेरे खिलाफ और इस अदालत के खिलाफ बेहद घृणित, अवमाननापूर्ण और मानहानिकारक सामग्री पोस्ट कर रहे हैं। मैं चुप नहीं रह सकती। मैंने कुछ प्रत्यर्थियों और अन्य अवमाननाकर्ताओं के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का फैसला कर लिया है।

### महापौर प्रवेश वाही ने करोल बाग जोन में किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर, प्रवेश वाही ने आज करोल बाग जोन में सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद श्री मनीष चड्ढा, करोल बाग जोन के उपायुक्त श्री दिलखुश मीणा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। भीषण गर्मी के बावजूद महापौर लगातार दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान महापौर ने राजगुरु रोड स्थित चूना मंडी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से अपील की कि वे क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखने में निगम का सहयोग करां तथा कूड़ा सड़क पर फेंकने के बजाय निर्धारित कूड़ेदानों में ही डालें। महापौर ने क्षेत्रीय नागरिकों से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उन पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महापौर प्रवेश वाही ने स्वयं सड़क पर पड़ा कूड़ा उठाकर कूड़ेदान में डाला और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने सफाई कर्मियों के साथ मिलकर झाड़ू भी लगाई। महापौर ने कहा कि स्वच्छ दिल्ली के निर्माण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### विधायक गजेंद्र यादव ने गिनाए विकास कार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महरौली विधानसभा क्षेत्र में पिछले सवा साल के दौरान विकास कार्यों की रफ्तार ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। क्षेत्रीय विधायक गजेंद्र यादव ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासवादी सोच और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में महरौली में जमीनी स्तर पर ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी का मार्गदर्शन क्षेत्र के हर कोने में दिखाई दे रहा है। विधायक ने बताया कि 15 कॉलोनियों में कुएं तैयार करने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ा है। कई दर्जन सुरक्षा द्वार और पानी के नलकूप लगाकर लोगों को राहत दी गई है।

## नेता सदन जय भगवान यादव ने की सार्वजनिक वाहन से यात्रा

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति सदस्य नेता सदन जय भगवान यादव ने सार्वजनिक परिवहन को अपनाते हुए ई-रिक्शा और मेट्रो से यात्रा की। इस बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी आह्वान एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के "मेट्रो मंडे" अभियान से प्रेरित होकर आज मैंने भी सार्वजनिक परिवहन को अपनाते हुए ई-रिक्शा और मेट्रो से यात्रा की। उन्होंने बताया कि मैं अपने घर से कार्यालय के लिए निजी वाहन छोड़कर पहले ई-रिक्शा से निकला और फिर रिठाला मेट्रो स्टेशन से नई दिल्ली होते हुए नगर निगम मुख्यालय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर पहुँचा।

# 'आओ स्कूल चले हम' के तहत दस्तावेज बनवाने की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी जिला विकास समिति द्वारा "आओ स्कूल चले हम" अभियान के तहत रोहतास नगर विधानसभा स्थित मूर्तिकार बस्ती अशोक नगर एवं लाल बाग झुग्गी बस्ती में ऐसे बच्चों को चिन्हित किया गया, जो दस्तावेजों के अभाव में स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

मौके पर ही इन बच्चों के आवश्यक दस्तावेज बनवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। उल्लेखनीय है कि स्कूल प्रवेश के लिए आधार कार्ड आवश्यक होता है, लेकिन बिना जन्म प्रमाणपत्र के आधार




कार्ड नहीं बन पाता। इन दोनों बस्तियों में ऐसे 116 बच्चों की पहचान की गई, जिनके पास किसी कारणवश जन्म प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं था। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों की भी काउंसलिंग की गई और उन्हें बच्चों की शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इन बच्चों की आंखों में पढ़ने और आगे बढ़ने का उत्साह साफ दिखाई देता है। यह बच्चे भी पढ़-लिखकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं।

# इहबास में यूएसए प्रतिनिधियों के साथ चिकित्सीय अनुभव सांझा किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमरीका की एजेंसी सब्सटेंस एब्यूज एंड मेंटल हेल्थ सर्विसेज एडमिनिस्ट्रेशन का एक प्रतिनिधि मंडल शाहदरा डिस्ट्रिक में स्थित इहबास हॉस्पिटल पहुंचा, जिनकी मेजबानी इहबास डायरेक्टर राजेंद्र कुमार धमीजा ने की स यूएसए की यह एजेंसी अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) के अंतर्गत आती है जो व्यवहारिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के प्रयासों का नेतृत्व करती है। इसकी स्थापना 1992 में की गई थी। यह एजेंसी अमेरिका में मानसिक स्वास्थ्य और नशीली दवाओं (मादक द्रव्यों) के सेवन से जुड़ी समस्याओं को रोकने और उनके उपचार के लिए समर्पित है। मानसिक विकारों से पीड़ित लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना, शराब और अन्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकना और समाज पर इसके दुष्प्रभावों को कम करना, नशे की लत से जूझ रहे लोगों को प्रभावी और साक्ष्य-आधारित उपचार प्राप्त करने में मदद करना है।

इहबास में हुई मीटिंग में प्रतिनिधियों ओर इहबास के डॉक्टर्स के बीच चिकित्सीय अनुभव सांझा करने के साथ मेंटल हैल्थ ओर नशे से बचाव को लेकर चर्चा हुई।



**परिवहन मंत्री विकासपुरी से लेकर डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस से सफर करते हुए।**

# एमसीडी की मेंटेनेंस वैन में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर सोमवार दोपहर एमसीडी की सफाई करने वाली मेंटेनेंस वैन में अचानक आग लग गई। सड़क सफाई के दौरान लगी आग ने कुछ ही देर में पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद फ्लाईओवर पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार करीब तीन बजे की है। एमसीडी की सफाई गाड़ी



फ्लाईओवर पर सड़क सफाई के काम में लगी हुई थी, तभी अचानक गाड़ी के इंजन से धुआं निकलना शुरू हुआ। देखते ही देखते आग तेज हो गई और गाड़ी का अगला हिस्सा जलने लगा। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत गाड़ी से उतरकर अपनी जान बचाई और दमकल विभाग को सूचना दी।

# जीटीबी अस्पताल में अव्यवस्था से जनता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जीटीबी अस्पताल में सोमवार को कई खामियां नजर आई, भूतल पर कमरा न-32 के सामने बने महिला शौचालय को ताला लगाया हुआ है जिस वजह से महिलाएं पास में स्थित पुरुष शौचालय में जाने को मजबूर है, स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है।

पुरुष शौचालय के बाहर महिलाएं, पुरुषों के साथ लाइन लगाकर अपनी बारी आने का इन्तजार कर रही थीं और असहज महसूस कर रही थी स पुरुषो के साथ लाइन में खड़ी रेखा ने बताया की महिला शौचालय बंद होने से काफी परेशानी हो रही है हमे एमरजेंसी की स्थिति में लघुशंका के लिए पुरुषो के शौचालय में




जाना पड़ रहा है जिससे हम असहज महसूस कर रही है स वहीं एमरजेंसी के पास स्थित लिफ्ट कई दिनों से खराब है स

इस गर्मी के मौसम में मरीजों के लिए परेशानी का सबब पर्ची काउंटरो के पास स्थित वाटर कूलर का बंद होना है, जिसके पानी के पाइप टूटे हुए थे साफ नजर आ रहा था कि काफी समय से यह वाटर कूलर बंद पड़ा है, वहां मौजूद गार्ड का कहना था कि कोई इसका पाइप तोड़कर ले गया जिस वजह से इसमें पानी नहीं आता,यह काफी दिन से बंद पड़ा है।

## लूट का विरोध करने पर युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के सीमापुरी थाना क्षेत्र एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या का मामला सामने आया है, युवक की हत्या लूट का विरोध करने पर की गयी थी स फिलहाल इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक की पहचान जीशान (21) वर्ष के रूप में हुई है, वह ताहिरपुर लाल बत्ती के पास झुग्गियों में रहता था, ओर प्राइवेट काम करता था स मृतक के रिश्तेदार सलीम ने बताया जीशान शनिवार की रात खाना लेने घर से निकला था जब वह काफी समय तक वापस नहीं लौटा, तब पता करने पर किसी ने बताया कि वह सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा।

# गोयल ने लांच किया भारतीय व्यापार महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज भारत मंडपम, प्रगति मैदान में कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर(कैट) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय व्यापार महोत्सव (बीवीएम) की आधिकारिक वेबसाइट को लांच किया।

भारतीय व्यापार महोत्सव का संयुक्त आयोजन आईटीपीओ एवं कैट द्वारा 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत वैश्विक बाजार में एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और देश का व्यापार तेजी से प्रगति कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी, उद्योग जगत, एमएसएमई , स्टार्टअप्स और उद्यमी मिलकर कार्य करें तो भारत 1 ट्रिलियन डॉलर निर्यात के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर सांसद एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि श्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक आर्थिक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान बच्चों को लेकर पहुंचे डीएम कार्यालय, मासूम सवालों ने जीता सबका दिल

# डीएम रविन्द्र मांदड़ ने बच्चों संग बिताए यादगार पल, दिया सफलता का मंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोबाइल और इंटरनेट के दौर में जहां आज की युवा पीढ़ी और बच्चे आभासी दुनिया में उलझते जा रहे हैं, वहीं कुछ बच्चे आज भी ज्ञान, समझ और प्रशासनिक व्यवस्था को जानने की उत्सुकता रखते हैं।

ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला जब विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान के नातिन नव्या, मिस्टी और पोतो वियान शर्मा, अयान शर्मा ने उनसे सवाल किया 'डीएम क्या होता है?' जैसा सवाल पूछ लिया।



बच्चों की मासूम जिज्ञासा को गंभीरता से लेते हुए ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान ने उन्हें बेहद सरल भाषा में समझाया कि डीएम यानी जिलाधिकारी जिले का सबसे बड़ा प्रशासनिक अधिकारी होता है, जो पूरे जिले की व्यवस्था संभालता है। लेकिन बच्चों की उत्सुकता यहीं शांत नहीं हुई। उन्होंने तुरंत जिलाधिकारी से मिलने की इच्छा जता दी।

बच्चों की इस मासूम जिद को पूरा करने के लिए ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान उन्हें सीधे जिलाधिकारी कार्यालय लेकर पहुंचे। जैसे ही जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ को पता चला कि कुछ छोटे बच्चे उनसे मिलने आए हैं, उन्होंने तुरंत अपने कार्यालय में बुलाया और बड़े स्नेह के साथ उनका स्वागत किया।

बच्चों ने जिलाधिकारी को गुलाब का फूल भेंट कर उनसे कई रोचक सवाल पूछे। जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ ने भी बच्चों के हर सवाल का बेहद सहज और आत्मीयता से जवाब दिया। बातचीत के दौरान जब जिलाधिकारी ने बच्चों से पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं, तो बच्चों ने उत्साह से कहा कि हम भी आपकी तरह बड़े अधिकारी बनेंगे। मासूम बच्चों के सपनों और उत्साह को देखकर वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो उठे।

इस अवसर पर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के मन में अच्छे संस्कार और बड़े सपने जगाना ही समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह मुलाकात न सिर्फ बच्चों के लिए यादगार बनी, बल्कि यह संदेश भी दे गई कि सही मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलने पर आज की पीढ़ी देश का भविष्य बदल सकती है।

## वार्ड 55 में विकास कार्यों का किया गया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वार्ड 55 के पार्षद संतोष राणा ने बताया कि गढ़वाली पार्क में क्षेत्रवासियों एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति में पार्क के सौन्दर्यीकरण, साइड पटरी निर्माण एवं दीवार पर दाना लगवाने के विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ कराया गया। यह कार्य क्षेत्र की सुंदरता, स्वच्छता एवं आमजन की सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए मेयर सुनीता दयाल एवं विधायक संजीव शर्मा का हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार।



## एसडीएम ने की एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उपजिलाधिकारी मोदीनगर की अध्यक्षता में तहसील मोदीनगर जनपद गाजियाबाद के राजस्व ग्रामों में ग्राम पंचायत/सार्वजनिक भूमि/सम्पत्ति से अतिक्रमण हटाने व भूमाफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु तहसील स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गयी जिसमें सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा.निर्देश दिये गये। शासकीय भूमि को चिन्हिंकन कर सूची तैयार कराकर कार्यवाही कराये तथा भूमि पर कब्जा है या नहीं उस पर कार्यवाही की गयी है तो उसकी सूचना से भी अवगत कराये। उक्त बैठक में तहसीलदार मोदीनगर, क्षेत्रीय वनाधिकाारी मोदीनगर, नायब तहसीलदार मोदीनगर, सहायक अभियन्ता, सिंचाई गंग नहर मेरठ खण्ड मेरठ तथा प्रभार निरीक्षक थाना भोजपुर/ निवाडी/ मुरादनगर/ मोदीनगर उपस्थित रहे।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में प्रोजेक्ट एक्पो का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा 'प्रोजेक्ट एक्सपो 2026' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी विकास को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी, डिजिटल इनोवेशन एवं क्रिएटिव थिंकिंग जैसे आधुनिक विषयों पर आधारित परियोजनाएं प्रस्तुत की गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ सेमिनार हॉल में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. नेहा कनोडिया का स्वागत किया गया। साथ ही, निर्णायक मंडल के रूप में सुजीत कुमार (सीनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर एवं क्वालिटी एश्योरेंस लीड, कंट कैम टेक्नोलॉजीज, नोएडा) एवं अखिलेश कुमार (टेक्निकल मैनेजर, एक्सेंचर टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस, नोएडा) उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, प्रो-चांसलर (एडमिन) पियूष श्रीवास्तव एवं वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार का मार्गदर्शन एवं प्रेरणा भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुई। डॉ. गवेंद्र सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर एवं आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर) ने स्वागत भाषण देते हुए छात्रों को प्रेरित किया और व्यावहारिक शिक्षा एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रतिभागियों को उनके निर्धारित लेब्स आवंटित किए गए। प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट्स की तैयारी की और निर्णायकों के समक्ष प्रस्तुत किया। निर्णायकों ने प्रत्येक प्रोजेक्ट का मूल्यांकन नवाचार, प्रस्तुति, प्रोजेक्ट की स्थिति एवं डिजाइन के आधार पर किया।

इस प्रतियोगिता में 'टीम NEXT" ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें शिवम (बी. टेक प्रथम वर्ष, SDEC), हिमानी, इशरत एवं हिमांशु (बी.टेक प्रथम वर्ष, ैम्) शामिल रहे। विजेता टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रो. डॉ. नेहा कनोडिया द्वारा ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं 5000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं निर्णायकों के महत्वपूर्ण सुझावों के साथ हुआ। 'प्रोजेक्ट एक्सपो 2026' विद्यार्थियों के लिए नवाचार प्रस्तुत करने, तकनीकी कौशल को निखारने एवं रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ।

एचएलएम 14वीं लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स की टूर्नामेंट

# नोएडा वंडर्स ने यूडीसीए क्रिकेट एकेडमी पर 1 विकेट से दर्ज की रोमांचक जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज ग्राउंड पर खेले गए एक बेहद रोमांचक मुकाबले में नोएडा वंडर्स ने यूडीसीए क्रिकेट एकेडमी को मात्र 1 विकेट से हराकर 'HLM 14वीं लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स' के इस हाई-स्कोरिंग मैच को अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूडीसीए क्रिकेट एकेडमी ने 39.1 ओवर में 233 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। कप्तान अर्नव प्रताप सिंह ने महज 65 गेंदों में 16 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 96 रनों की शानदार और आतिशी पारी खेली। इसके अलावा अभय चौधरी (26 रन) और युवराज सिंह तोमर (21 रन) ने भी टीम के स्कोर में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नोएडा वंडर्स की ओर से गेंदबाजी में दक्ष भारद्वाज (क्ठ) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 45 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जबकि आर्यन यादव ने उनका बखूबी साथ देते हुए 2 विकेट अपने नाम किए। जवाब में, नोएडा वंडर्स ने 37.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 234 रन बनाकर लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। टीम के सलामी बल्लेबाज (ओपनर) पुष्कर यादव ने 50 गेंदों में 52 रनों की संयमित पारी खेलकर जीत की नींव रखी, जबकि सैफ खान भामला (45 रन) और कप्तान आर्यन चौहान (40 रन) ने नाजुक मौकों पर पारी को संभाले रखा और टीम को मैच में बनाए रखा। यूडीसीए क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों ने मैच को आखिरी वक्त तक खींचने की पूरी को. शिश की, खासकर अभय चौधरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 38 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके बावजूद, नोएडा वंडर्स ने दबाव के क्षणों में अपना धैर्य बनाए रखा और 1 विकेट से एक यादगार जीत दर्ज की। यह मुक. ाबला बेहतरीन युवा प्रतिभा, प्रतिस्पर्धी भावना और एक बेहद रोमांचक अंत का गवाह बना, जिसने इसे टूर्नामेंट के अब तक के सबसे शानदार मैचों में से एक बना दिया है।



## मोदीनगर में व्यापारी व उसकी पत्नी के साथ पड़ोसी ने की मारपीट, व्यापारी की पत्नी ने दी पुलिस में शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** थाने के समीप ही किताबों की दुकान करने वाले एक व्यापारी की पत्नी ने मोदीनगर थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगो ने उनके व उनके पति के साथ मारपीट की है जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है व उनका एक कुण्डल भी मारपीट के दौरान छीन लिया गया है। महिला प्रीति शर्मा पत्नी संजय शर्मा निवासी कृष्णा नगर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके घर के सामने एक प्लाट में काफी समय से इंटे रखी हुई है जिनमे अक्सर सांप भी घूमते रहते है रविवार कि शाम को इन इटों में साँप को देखकर उन्होंने प्लाट वालो से इस जगह से ईंटो को हटाने का अनुरोध किया, लेकिन उन लोगो ने उनके साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी।




तभी उनके पति संजय दुकान से आ गये तो टोकने पर आरोपी कमल उसकी पत्नी यशोदा व दो बेटों ने मेरे पति को डंडो से पीटना शुरू कर दिया व मुझे भी मारा, प्रीति व संजय ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी की फुटेज भी दिखाई जिसमे उनके साथ मारपीट होती स्पष्ट दिखाई दे रही है, पुलिस ने शिकायत लेकर दोनों को तुरंत मेडिकल करवाने के लिए भेजा व चोट ज्यादा होने पर सोमवार को सरकारी अस्पताल वालो ने मेडिकल के लिए गाजियाबाद रेफर कर दिया है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि शिकायत की जाँच के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। एक व्यापारी के साथ हुई इस मारपीट की घटना पर व्यापार मंडल ने भी आक्रोश जताया है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े हर्षोउल्लास से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** भगवान परशुराम जनकल्याण सेवा समिति (रजि) द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर के महंत राजेश पांडे जी और पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा वह साथ ही अनेक गणमान्य व्यक्तियों द्वारा के साथ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया! जिसका मंच संचालन भगवान परशुराम जन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी पंडित व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित मनोज कौशिक द्वारा किया गया मुख्य अतिथि का स्वागत समिति के राष्ट्रीय सचिव पंडित अरुण शर्मा उप सचिव सचिन शर्मा व कोषाध्यक्ष पंडित राजेशेंद्र शर्मा जी द्वारा माला वह पटका पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि जी महाराज द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित अभिषेक मिश्र (पूर्व कैबिनेट मंत्री, राष्ट्रीय प्रवक्ता/ सचिव) कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर सूरज स्वरूप मुनि जी महाराज( पीठाधीश्वर परशुराम धाम पुरा महादेव) चंद शर्मा (सदस्य विधान परिषद )पंडित अमरपाल शर्मा (पूर्व विधायक साहिबाबाद) पंडित संजीव शर्मा ( सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) पंडित मुकेश प्रमुख जी पं राजेंद्र शर्मा (पूर्व विधायक /राष्ट्रीय महासचिव) उपस्थित रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अभिषेक मिश्र ने कहा कि यह जो कार्यक्रम है फूलों के गुलदस्ते की तरह है जिस प्रकार भिन्न-भिन्न फूलों को मिलाकर एक गुलदस्ता तैयार होता है उसी प्रकार विभिन्न विभिन्न समाज के लोगों को मिलकर यह कार्यक्रम किया गया है इसमें भगवान परशुराम जन्म कल्याण सेवा समिति बधाई के पात्र है प्रोफेसर अभिषेक मिश्र ने कहा कि इस समिति को विश्वास दिलाता हू कि जब भी समाज को मेरी जरूरत होगी मैं समाज के साथ खड़ा रहूंगा उसके बाद एमएलसी पंडित चंद शर्मा जी ने कहा कि भगवान परशुराम सर्व समाज के भगवान हैं यह बात भगवान परशुराम जन कल्याण सेवा समिति ने साबित कर दी है कि इस प्रोग्राम में सभी जाति के लोगों को बुलाकर पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा ने कहा कि जब भी ब्राह्मण समाज को कोई भी प्रत्याशी किसी भी पार्टी से चुनाव लड़े समाज के सब लोगो को मिलकर उसको चुनाव लड़ना चाहिए चाहे वह किसी भी पार्टी से क्यों ना हो।



## अधिवक्ता ने लगाया गैस एजेंसी संचालक पर धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील के अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के सचिव नकुल त्यागी ने एक गैस एजेंसी संचालक पर दुर्व्यवहार करने व धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत दी है।

अधिवक्ता नकुल त्यागी ने बताया कि वह अपने चाचा के साथ रोहन गैस एजेंसी कलछिना गये थे गैस कि किताब बनवाने के लिए लेकिन एजेंसी संचालक सुनील त्यागी ने उनसे अभद्रता की व मारने की धमकी दी, नकुल ने पुलिस से शिकायत की है।

## पुन: लगेगी रेलवे स्टेशन पर मेजर आसाराम त्यागी की फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** रेलवे स्टेशन पर पूर्व में स्थापित महावीर चक्र विजेता मेजर आसाराम त्यागी की जीवन परिचय की शिलापट्ट जो स्टेशन के नवीनीकरण के दौरान हटा दी गई थी आज मोदीनगर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान डी आर एम पी आर त्रिपाठी व एस एस शिवकुमार शर्मा से डॉ अरुण त्यागी अध्यक्ष त्यागी समाज के नेतृत्व में शहर के गणमान्य लोगों द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत ही स्वीकृति प्रदान की इस अवसर पर सुभाष शर्मा, हर्ष मालिक, सुधीर त्यागी, सभासद ललित त्यागी केपी त्यागी प्रधान नवीन त्यागी, विशेष त्यागी, प्रशांत त्यागी समेत भारी संख्या में शहर के लोग उपस्थिति रहे।



# मोदीनगर के राशन डीलरों ने लगाया खाद्य अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप

- **राशन डीलरों की सस्था ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के बैनर तले मोदीनगर क्षेत्र के सभी राशन डीलरों ने तहसील में प्रदर्शन कर मोदीनगर विधायक डॉ मंजू सिवाच को ज्ञापन सौंपा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील के अंतर्गत मोदीनगर क्षेत्र के लगभग 50 राशन डीलरों ने क्षेत्र की क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक पर उनका उत्पीड़न करने व अवैध वसूली के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है व कार्यवाही की मांग की है।

राशन डीलरों की सस्था ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के बैनर तले मोदीनगर क्षेत्र के सभी राशन डीलरों ने तहसील में प्रदर्शन कर मोदीनगर विधायक डॉ मंजू सिवाच को ज्ञापन सौंपा, संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन में आरोप लगाया है कि क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी स्वेज पंवार व पूर्ति निरीक्षक दीपा वर्मा द्वारा अलग अलग स्तर पर भिन्न भिन्न प्रकार से राशन डीलरों का उत्पीड़न किया जा रहा है उनसे अवैध रूप से रुपयों की मांग की जा रही है व ऑफिस बुलाकर अनावश्यक नोटिस दिये जा रहे है व एक महिला दुकानदार को जाति सूचक शब्द भी बोले गये है।

साथ ही एक महिला दुक. ानदार के पुत्र द्वारा दुकान पर सहयोग करने पर महिला से उस युवक को अपना पुत्र साबित करने जैसी अनावश्यक मांग कर उत्पीड़न किया जा रहा है, संस्था ने इन दोनों अधिकारियों के हटाने व उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# संजय सिंह के नेतृत्व में आप की पदयात्रा का मोदीनगर में हुआ भव्य स्वागत

हरेंद्र शर्मा के साथ सैकड़ो हुए यात्रा में शामिल, आप पार्टी की रोजगार दो सामाजिक न्याय दो यात्रा का मोदीनगर में किया गया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मेरठ से शुरू होकर गाजियाबाद तक आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो यात्रा का मेरठ से मोदीनगर पहुंचने पर वरिष्ठ समाजसेवी आप पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र मोदीनगर हरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ो लोगो ने भव्य स्वागत किया।



हरेंद्र शर्मा ने बताया कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो यात्रा 16 मई से मेरठ से चलकर 20 को गाजियाबाद पहुंचेगी, सोमवार को मोदीनगर पहुंची इस पदयात्रा का हरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं में मोदीनगर पहु. चने पर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया!

संजय सिंह ने कहा कि रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो यात्रा से शिक्षा का समान अधिकार, स्वास्थ्य का समान अधिकार, जाति धर्म की राजनी. ति का बहिष्कार आदि समस्याओं को प्रमुखता से जनता के सामने रखा जा रहा है। यात्रा में पार्टी को सभी वर्गों का जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सभी वर्गों की सच्ची हितेषी है सबको साथ लेकर आगे चलती है सबका विकास होगा तो निश्चित तौर पर देश का भी विकास होगा। आम आदमी पार्टी जनता की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाती रहेगी। इस मौके पर समा. जसेवी चतरसेन शर्मा राजपाल त्यागी विनोद शर्मा राजेंद्र शर्मा संजीव मलिक मनोज शर्मा रामवीर चौधरी आस मोहम्मद पवन उपाध्याय अश्वनी शर्मा विकास शर्मा प्रदीप प्रजापति संदीप सेन राजन त्यागी सचिन तेवतिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वाहन हटाने को लेकर बातचीत के दौरान की फायरिंग , आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के जाफराबाद थाने की टीम ने फायरिंग के मामले को सुलझाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्टल के साथ छह जिंदा कारतूस बरामद किए हे। आरोपी ने वाहन हटाने के दौरान फायरिंग की थी। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 17. मई को दोपहर के समय, जाफराबाद थाने में फायरिंग की एक घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर, शिकायतकर्ता ने बताया कि 16 मई की रात लगभग 01:30 बजे, वह मजदूरों के साथ मौजपुर में गुर्जर चौक के पास माल उतार रहा था। इसी दौरान, पास में खड़ी अपनी कार से एक व्यक्ति उतरा और उनसे अपना वाहन हटाने को कहा।

बातचीत के दौरान, उस व्यक्ति ने अचानक एक पिस्टल निकाली और गोली चला दी। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इसके बाद,उन्होंने अपना वाहन हटा लिया और मालिक को सूचना दी, जिसने बाद में जाफराबाद थाने को फोन करके मामले की जानक. ारी दी। इसके बाद जाफराबाद थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए, और इएसएचओ जाफराबाद तनवीर अशरफ के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने महत्वपूर्ण सुरागों पर काम किया। जुटाई गई जानकारी के आधार पर, टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान नितिन चौधरी / लाला ( 37 ), के रूप में हुई।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी नितिन / लाला ने अपराध करने की बात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर, एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। विस्तृत सत्यापन पर, यह पाया गया कि वह पहले भी हत्या के प्रयास और चोट पहुंचाने से संबंधित दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

## आबोहवा व सेहत पर डिजिटल पहरेदार रखेंगे नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के लोगों को अपने क्षेत्र की हवा का हाल जानने के लिए मोबाइल एप पर निर्भर नहीं रहना होगा। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति राजधानी में 10 नए वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) स्थापित करने जा रही है। हाईटेक स्टेशन दिल्ली के उन इलाकों में लगाए जाएंगे, जहां प्रदूषण का स्तर अकसर खतरनाक रहता है। डीपीसीसी ने प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। जून के पहले हफ्ते से इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नए स्टेशन में कोई साधारण मशीनें नहीं होंगी। यह हवा में मौजूद धूल के बारीक कणों (पीएम2.5 और पीएम10) के साथ-साथ सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, अमोनिया, कार्बन मोनोऑक्साइड और ओजोन जैसी खतरनाक गैसों की भी निगरानी करेंगे। इतना ही नहीं, कैंसर कारक माने जाने वाले बेंजीन, टोल्यूनि और जाइलीन जैसे रसायनों पर भी ये स्टेशन नजर रखेंगे। प्रदूषण के साथ-साथ ये डिजिटल पहरेदार मौसम का मिजाज भी बताएंगे। हवा किस दिशा में बह रही है, उसकी रफ्तार क्या है, तापमान, नमी और बारिश की स्थिति क्या है, इन सबका डाटा हर 15 मिनट में अपडेट होगा। यह डाटा सीधे केंद्रीय सर्वर को भेजा जाएगा, जिससे प्रदूषण के स्रोतों का सटीक पता लगाया जा सकेगा।

# उपराष्ट्रपति ने लिया सिक्किम राज्य स्थापना दिवस समारोह में भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिक्किम ने राज्य स्थापना के 50 गौरवशाली वर्षों के समापन का ऐतिहासिक उत्सव शनिवार को मानन केंद्र, गंगटोक में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की गरिमामयी उपस्थिति में मनाया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री योतिरादित्य एम. सिंधिया, सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग तथा कृष्णा राय उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति ने सिक्किम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह राज्य सामंजस्य, सतत विकास और अनुशासित जीवन का आदर्श है। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है और सिक्किम को उन्होंने "केवल कृषि में ही नहीं, बल्कि चरित्र में भी जैविक" बताया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संबोधन में सिक्किम की विकास यात्रा, जैविक खेती की सफलता और आगामी संपर्क परियोजनाओं की सराहना की।

उन्होंने राज्य को शांति, गौरव और प्रगति का प्रतीक बताया। राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने कहा कि सभी नागरिक मिलकर राज्य को और अधिक स्वच्छ, हरित, समृद्ध बनाएँ और इसे राष्ट्र के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करें। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने अपने संबोधन में सिक्किम के संस्थापक नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की, राज्य की विकास उपलब्धियों को रेखांकित किया और राष्ट्रीय एकता तथा "विकसित भारत 2047" के दृष्टिकोण के प्रति सिक्किम की प्रतिबद्धता को पुन: दोहराया।

## दिल्ली बार काउंसिल चुनाव की मतगणना पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) चुनाव में धांधली के आरोपों के बाद मतगणना पर रोक लगा दी और दिल्ली उच्च न्यायालय को याचिकाओं पर दैनिक आधार पर सुनवाई करने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बीरेंद्र सांगवान और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने मामले को उच्च न्यायालय की खंडपीठ को स्थानांतरित कर दिया और मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया कि वह विवाद की दैनिक सुनवाई के लिए एक विशेष पीठ का गठन करें।

# दिल्ली सचिवालय में सिक्किम दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सचिवालय में सिक्किम दिवस के परिप्रेक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदेश एवं देशवासियों को सिक्किम दिवस की शुभकामनायें दीं।

आयोजन में सिक्किम के लोक नृत्य सिंघी छाम, खम्पा, तामांग सेलो, मास्क डांस की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मन्त्रमुग्ध किया। नृत्य के जरिये प्रकृति एवं देवताओं की आराधना की गई। गीत-संगीत के इस आयोजन में 10 कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सिक्किम प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत उदाहरण है। हिमालय की गोद में स्थित यह राज्य जैविक खेती को पूर्ण रूप से अपनाने वाला भारत का पहला पूर्ण ऑर्गेनिक राज्य है, जिसने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में पूरे देश को नई दिशा दी है। सिक्किम ने सदैव शांति, विकास और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शिक्षा, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सिक्किम का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक है।



दिल्ली सचिवालय में सिक्किम दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।

# प्रदूषण संकट से निपटने को एकजुट हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीएक्यूएम रिसोर्स लैब, जो कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सीएक्यूएम और राहगिरी फाउंडेशन की एक सहयोगी पहल है, ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) के साथ साझेदारी में क्लीन एयर डायलॉग्स के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया।

सीएक्यूएम ने निर्देश जारी किए कि दिल्ली एनसीटी में केवल इलेक्ट्रिक 3-पहिया वाहनों का पंजीकरण होगा।

उद्घाटन सत्र में सीएक्यूएम के सदस्य सचिव तरुण कुमार पिठोडे, आईएएस, ने स्थानीय कार्रवाइयों और कार्यान्वयन पर एक प्रस्तुति दी। सीएक्यूएम के




अध्यक्ष राजेश वर्मा, आईएएस (सेवानिवृत्त), ने नीतिगत मील के पत्थरों और वायु गुणवत्ता की वर्तमान स्थिति को रेखांकित करते हुए संबोधन किया।

उन्होंने कहा कि एनसओीर में वायु प्रदूषण एक जटिल, बहु-क्षेत्रीय चुनौती है। तरुण कुमार पिठोडे ने कहा कि प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण के लिए जमीनी स्तर पर कठोर कार्यान्वयन आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन एक पैनल चर्चा के साथ हुआ, जिसमें एनर्जीवा वेंचर्स की क्लाइमेट पॉलिसी पार्टनर निधि मदान के साथ-साथ सीएक्यूएम नेतृत्व के सदस्य डॉ. विरिंदर शर्मा (सदस्य, तकनीकी) और डॉ. एस.डी. अत्री (सदस्य, तकनीकी) भी शामिल रहे।

## 'मंडे मेट्रो' अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा-बचत की अपील पर दिल्ली सरकार ने 'मंडे मेट्रो' अभियान शुरू किया है। इसके तहत दिल्ली के तमाम अधिकारी मेट्रो से सफर करके कार्यालय पहुंच रहे हैं। वहीं, स्थानीय लोगों ने भी सरकार की इस पहल की जमकर प्रशंसा की है।

पश्चिमी दिल्ली जिले के अधिकारियों ने 'मंडे मेट्रो' अभियान के तहत सार्वजनिक परिवहन को अपनाया। डीएम हरि कलिकट ने एडीएम और एसडीएम के साथ मिलकर मेट्रो और ई-रिक्शा से ऑफिस तक का सफर तय किया, और नागरिकों को भी सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने और ईंधन बचाने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, "दिल्ली सरकार ने एक 'मंडे मेट्रो' अभियान शुरू किया है।

सभी अधिकारी आज मेट्रो से ही कार्यालय पहुंचे हैं। मैं स्वयं मेट्रो के जरिए अपने दफ्तर पहुंचा हूं। पश्चिमी दिल्ली का लगभग पूरा स्टाफ आज मेट्रो के जरिए ही कार्यालय पहुंचा है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि सभी को ऊर्जा बचत के उपायों को अपनाना चाहिए, जिससे देश का भी भला होगा। प्रधानमंत्री मोदी की अपील को सभी लोगों को मानना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 'मंडे मेट्रो' पहल अच्छी है। इसी तरह हफ्ते में एक दिन 'मंडे मेट्रो' अभियान को चलाया जाना चाहिए। मैं सभी को यही संदेश देना चाहता हूं कि हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' होना चाहिए। मेट्रो यात्रियों ने भी दिल्ली सरकार की 'मंडे मेट्रो' पहल का स्वागत किया।

# गोकुलधाम सोसायटी में श्रीमद् भागवत कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 22 स्थित पॉकेट 14 की गोकुलधाम सोसायटी के तत्वाधान में भव्य श्श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरी सोसायटी और आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास और भक्ति का माहौल है।

कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति और स्थानीय श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर गोकुलधाम सोसायटी से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गोकुल धाम सोसायटी के प्रधान



रमेश मलिक ने बताया कि कथा वाचक आचार्य निशांत मिश्रा जी के मुखारबिंद से प्रभु लीला का गुणगान किया जाएगा साथ ही संगीता राठौर जी के द्वारा प्रभु के भजनों से भक्तों को आनंदित करेगी। गोकुलधाम सोसायटी के उपप्रधान राम सागर यादव ने बताया कि कथा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने, पीने के पानी और महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। समिति ने रोहिणी और आसपास के सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अलौकिक कथा रसपान का आनंद लें और पुण्य के भागी बनें।

## वार्ड समितियों के चुनाव अब 3 जून को

**नई दिल्ली।** एमसीडी की वार्ड समितियों के चुनाव अब 23 मई के बजाय 3 जून को होंगे। नगर निगम सचिव कार्यालय की संशोधित अधिसूचना के अनुसार वार्ड समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और स्थायी समिति सदस्य के चुनाव के लिए बैठकें 3 जून को आयोजित की जाएंगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि भी 19 मई से बढ़ाकर 29 मई कर दी गई है। बैठकें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर स्थित हंसराज गुप्ता सभागार और सत्यनारायण सभागार में होंगी। इससे पहले 12 मई को जारी अधिसूचना में चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसमें अब बदलाव किया गया।

# हिट एंड रन में स्कूटी चालक की गिरने व जलने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में एक हिट एंड रन मामले में एक स्कूटी चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज करक जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान आजादपुर मंडी इलाके में रहने वाले आकाश के रूप में हुई है। शनिवार सुबह चार बजकर पांच मिनट पर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि पीरागढ़ी फ्लाईओवर, बाहरी रिंग रोड स्थित होटल के पास एक एक्सिडेंट हुआ है। स्कूटी फिसलने और चालक के सडक पर गिरने से चालक आग की चपेट में आ गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पर क्षतिग्रस्त हालत में स्कूटी खड़ी मिली। पता चला कि घायल चालक को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत चिंताजनक बताई। युवक की पहचान आकाश के रूप में हुई। जिसके परिवार को हादसे की जानकारी दी गई।

## अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी बीएससी छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किशनगढ़ थाना क्षेत्र स्थित अरुणा आसफ अली रोड पर दर्दनाक हादसे में किशनगढ़ गांव की ओर होर्डिंग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बीएससी छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहित के रूप में हुई है। पिता राधे के मुताबिक, रविवार रात तकरीबन आठ बजे वह संजय वन पार्क से टहल कर वापस घर लौट रहा था। अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। किशनगढ़ थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।



एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल सांसद , मनोज तिवारी के साथ सार्वजनिक परिवहन से यात्रा कर नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की पार्किंग शुल्क में 50 प्रतिशित रियायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने आज सांसद मनोज तिवारी के साथ सार्वजनिक परिवहन से यात्रा कर नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस पहल के अंतर्गत कुलजीत सिंह चहल एवं मनोज तिवारी ने पहले साझा ई-रिक्शा से यात्रा कर स्वच्छ एवं सुविधाजनक लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया तथा उसके बाद सेवा तीर्थ से राजीव चौक मेट्रो स्टेशन तक दिल्ली मेट्रो में सफर किया। यात्रा के दौरान उन्होंने मेट्रो यात्रियों से संवाद किया तथा नियमित रूप से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जो ट्रैफिक जाम, ईंधन खपत एवं प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी एवं ऊर्जा संरक्षण स्वच्छ, हरित और सतत भारत के निर्माण के महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के लिए नागरिकों की सामूहिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

# स्कूल दुष्कर्म मामले में आरोपी की जमानत रद्द करने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी स्थित एक निजी स्कूल में इस महीने की शुरुआत में तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी 57 वर्षीय कर्मचारी की जमानत रद्द करने की दिल्ली उच्च न्यायालय से सोमवार को अपील की।

न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने पुलिस की याचिका पर आरोपी ललित कुमार को नोटिस जारी किया। पुलिस ने अपनी याचिका में निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में सात मई को आरोपी को जमानत दी गई थी।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू ने इसे ''गंभीर मामला'' करार दिया और कहा कि आरोपी को इस अपराध के लिए कम से कम 20 साल की कैद की सजा मिलनी चाहिए, लेकिन पीड़िता द्वारा उसे अपराधी के रूप में पहचाने जाने के बावजूद निचली अदालत ने गिरफ्तारी के कुछ ही दिनों के भीतर भी उसे राहत दे दी। एएसजी राजू ने कहा,'' तीन साल की बच्ची ने उसकी पहचान कर लीङ्क सात दिनों के भीतर उसे जमानत मिल गई। यह एक गंभीर मामला है। शिकायत कर्ता के वकील ने बताया कि उन्होंने भी एक याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई मंगलवार को होने की संभावना है। अदालत ने मामले की सुनवाई 29 मई को तय की और आरोपी का पक्ष जानना चाहा। यह घटना एक मई को तब सामने आई जब बच्ची की मां ने जनकपुरी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी ने स्कूल के दौरान उनकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। शिकायत के अनुसार बच्ची स्कूल में दाखिले के दूसरे दिन 30 अप्रैल को स्कूल गई थी।

# ईडी ने किया दीपक सिंगला को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निद. ेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में आम आदमी पार्टी नेता दीपक सिंगला के आवास पर छापा मारा। सोमवार को दिल्ली और गोवा समेत कई ठिकानों पर ईडी की टीमों ने एक साथ छापेमारी की। आप नेता दीपक सिंगला को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की कार्रवाई को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, श्दीपक सिंगला को इसलिए गिरफ्तार नहीं किया कि उसने कोई गलत काम किया है। बल्कि इसलिए गिरफ्तार किया है क्योंकि वो भाजपा के खिलाफ काम कर रहा था और उसने भाजपा में शामिल होने से मना कर दिया। दीपक बहादुर है और देश के लिए लड़ रहा है। ईडी की कार्रवाई को लेकर आप नेता मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, श्ईडी सीबीआई और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को अपने पर्सनल गुंडों की तरह इस्तेमाल करके मोदी जी विपक्ष के नेताओं को चुनाव जीतने से रोक सकते हैं।

# मासूम की मौत के बाद अवैध स्विमिंग पूल को लेकर जनता में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वजीराबाद के जगतपुर गांव में अवैध रूप से संचालित स्विमिंग पूलों की लाप. रवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है।

यहां 100 से 300 रुपये प्रति घंटा शुल्क लेकर कई स्विमिंग पूल चलाए जा रहे हैं। पर, इनमें न प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर हैं, न लाइफगार्ड है, न लाइफ जैकेट और न ही पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम हैं। 10 वर्षीय संस्कार वर्मा की मौत के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संस्कार के पिता नीरज वर्मा ने बताया कि वह दोस्तों के बच्चों के साथ स्विमिंग के लिए गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना सुरक्षा मानकों के अवैध तरीके से स्विमिंग पूल संचालित किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों की जान खतरे में पड़ रही है। परिवार ने निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय निवासी भी बताते हैं कि पूल संचालकों का क्षेत्र में दबदबा है। उनका भी कहना है कि हादसे के बाद उन्होंने लोगों को पूल के आसपास जाने से भी रोका।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इलाके में तीन से चार स्विमिंग पूल अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इन पूलों के लिए बड़े पैमाने पर बोरवेल लगाए गए हैं फिर भी प्रशासन ने आंखें मूंद रखी हैं। लोगों का आरोप है कि प्रशास. निक उदासीनता के कारण लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है। संस्कार की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

पिता नीरज ने बताया कि शनिवार रात काफी आग्रह के बाद उनके दोस्त महेंद्र बच्चों को स्विमिंग के लिए साथ ले जाने को तैयार हुए थे। पहले बच्चों का जाने का कोई कार्यक्रम नहीं था। दोनों बेटों के लिए 500 रुपये शुल्क भी जमा कराया गया था। अब नीरज उसी फैसले को याद कर खुद को कोस रहे हैं।

दिल्ली के वजीराबाद स्थित जगतपुर गांव के मिलन विहार में रविवार सुबह अवैध रूप से चलाए जा रहे स्विमिंग पूल में डूबकर 10 साल के मासूम की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त संस्कार वर्मा (10) के रूप में हुई है। रविवार को सुबह संस्कार छात्रा के एक समूह के साथ निजी स्विमिंग पूल में नहाने के लिए आया था।

इस बीच वह गलती से गहरे पूल में गया और डूब गया। कुछ ही देर बाद बड़े लड़के जब पूल में नहाने के लिए उतरे तो उन्होंने पूल के तली में संस्कार को डूबे हुए देखा। शोर मचाने पर फौरन उसे पूल से निकालकर नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे सिविल लाइंस स्थित ट्रामा सेंटर भेजा गया, वहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के अंतर्गत एसएसई/पीवे/एनडीएलएस खंड में एचएनजेडएम-डीएलआई खंड और एनडीएलएस यार्ड में लूप लाइनों की गहन स्क्रीनिंग और एडीईएन/डीएलआई खंड में एसएसई/पीवे/डीएलआई खंड में डीएलआई यार्ड में 4 गैर-मानक लेआउट के मानक लेआउट को 1 के 10 से 1 के 12 टर्नआउट में परिवर्तित करना। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs 1,49,87,719.46 /- (रुपये एक करोड़ उनचास लाख सत्तासी हजार सात सौ उन्नीस और छियालीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs 2,99,800.00/- (रूपये दो लाख निन्यानवे हजार आठ सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.06.2026 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 29314103 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/20/2026-27/W-3 दिनांक : 18.05.2026 1653/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# पेट्रोल-डीजल महंगाः कांग्रेस का कटोरा प्रदर्शन

## बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस का हल्लाबोल, महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडरों की लगातार बढ़ती कीमतों के विरा. ेध में सोमवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी हापुड़ के संयुक्त तत्वावधान में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। अतरपुरा चौराहा स्थित नेहरू प्रतिमा से शुरू हुआ प्रदर्शन नगरपालिका परिषद होते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा, जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर महंगाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिलाओं और आम नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मोदी तेरे राज में, कटोरा आ गया हाथ में और महंगाई की मार, नहीं सहेगा परिवार जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा। महिलाओं ने हाथों में कटोरा और थाली लेकर विरोध जताया तथा थाली बजाकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के चलते शहर में काफी देर तक राजनीतिक माहौल गर्म रहा और राहगीरों की भीड़ भी प्रदर्शन देखने के लिए रुकती नजर आई।



कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ाकर आम जनता की कमर तोड़ रही है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि का सीधा असर खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं पर पड़ रहा है, जिससे गरीब, मजदूर, किसान, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश का हर वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है। रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और आम आदमी की जेब खाली होती जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जनता को राहत देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर और खाद्य सामग्री के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग का जीना मुश्किल हो गया है। राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाती रहेगी और महंगाई के खिलाफ यह आंदोलन आगे भी लगातार जारी रहेगा। वहीं रश्मि चौधरी ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता महंगाई से त्रस्त हो चुकी है। भाजपा सरकार केवल वादे करती है, लेकिन जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। युवाओं के सामने रोजगार का संकट है और गरीब व्यक्ति दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ती रहेगी। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने, पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस के दाम कम करने और आम जनता को राहत देने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, दीपक कुमार, रईस अन्नू, सुशील कश्यप, सचिन कुमार और एडवोकेट फुरकान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रुपेश पंडित बने भाकियू संघर्ष (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय महासचिव

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के समाज सेवी रुपेश पंडित को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत गुर्जर ने संगठन में राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मनोनित किया है। उनके मनोनयन पर संगठन के पदा. धिकारियों ने खुशी जाहिर की है।

सरनजीत गुर्जर ने बताया कि नगर के दिनेश नगर निवासी रुपेश पंडित पिछले काफी समय से किसानों की समस्या को लेकर अधिकारियों से निस्तारण कराने का काम कर रहे थे। उनके इस सराहनीय कार्य को देखते हुए उनको संगठन में राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मनोनित किया गया है। वहीं रुपेश पंडित ने कहा कि संगठन की ओर से उनको जिस अहम पद पर जिम्मेदारी दी है वह सच्चाई, ईमानदारी और निष्ठा के साथ उस पद पर कार्य करने का काम करेंगे। हमेशा किसानों की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे।

## जनता की शिकायतों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ सख्त रुख अपनाया। रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से आईजीआरएस पोर्टल की लगातार समीक्षा की जाती है और शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के आधार पर ही जनपद की रैंकिंग तय होती है। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब प्रदर्शित हो रही है,



वे तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। शिकायत का समाधान करने से पहले संबंधित शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसे संतुष्ट करना भी अनिवार्य है। इसके बाद ही आख्या रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता बनी रहे और जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण करने के बजाय समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए। शिकायतों के लंबित रहने या गुणवत्ता विहीन निस्तारण पाए जाने पर संबंधित विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक के पार्टस बेचने जा रहे तीन आरोपी चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर से बाइक चोरी कर उसको काटने के बाद पार्टस बिक्री करने के लिए जा रहे तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि रविवार को कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली की नगर से चोरी की गई बाइक को चोर काटने के बाद पार्टस बेचने के लिए जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने गांव दौताई के निकट जाकर वहां से जा रहे तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिए गए । हिरासत में लिए गए आरोपियों का नाम समीर निवासी आदर्श नगर, दानिश निवासी गांव बदरखा, कुलदीप



निवासी गांव बागड़पुर है। आरोपियों के पास से मिले बाइक के पार्टस के संबंध में जानकारी की तो आरोपियों ने बताया कि संबंधित पार्टस उनके द्वारा चोरी की गई बाइक के काटने के बाद निकालने गए है। उनको बेचने के लिए वह जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हत्या करने के प्रयास में हुई सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सेहल में पुरानी रंजिश को लेकर व्यक्ति पर सात लोगों ने जानलेवा हमलाकर व्यक्ति को घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी मनोज ने बताया कि 12 मार्च को उसकी बेटी की शादी थी। शादी के दौरान ग्राम पंचायत की जमीन पर टेंट लगाने व रास्ते में डली ईटों को हटाने को लेकर विपक्षी पड़ोसी जयवीर, प्रदीप और दिग्विजय ने उनके साथ झगड़ा-विवाद किया था। उस दौरान आरोपी पक्ष ने उसको जान से मारने की धमकी दी थी। घर का जिम्मेदार सदस्य होने के कारण उस समय डर गया था। उसी पुरानी रंजिश को मन में रखते हुए दिनांक रविवार की सुबह करीब 10 बजे, जब वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी घात लगाकर बैठे विपक्षी जयवीर, प्रदीप, दिग्विजय अपने तीन चार अज्ञात व्यक्ति के साथ मौके पर पहुंच गया। जो अपने मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए थे, अवैध तमंचे व धारदार हथियारों से लैस होकर एकराय होकर वहां आए। उक्त सभी उसको जबरन बंधक बनाकर खेत से जान से मारने की नीयत से उठाकर बनी सिंह के आम के बाग में ले गए। वहां सभी ने एकराय होकर उसको नुकीले व धारदार हथियारों व लाठी डण्डो से जानलेवा हमला कर दिया। इसी बीच प्रदीप गोली मारने के लिए कहा। उस समय मृत समझकर मौके से भाग गए। इसके बाद जयवीर, प्रदीप और दिग्विजय अपने साथियों के साथ अवैध असलहा लहराते हुए उसके घर में जबरन घुस गए और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने लगे। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गंदूनगला में हुई तीन घरो में चोरी के मामले में हुई रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव गंदूनगला में तीन घरों में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आस पास में पहुंचकर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

बता दें कि शनिवार की रात को गांव निवासी किसान सचिन, संदीप, और अमरपाल खाना खाने के अपने अपने घरों में सो गए थे। देर रात को तीनों के घरों में चोर घुस आए। चोरों ने सचिन के घर से करीब डेढ़ लाख की नकदी, लाखों के जेवर, संदीप के घर से एक लाख 60 हजार की नकदी और जेवर जबकि अमर पाल के घर से चांदी की पाजेब चोरी कर ले गए। नींद से सुबह करीब चार बजे परिवार के लोग उठे तो उनको मामले की जानकारी हो सकी। पीड़ित संदीप ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महिला पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप, महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव मानक चौक में युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में मृतक के भाई ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव मानक चौक निवासी रविंद्र सिंह ने बताया कि दिनांक 16 मई को समय करीब 2 बजे वह अपने घर पर था। तभी उसको अपनी मां व बच्चो के चिल्लाने की आवाज आई। उसने अपनी मां व बच्चो के चिल्लाने की आवा सुनी तो वह अपने मां के कमरे की दौड़ पड़ा। वहां जाकर देखा उसकी मां अपने कमरे के बराबर वाले कमरे की खिड़की पर रो-रोकर कह रही थी मेरे लड़के को बचाओ। उसने खिडकी से झांककर देखा तो कमरे के अंदर उसका भाई राजीव फंदे पर लटका हुआ था और एक महिला कमरे में थी। उसने गेट खोलने को कहा तो महिला कहने लगी जब तक ये मर नही जाता मैं गेट नही खोलूंगी। प्रार्थी ने गेट तोडने का प्रयास किया तो अंदर मोजूद महिला गेट खोलकर भागने लगी।उसके भतीजे कुनाल आदि ने इस महिला को पकड लिया। उसके बाद राजीव को फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पर डाक्टर ने राजीव को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसकी मां ने बताया की ये महिला राजीव को सुबह से धमका री थी कि तू मर जा अन्यथा तुझे बदनाम कर दूंगी। इस महिला से इसका नाम पता पूछा तो इसने अपना नाम आरती शर्मा निवासी स्वर्ग आश्रम रोड हापुड बताया। इस महिला ने ही मेरे भाई को मरने के लिए उकसाया है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### दो माह पहले किया था प्रेम विवाह (कोर्ट मैरिज), दहेज की मांग करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर निवासी एक महिला ने कोर्ट मैरिज के दो माह बाद ही पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला निवासी दीपिक ने बताया कि उसने अपनी मर्जी से सौरव निवासी आदर्श नगर के साथ 11 मार्च को कोर्ट मेरिज कर लिया था। उसके बाद 10 दिन बीतने के बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने उसको दहेज लिए प्रताड़ित करते हुए मारपीट करते हुए दहेज की मांग करने लगे। उसने दहेज को लेकर मना किया तो उसके बाद उसका देवर गौरव भी मारपीट करता था। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवती (छात्रा) से दुष्कर्म करने के आरोप में अल्ट्रासाउंड संचालक पर हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी बीए की छात्र ने अल्ट्रासाउंड संच. ालक पर कोल्डड्रिंक में नशीला पेय पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने उससे कोर्ट मैरिज करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी रजिस्ट्री आफिस से भाग गया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी युवती ने बताया कि वह नगर के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर काम करती थी। वहां पर उसके अलावा संचालक और दो लोग भी काम करते थे। एक दिन सेंटर पर संचालक और वह दोनों ही थे। तभी संचालक ने उसको कोल्डड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ पिला दिया। उसके पीने के बाद वह बेहोश हो गई, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो ओर फोटो बना लिए। उसके बाद आरोपी ने उसको शादी का झांसा देकर समय समय पर दुष्कर्म किया। पीड़ित ने बताया कि पिछले दिनों उसने शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने मना कर दिया। उसने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन आरोपी ने उससे शादी करने की बात कहीं, जिसके बाद वह कोर्ट में शादी करने के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपी वहां से भाग गया। उसके बाद से आरोपी निरंतर उसकी वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अतुल तोमर हत्याकांड में बड़ा खुलासा, फरार आरोपी अशोक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने ग्राम गालंद निवासी अतुल तोमर हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को पिलखुवा फ्लाईओवर के नीचे से दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित से पूछताछ शुरू कर दी है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान अशोक पुत्र स्वर्गीय जय सिंह निवासी ग्राम गालंद थाना पिलखुवा के रूप में हुई है। बताया गया कि वह अतुल तोमर हत्या मामले में वांछित चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस को उसकी



लोकेशन मिलने के बाद टीम ने घेरा. बंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

थाना पिलखुवा पुलिस काफी समय से आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पिलखुवा फ्लाईओवर के नीचे दबिश देकर आरोपित को हिरासत में लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या प्रकरण से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपित का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2022 में थाना पिलखुवा में मारपीट, जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा वर्ष 2023 में उसके खिलाफ धारा 174 ए के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है।

## मनुष्य सुरत-शब्द के भेद को भूल गया

eFkjkA जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे चौदहवें वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला के दूसरे दिन राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम व सतीश चन्द्र ने सृष्टि की रचना के बारे में बताया।

उन्होंने कहाकि रचना के विस्तार के दो भाग हैं। पहला सतलोक की रचना और दूसरा काल देश की रचना। काल प्रभु ने चौथे पद सतपुरुष का भेद गुप्त कर पाप पुण्य का विधान बनाकर विविध प्रकार के पूजा पाठ में भरमा दिया। मनुष्य सुरत-शब्द के भेद को भूल गया और काल प्रभु की रचना में फंस गया। संतों ने सुरत शब्द के भेद को पांचवा वेद बताया है। चार वेदों में सतलोक का उल्लेख नहीं है। इसमें केवल ब्रह्म तक का उल्लेख मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि मानव जन्म आत्मा की रक्षा के लिये मिला है। लेकिन मनुश्य भौतिक विकास, शरीर को सजाने और उसको बचाने के उपायों में सारा समय निकाल देता है। बौद्धिक विकास होने के कारण मनुष्य को चिन्तन करना चाहिये कि चींटी में भी इतनी बुद्धि होती है कि वह अपने भोजन की तलाष कर लेती है। हम लोग जितना ही अधिक प्रकृति के करीब रहेंगे उतना ही सुखी रहेंगे। बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने भूमिजोतक खेतिहर काश्तकार संगठन बनाकर यह संकेत दिया था कि आने वाली प्राकृतिक आपदाओं व बीमारियों में शहर की अपेक्षाकृत गांव सुरक्षित रहेंगे। जहां आबादी अधिक होगी वहां प्रदूषण भी अधिक होगा। हवा, पानी, मिट्टी सब प्रदूषित हो जाता है। जहां तापमान अधिक होता है वहां आक्सीजन कम हो जाता है। षहरों में बड़े-बड़े मकानों एवं ए. सी. का उपयोग तापमान को बढ़ाते हैं। भौतिक विकास के दौर में वनस्पतियों का क्षेत्रफल घटता जा रहा है। जो मानव के लिये गम्भीर खतरा पैदा करेंगी। प्रकृति पार प्रभु सब उर वासी पंक्ति को उद्धृत करते हुये बाबूराम जी ने कहा कि परमात्मा प्रकृति के पार रहता है लेकिन सबके हृदय में बसता है। यह उसी प्रकार है जिस प्रकार एक सूर्य की छाया पानी से भरे करोड़ो घड़ों में दिखाई देता है। बाबा जयगुरुदेव जी महाराज बताया करते थे कि जीवात्मा की बैठक शरीर के अन्दर दोनों आंखों के मध्य भाग में पीछे की तरफ दो दल कमल पर है।

## एनएचआई द्वारा मथुरा जनपद में चार फ्लाईओवरों को मिली मंजूरी

pkegkA राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएच आई द्वारा मथुरा जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए चार महत्वपूर्ण स्थानों पर फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इनमें जैंत, राधापुरम, कोसी इंडस्ट्रियल एरिया एवं कोटवन क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं की टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है, जिससे शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है।

जैंत फ्लाईओवर महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय एमएलसी विधायक ठाकुर ओम प्रकाश सिंह के अथक प्रयासों को दिया जा रहा है। उन्होंने लगातार क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए एन एच आई एवं संबंधित विभागों को ज्ञापन सौंपकर फ्लाईओवर निर्माण की मांग की थी। विशेष रूप से जैंत नेशनल हाईवे पर बढ़ते ट्रैफिक एवं आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था।

आज उनकी मांग को स्वीकार करते हुए एनएचआई द्वारा फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर बनने से यातायात जाम से राहत मिलेगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा स्थानीय व्यापार और आवागमन को भी गति मिलेगी। एमएलसी विधायक ठाकुर ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास के लिए उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने केंद्र एवं एनएचआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजनाएं मथुरा जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

### एक नजर

## हंसते-खेलते घर में पसरा मातम, पांच साल के अंश की छत से गिरने से दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के शक्ति नगर मोहल्ले में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। घर की छत पर खेल रहा पांच वर्षीय मासूम अचानक नीचे सड़क पर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का पूरा घटनाक्रम गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और मोहल्ले में मातम पसरा है।

जानकारी के अनुसार शक्ति नगर निवासी सुमित का इकलौता बेटा अंश बुधवार शाम घर पर अपनी मां रजनी और छोटी बहन के साथ मौजूद था। शाम करीब साढ़े आठ बजे खेलते-खेलते वह घर की छत पर पहुंच गया। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे गली में जा गिरा। ऊंचाई अधिक होने के कारण बच्चा सीधे कंक्रीट की सड़क पर गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और काफी खून बह गया। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं सके। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि गली में सामान्य गतिविधियां चल रही थीं, तभी अचानक बच्चा ऊपर से नीचे गिरता नजर आता है। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। बच्चे को गंभीर हालत में तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस हादसे ने एक बार फिर अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की जरूरत का एहसास कराया है।

## रेलवे स्टेशन पर अज्ञात शव मिला

**धामपुर।** आज सुबह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। आज सुबह रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों ने प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। काफी देर तक कोई हरकत न होने पर लोगों ने इसकी सूचना रेलवे प्रशासन और जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति की जांच की, उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल फोन या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुए।

# राहगीरों से लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ **पांच बदमाश गिरफ्तार, 20 मोबाइल फोन और दो कार बरामद**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर पुलिस ने लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों से लूटपाट और टैक्सी चालकों से मोबाइल व कैश छीनने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त दो कारें, कैश, दो तमंचे, कारतूस और तीन चाकू बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित सिंह, दीपांशु, तरुण ठाकुर, नवाब भाटी उर्फ संदीप भाटी और मोहित राजपूत के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को सेक्टर ईटा-01 के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह नोएडा, ग्रेटर नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में रात के समय सक्रिय रहता था और राह चलते लोगों को लिफ्ट देने के बहाने अपनी कार में बैठाकर उनसे मारपीट कर मोबाइल, नगदी और अन्य कीमती सामान लूट लेता था।

पुलिस जांच में यह भी पता चला कि आरोपी टैक्सी चालकों को निशाना बनाने के लिए अपनी गाड़ियों को जानबूझकर लहराते हुए चलाते थे। जब चालक उन्हें रो. कता या विरोध करता, तो आरोपी उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर मोबाइल, कैश और जरूरी सामान लूट लेते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी टैक्सी चालक की गाड़ी की चाबी भी छीन लेते थे, ताकि पीड़ित उनका पीछा न कर सके।

पुलिस के मुताबिक, 16 मई को सेक्टर ईटा-01 के पास एक टैक्सी चालक के साथ इसी तरह की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपियों ने चालक से मारपीट कर उसका मोबाइल फोन, 5 हजार रुपए और कार की चाबी लूट ली। इस मामले में थाना सूरजपुर में मुक. दमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को गिरोह की गति. विधियों की जानकारी मिली और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे वारदात के लिए ज्यादातर किराये की गाड़ियों का इस्तेमाल करते थे।

घटना के बाद वाहन मालिकों को गाड़ियां वापस कर दी जाती थीं, जिससे पुलिस को उन तक पहुंचने में कठिनाई हो। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वेन्यू और थार कार बरामद की हैं, जिनका इस्तेमाल लूट की घटनाओं में किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित राजपूत और अन्य के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और इनके द्वारा की गई अन्य घटनाओं की जांच कर रही है। वहीं, बरामद मोबाइल फोन के आधार पर अन्य पीड़ितों की पहचान करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

**लखनऊ में प्राधिकरण के काम की समीक्षा होगी:** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी मंगलवार को प्राधिकरण के कामकाज को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक 20 बिंदुओं पर लखनऊ में होगी। इसे लेकर सोमवार को प्राधिकरण के अफसर दिन भर बैठक करते रहे।

**बैठक की समय और स्थान:** लखनऊ में बैठक मंगलवार दोपहर तीन बजे होगी। इसमें प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश, दोनों एसीईओ वंदना त्रिपाठी और सतीश पाल, वित्त नियंत्रक सहित अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश इंवेस्टर समिट और प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए परियोजनाओं की स्थिति, पिछले दो सालों में किए आवंटन और 100 करोड़ रुपये से अधिक बकायेदारों की विभागवार स्थिति, सिविल और बिजली विभाग की परियोजनाएं, वित्तीय प्रगति, सीएजी ऑडिट की स्थिति, नियोजन विभाग से अलग-अलग संपत्ति के पास होने वाले मानचित्रों की स्थिति, आईजीआरएस मामलों में अपडेट, अलग-अलग न्यायालय में लंबित केसों की वर्तमान स्थिति सहित करीब 20 बिंदुओं पर औद्योगिक विकास मंत्री समीक्षा करेंगे।

**बैठक से पहले की तैयारी:** मंत्री की बैठक से पहले सोमवार को एसीईओ और फिर सीईओ ने विभागाध्यक्ष के साथ बैठक कर परियोजनाओं व मामलों की जानकारी ली। खासतौर से प्रस्तावित जमीन की योजनाओं के लिए लैंड बैंक की स्थिति भी देखी गई। गौरतौर पर यह बैठक पहले अप्रैल महीने में नोएडा में होनी थी लेकिन किसी कारणवश मंत्री नहीं आ सके। ऐसे में अब यह बैठक लखनऊ में हो रही है।

**ऑनलाइन बैठक का सुझाव:** लोगों का कहना है कि ईंधन बचाने के लिए बड़े स्तर पर लगातार अपील की जा रही है। इसके बावजूद बैठक में शामिल होने के लिए प्राधिकरण के कई अफसर लखनऊ जाएंगे। यह समीक्षा बैठक ऑनलाइन भी हो सकती थी। इससे ईंधन के साथ-साथ प्राधिकरण का सरक. ारी पैसा भी बचता।

# 15वीं मंजिल से चार साल का मासूम नीचे गिरा, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर ओमिक्रोन-1ए स्थित लोहिया एनक्लेव सोसाइटी की 15वीं मंजिल से गिरकर तीन साल के मासूम की मौत हो गई। सोमवार को बच्चा खेलते समय फ्लैट की खिड़की से नीचे गिरा। आरोप है कि खिड़की में शीशा न होने की वजह से हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कासना कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से बलिया के सतावर गांव का रहने वाला अरुण राजभर सोमवार को अपनी पत्नी और तीन साल के बेटे अंश के साथ लोहिया एनक्लेव सोसाइटी में साफ-सफाई करने के लिए गए थे। पुलिस के मुताबिक सोसाइटी के डी टावर में 15वीं मंजिल पर पति-पत्नी काम करने लगे। इसी बीच उनका चार साल का बेटा वहां खेलने लगा। बताया जा रहा है कि फ्लैट की खिड़की में शीशा नहीं लगा हुआ था। इसी बीच मासूम खेलते समय खिड़की से नीचे जा गिरा। सोसाइटी के लोगों ने तुरंत बच्चे को नजदीक के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है।

**सोसाइटी की सुविधाओं की कमी:** सोसाइटी में रहने वाले लोगों का आरोप है कि यहां आधी अधूरी सुविधाओं के बीच लोग रहने को मजबूर है। प्राधिकरण की तरफ से यहां कोई सुविधा नहीं दी गई। अधिकांश फ्लैट की खिड़की में शीशे नहीं लगे हैं। कई जगह रेलिंग भी नहीं है, जिसकी वजह से आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। लोग राम भरोसे यहां रह रहे हैं। कासना कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पंद्रहवीं मंजिल से गिरकर बच्चे की मौत हुई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बरसात गांव में सड़क निर्माण अधूरा

■ **ग्रामीणों का हंगामा, प्राधिकरण और ठेकेदार पर लगाए गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बरसात गांव में मुख्य सड़क का निर्माण कार्य अधूरा रहने पर सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। उनका आरोप है कि करीब छह महीने पहले स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य लाप. रवाही के चलते बीच में ही रोक दिया गया, जिससे गांव के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर कई जगह इंटरलॉकिंग नहीं लगाई गई है। अधूरी सड़क और गड्ढों के कारण आए दिन वाहन फंस रहे हैं, जबकि कई वाहनों के टायर भी फट चुके हैं। लोगों का कहना है कि खराब सड़क की वजह से सड़क हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।

**प्राधिकरण और ठेकेदार पर मिलीभगत का आरोप:** ग्रामीणों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और ठेकेदार पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बरसात गांव की सड़क निर्माण के लिए आई इंटरलॉकिंग सामग्री का इस्तेमाल दूसरे गांव में किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया जा रहा है।

**बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत:** गांव के लोगों के मुताबिक अधूरी और बदहाल सड़क के कारण बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। बारिश और धूल के चलते हालात और खराब हो जाते हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे और ठेकेदार का काम बंद करा देंगे। इस दौरान हरेंद्र नागर, रविंद्र नागर, दीपक नागर, यशराज, राजेंद्र, मुकेश नागर और महावीर नागर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दहेज की बलि चढ़ी दीपिका: शादी के 14 महीने बाद संदिग्ध मौत, पति और ससुर गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जलपुरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। महज 14 महीने पहले जिस बेटी की विदाई हंसी-खुशी और शहनाइयों के बीच हुई थी, अब उसी बेटी की मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामला ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र का है।

मृतका की पहचान दीपिका नागर के रूप में हुई है, जो बादलपुर थाना क्षेत्र के कुड़ी खेड़ा गांव निवासी संजय नागर की बेटी थी। परिजनों के अनुसार, दीपिका की शादी 11 दिसंबर 2024 को जलपुरा गांव निवासी मनोज के बेटे ऋतिक के साथ बड़े धूमधाम से हुई थी। परिवार का दावा है कि शादी में करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जिसमें लाखों रुपये का सोना-चांदी, घरेलू सामान और अन्य उपहार दिए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष शादी से खुश नहीं था और लगातार फॉर्च्यूनर गाड़ी और 50 लाख रुपये नकद की मांग कर रहा था। परि. जनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दीपिका को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार उसने अपने परिवार को ससुराल में हो रहे उत्पीड़न की जानकारी दी थी।

**पिता को किया था फोन:** बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर दीपिका ने अपने पिता संजय को फोन किया। फोन पर वह रो रही थी और कह रही थी कि उसका पति ऋतिक, ससुर मनोज, सास पूनम, ननद नेहा और तन्नी समेत परिवार के अन्य लोग उसके साथ मारपीट कर रहे हैं और दहेज में गाड़ी व नकदी लाने का दबाव बना रहे हैं। बेटी की हालत सुनकर पिता संजय अपने साले बाबू प्रधान के साथ तुरंत जलपुरा पहुंचे। वहां उन्होंने ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया और मामला शांत कराने के बाद वापस लौट आए। लेकिन कुछ ही घंटों बाद रात करीब 12:30 बजे दीपिका के पिता के पास फोन आया कि उनकी बेटी छत से गिर गई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। जब परिवार शारदा अस्पताल पहुंचा तो दीपिका मृत अवस्था में मिली। परिजनों का आरोप है कि उसके शरीर पर गंभीर चोटों और मारपीट के निशान थे। परिवार का कहना है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर दीपिका की हत्या कर शव को हादसा दिखाने की कोशिश की गई।

**ससुराल पक्ष के खिलाफ एफआईआर:** घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव और आसपास के क्षेत्र में भी इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पढ़ाई में होनहार दीपिका ने बीए और बीएड तक की शिक्षा हासिल की थी और उसके सपने अभी अधूरे ही थे।

मृतका के पिता की तहरीर पर ईकोटेक-3 थाना पुलिस ने पति ऋतिक, ससुर मनोज, सास पूनम, ननद नेहा, तन्नी तथा प्रमोद और विनोद के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पति ऋतिक और ससुर मनोज को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### तिरथली के 578 किसानों को भूखंड मिले

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना विकास प्राधिकरण ने तिरथली गांव के 578 किसानों को सात प्रतिशत आबादी भूखंड का आवंटन किया। सोमवार को यीडा ने इन किसानों को ड्रॉ के जरिए भूखंड का आश्यपत्र सौंपा। प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि जेवर और बुलंदशहर के गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। मास्टर प्लान के अनुसार अबतक 30 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि खरीदी जा चुकी है। किसानों को जमीन के बदले 64.7 प्रतिशत मुआवजा और सात प्रतिशत आबादी भूखंड विकसित कर दिए जाते हैं। इस क्रम में सोमवार को तिरथली के 578 किसानों को आबादी भूखंड के आश्य पत्र सौंपे गए। इनका आवंटन ड्रा के माध्यम से किया गया। वहीं, अब तक प्राधिकरण 28 गांवों में किसानों को चार हजार से ज्यादा भूखंड विकसित कर चुका है। जबकि, छह हजार किसानों को आश्यपत्र सौंपे जा चुके हैं। शेष भूखंडों को विकसित कर किसानों को कब्जा देने की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है।

### 10 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को सोमवार को दादरी रोड स्थित बस स्टैंड से गिरफ्तार किया।चार वर्षों से फरार आरोपी की पहचान इरफान उर्फ नेता (38), निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है। वह ओडिसा के मलखानगिरी में रह रहा था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी 2022 से फरार था। उस पर एनडीपीएस एक्ट और न्यायालय में हाजिर न होने पर धारा 174ए के तहत भी मुकदमें दर्ज हैं। उससे पूछताछ कर नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटाई गई और न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### लखनऊ लाठीचार्ज के विरोध में गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर स्थित जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन सभागार में रविवार को आम सभा हुई। बैठक में लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए कथित पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए रोष व्यक्त किया गया। अध्यक्ष मनोज भाटी (बोड़ाकी) ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा अमानवीय तरीके से वकीलों पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया। इससे कई अधिवक्ता घायल हुए और अस्पतालों में भर्ती हैं। सभा का संचालन सचिव शोभाराम चंदीला एडवोकेट ने किया। घटना के विरोध में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में मांग की गई कि थाना ठाकुरगंज प्रभारी ओमवीर सिंह, संबंधित अज्ञात दरा. ेगाओं और 20-25 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही घायल अधिवक्ताओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। बार एसोसिएशन ने यह भी मांग उठाई कि जिन अधिवक्ताओं के चौंबर पुलिस कार्रवाई में क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्रशासन की ओर से नए चौंबर उपलब्ध कराए जाएं। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

### हेल्पलाइन नंबर की दी जानकारी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कमिश्नरेट पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत सोमवार को महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिलाओं को बताया गया कि अगर वे घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं या कोई उन्हें बेवजह परेशान करता है तो कैसे शिकायत करनी है। मिशन शक्ति के तहत ही विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को कराटे और जूडो का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# छत से नीचे गिरकर राजमिस्त्री की मौत

**नोएडा।** बिशनपुर गांव में रहने वाले राजमिस्त्री की रविवार रात छत से गिरकर मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से राजस्थान के जिला भरतपुर निवासी 51 वर्षीय महेश वर्तमान में बिशनपुरा गांव में किराये पर रहते थे। वह राजमिस्त्री का काम करते थे। वह रविवार रात अपने घर की तीसरी मंजिल पर स्थित छत पर सोने के लिए गए। वह जूता उतार रहे थे तभी असंतुलित होकर ऊपर से नीचे गिर गए। उन्हें गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर सोमवार सुबह उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# स्कूलों की मनमानी जारी, दो हजार छात्रों के अभिभावक भटकने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश नहीं लेने वाले स्कूलों को नोटिस जारी होने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण स्कूलों की मनमानी जारी है। जनपद के अधिकतर स्कूल 20 मई को बंद होने वाले है। उसके बाद जुलाई में स्कूल खुलेंगे। अब तक करीब 2300 ही दाखिले हो सके है जबकि अन्य छात्रों को भटकना पड़ रहा है।

अभिभावकों की शिकायतों के आधार पर जिले के 40 स्कूलों को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद भी एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में सात मई को हुई बैठक में सिर्फ 30 स्कूलों के ही अधिकारी शामिल हुए थे। 10 स्कूलों के अधिकारी बैठक में शामिल हुए नहीं हुए थे। एडीएम प्रशासन की बैठक में नहीं शामिल हुए बाकी के 10 स्कूलों को शिक्षा विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया था। एक सप्ताह में जवाब देने का समय दिया गया था। अब तक स्कूलों की ओर से कोई जवाब विभाग को भेजा नहीं गया है।

वहीं, अभी तक तारीख तय नहीं हो पाने के कारण स्कूलों के साथ बैठक नहीं हो पाई है। आरटीई के तहत दाखिला लेने के लिए अभिभावक बच्चों के साथ घर से स्कूल और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के चक्कर लगाकर रह गए हैं, लेकिन उन्हें अभी भी दाखिले की उम्मीद अभी भी दिख नहीं रही है। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष मैपिंग के बाद जिले में घोषित हुई 11,600 सीटों में से तीन चरण में 4,330 सीटें आवंटित की गई थी। इनमें से अभी तक 2300 सीटों पर ही दाखिला हो पाया है। बाकी के दो हजार विद्यार्थियों के अभिभावक प्रवेश के लिए भटकने को मजबूर हो रहे हैं, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। बीएसए राहुल पंवार ने बताया कि अभिभावकों व स्कूलों के साथ बैठक की जा रही है। हर बच्चे का दाखिला कराया जाएगा।

# बदलने जा रहा है दादरी रेलवे स्टेशन का चेहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित गौतमबुद्ध नगर के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन दादरी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। ब्रिटिश शासनकाल में बने करीब डेढ़ सौ वर्ष पुराने स्टेशन भवन की जगह अब आधुनिक सुविधाओं से लैस नया रेलवे स्टेशन तैयार हो चुका है। रेलवे प्रशासन के अनुसार आगामी एक सप्ताह के भीतर नए भवन में बुकिंग काउंटर शुरू कर दिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन अधीक्षक हेमंत कुमार ने बताया कि पुराना स्टेशन भवन अंग्रेजी शासनकाल में निर्मित था, जो वर्तमान समय की जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त नहीं रह गया था। यात्रियों की बढ़ती संख्या और विभागीय कार्यों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए आधुनिक स्टेशन भवन का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि नए भवन में यात्रियों के लिए आधुनिक बुकिंग काउंटर, विशाल प्रतीक्षालय और रेलवे विभाग के विभिन्न कार्यालय बनाए गए हैं। इससे सभी विभाग एक ही परिसर में संचालित हो सकेंगे।

**प्लेटफॉर्म संख्या पांच का निर्माण भी जल्द :** रेलवे प्रशासन के अनुसार ट्रेनों के संचालन के बीच ही नए प्लेटफॉर्म संख्या पांच का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा। इसके बनने से एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव और संचालन में सुविधा मिलेगी।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर फ्लैट बेचने का केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-70 स्थित बसई बाउद्दीन नगर गांव में दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर फ्लैट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बिल्डर और बैंक प्रबंधन पर धोखाधड़ी का आरोप लगा कोर्ट के आदेश पर मुक. दमा दर्ज कराया है। सेक्टर-70 स्थित बसई गांव निवासी दीपक कुमार झा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने 10 मार्च 2017 को बसई बाउद्दीन नगर में हरित टावर में 23 लाख 50 हजार रुपये में फ्लैट खरीदा था। इसका बैनामा सौरभ राणा ने किया था। उन्होंने सौरभ राणा को पांच लाख 10 हजार रुपये चुकाए थे, जबकि 18 लाख 40 हजार रुपये का बैंक से ऋण लिया था।

ऋण देने वाले बैंक को फ्लैट के सभी दस्तावेज और प्राधिकरण द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र दिए गए थे। वह 10 मार्च 2017 से फ्लैट पर बतौर मालिक काबिज हैं।आरोप है कि बिल्डर सौरभ राणा ने हरित टावर के फर्जी दस्तावेज तैयार कर रखे हैं, जिनके आधार पर उसने फर्जी रूप से फ्लैट बेच दिया। फ्लैट बेचते समय बिल्डर ने दावा किया था कि इस भूमि पर नोएडा प्राधिकरण का कोई बकाया नहीं है और सभी एनओसी प्राधिकरण से प्राप्त हैं। शिकायतकर्ता को आरटीआई के माध्यम से एक फरवरी 2022 को पता चला कि जिस जमीन पर बिल्डर ने टावर खड़े किए हैं।

# प्राइवेट यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच मारपीट

■ **दो छात्रों के बीच हुई थी कहासुनी, अधिकारियों ने किया बीच बचाव**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में दो छात्र कैंपस के अंदर आपस में लात-घूंसों से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि आसपास मौजूद अन्य छात्र उन्हें रोकने का प्रयास कर रहे थे।

यह घटना यमुना एक्सप्रेसवे के सामने स्थित यूनिवर्सिटी में शनिवार दोपहर को हुई। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दो छात्रों के बीच कहासुनी हो गई थी, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई और दोनों छात्र एक-दूसरे पर हमला करने लगे। पहले क्लासरूम के अंदर दोनों के बीच धक्का-मुक्की हुई, इसके बाद वे लड़ते हुए बाहर आ गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब आधे घंटे तक दोनों छात्रों के बीच मारपीट चलती रही। इस दौरान अन्य छात्र लगातार बीच-बचाव कर माहौल शांत कराने की कोशिश करते रहे। घटना की जानकारी मिलने पर यूनिवर्सिटी प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों छात्रों को शांत कराया।

हालांकि, इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। दनकौर कोतवाली के एसएसआई सोहनपाल सिंह ने बताया कि थाने में इस मामले को लेकर कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है।

## गुमशुदा तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़का जिसका नाम प्रिंस उर्फ डूग्गू उम्र करीब 12 वर्ष निवासी श्री निवास चौहान का मकान चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 थाना सेक्टर 24 नोएडा वर्ष दिनांक 11.05.2026 को समय करीब 13.00 बजे घर से बिना बताये कहीं चला गया है जो अभी तक वापस नहीं आयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर 24 पर मु0अ0सं0-0230/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत है।

**हुलिया**- कद 4 फिट रंग सांवला टीशर्ट आसमानी रंग की नीले रंग की जींस पहने है। पैर में काले रंग चप्पल पहने हुए है।

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्न नम्बरों पर अवगत कराने का कष्ट करें।

**अक्षय प्रताप सिंह**
**उ०नि०/विवेचक**
**थाना सेक्टर 24 नोएडा**
**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर**
**मो०न०** 8595902594

**सुबोध कुमार तोमर**
**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना सेक्टर 24 नोएडा**
**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर**
**मो०न०** 8595902534

# मवाना के हिस्ट्रीशीटर ने हिंदू बनकर हरियाणा की युवती को प्रेम जाल में फंसाया

## युवती को सालों तक दिल्ली में रखा बंधक बनाकर, देर रात पुलिस की मवाना क्षेत्र में छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** थाना क्षेत्र के सठला गांव के रहने वाले संप्रदाय विशेष के हिस्ट्रीशीटर ने दिल्ली में हरियाणा की युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। युवती को सच्चाई का पता चलने पर जबरन उसका धर्मांतरण कराकर निकाह करने का आरोप है। हिस्ट्रीशीटर के जेल चले जाने के बाद उसके चंगुल से आजाद हुई युवती अपने परिजनों के साथ थाना जामियानगर में पहुंची और मुख्य आरोपी सहित अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज करा दिया। रविवार देर रात दिल्ली पुलिस मवाना पहुंची और सठला व मवाना नगर में दबिश देकर महिला सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया और अपने साथ दिल्ली ले गई।



मवाना पहुंची थाना जामिया नगर की पुलिस के मुताबिक सठला गांव निवासी फहीम पुत्र खुर्शीद की मुलाकात नवंबर 2021 में दिल्ली में हरियाणा के बल्लभगढ़ निवासी युवती से हुई थी। फहीम थाना मवाना का हिस्ट्रीशीटर है और मवाना सहित दिल्ली व हरियाणा में कई मुकदमें दर्ज हैं। मुलाकात में अपने आप को हिंदू बताते हुए फहीम ने युवती को अपना नाम साहिल बताया। उसके तीन महीने बाद दोनों फिर से दिल्ली के एक होटल में मिले, जहां फहीम ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाया और उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर युवती से दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि उसने दुष्कर्म करते हुए वीडियो बनाई और ब्लैमेल करते हुए उसे अपने साथ बंधक बनाकर रखा। फहीम ने युवती को कुछ दिनों तक सठला गांव में रखा और बाद में उसे लेकर जामियानगर में रहने लगा। सठला में ही युवती को फहीम उर्फ साहिल के मुस्लिम होने का पता लगा, लेकिन वीडियो की धमकी के चलते वह अपना मुंह नहीं खोल पाई। आरोप है कि दिल्ली में ही उसका जबरन धर्मांतरण कराकर फहीम ने उससे निकाह किया और युवती का नाम भी बदल दिया। इसी बीच उनके एक संतान भी पैदा हुई। पुलिस के मुताबिक फरवरी 2025 में फहीम दिल्ली के एक मुकदमें में जेल चला गया। दिल्ली के बाद किसी अन्य मुकदमें में वह गुरूग्राम की भोंडसी जेल चला गया। फिलहाल वह मेरठ जेल में बंद है। फहीम के जेल चले जाने के बाद युवती उसके चंगुल से आजाद हो गई। युवती अपने परिवार वालों से मिली और पूरी घटना की जानकारी दी। परिजन पीड़िता को लेकर दिल्ली के जामियानगर थाने में पहुंचे और आरोपी फहीम व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद रविवार रात दिल्ली पुलिस मवाना पहुंची। सठला गांव से पुलिस ने फहीम के भाई जैद उर्फ गूंगा व अजीम, पिता खुर्शीद व मां तस्लीम को मवाना कस्बे से निकाह कराने वाले नफीस को उठाकर पूछताछ के लिए दिल्ली ले गए।

# सीबीएस एकेडमी में एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** सोमवार को कस्बे में चिंदौड़ी मार्ग पर स्थित चौधरी बारु सिंह स्कूल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आईटी एक्सपर्ट सीएम डागर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वर्तमान और भविष्य में होने वाले उपयोग, इसके सकारात्मक प्रभावों तथा इससे जुड़ी चुनौतियों और सुरक्षा पहलुओं को बेहद सरल और प्रभावशाली तरीके से समझाया।

वहीं विकास सिंह ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया ऐप्स का सही, सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। सेमिनार में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मोहित चौधरी, प्रधानाचार्या नीरू, अनिल चौधरी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मोहित चौधरी ने कहा कि ऐसे प्रेरणादायक एवं जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रम विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के साथ सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से प्रेरित करते हैं।

### सबाइक की टक्कर से युवक गम्भीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत महलका बाजार में रविवार शाम उस वक्त सांप्रदायिक तनाव जैसी स्थिति बन गई जब अपनी बीमार मां के लिए दवाई लेने गए एक युवक पर संप्रदाय विशेष के दर्जनों युवकों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। बीच बाजार हुई इस सनसनीखेज वारदात से बाजार में भगदड़ मच गई और दहशत के मारे दुक. ानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानें बंद कर दीं। घायल युवक को लहूलुहान हालत में पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा और आरएसएस सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने महलका पुलिस चौकी पर डेरा डाल दिया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम बातनौर निवासी कृष्णपाल का पुत्र अरुण रविवार शाम करीब 7 बजे बाइक से महलका बाजार में अपनी बीमार मां के लिए दवाई खरीदने आया था। जैसे ही वह बाजार में पहुंचा, सामने से बाइक पर सवार होकर आए संप्रदाय विशेष के तीन युवकों ने अरुण की बाइक में साइड मार दी। इसी बात को लेकर जब अरुण ने आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे बाइक से नीचे खींच लिया और लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया।

# 20 मई के बंद का दवा व्यापारियों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक खैरनगर स्थित महामंत्री कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में 20 मई को एक संगठन द्वारा घोषित अखिल भारतीय दवा व्यापार बंद को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र भसीन ने कहा कि ऑनलाइन दवा व्यापार का विरोध संगठन भी करता है, क्योंकि इससे होलसेल एवं रिटेल दवा व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं में केवल गलत तरीके से व्यापार करने वालों पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है, जो व्यापार और व्यापारियों के हित में है। महामंत्री रजनीश कौशल ने कहा कि यदि बंद किया जाता है तो क्या प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, डॉक्टरों के क्लीनिकों में संचालित मेडिकल स्टोर, नर्सिंग होम एवं निजी अस्पतालों के स्टोर, जी लैब, दवा इंडिया और ऑनलाइन दवा सप्लाई भी बंद रहेगी।

# भाकियू अनाज गुट के जिला अध्यक्ष नें फैक्ट्री को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ। जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के बागपत रोड पर पांचली गांव स्थित गत्ता फैक्ट्री से निकलने वाला धुआं ग्रामीण और वहां से गुजरने वाले लोगों के लिए नुकसानदेह हो रहा है न जाने कितने लोग गत्ता फैक्ट्री के निकलने वाले धुएं से बीमार भी बताए गए हैं वहीं सोमवार को स्टार क्राफ्ट पेपर मिल फैक्ट्री पर जानकी पीवीटी एलटीडी धुएं के कारण आसपास के गांव ग्राम पांचाली रामपुर पावटी सुभारती कॉलोनी, गॉडविन कॉलोनी में बीमारी बढ़ रही है।

वहीं किसान यूनियन के अनाज गुट के जिला अध्यक्ष दीपक बढ़ाना के नेतृत्व में काफी तादाद में किस फैक्ट्री के बाहर पहुंच गए और जमकर नारेबाजी की उन्होंने कहा कि लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं होने देंगे फैक्ट्री के संचालन से न जाने कितने लोग बीमार हैं और फैक्ट्री के बाहर खड़े वहां जो लंबी कतार में ट्रक और डंपर खड़े रहते हैं न जाने कितने दुर्घटनाएं होती रहती हैं वहीं उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन दिया जिसमें उचित कार्रवाई की मांग की गई।

# हाथों में खाली सिलेंडर लेकर कलक्ट्रेट पहुंचे सपा कार्यकर्ता, सरकार की विफलता पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बढ़ती महंगाई, नीट पेपर लीक मामले, पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी और गिरती अर्थव्यवस्था के विरोध में समाजवादी पार्टी ने सोमवार को मेरठ कलक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा कार्यकर्ता हाथों में रसोई गैस सिलेंडर लेकर कलक्ट्रेट पहुंचे और केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व किठौर से विधायक शाहिद मंजूर और सरधना से विधायक अतुल प्रधान ने किया। इस दौरान जिला कमेटी और शहर कमेटी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा।



विधायक शाहिद मंजूर ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, जनता पर ही बोझ डाल रही है। सरकार खुद कुछ नहीं करती, हर समस्या का समाधान जनता से करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। वहीं सरधाना विधायक अतुल प्रधान ने प्रधानमंत्री के बयानों पर सवाल उठाए। उन्होंने देश के प्रधाानमंत्री को सबसे बड़ा दोहरा चरित्र वाला व्यद्रि बताया ।उन्होंने कहा कि देश के कारोबार पर बड़ा हमला हुआ है। प्रधाानमंत्री ने लोगों से सोना न खरीदने की अपील की, जिससे देश के करोड़ों सुनारों का कारोबार प्रभावित हुआ है। अतुल प्रधान ने कहा कि रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। अर्थव्यवस्था की हालत खराब है, लेकिन प्रधानमंत्री विदेश दौरों में व्यस्त हैं। जनता का कोई ध्यान नहीं है और देश का बुरा हाल हो गया है। वही समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से ट्रांसपोर्ट महंगा होगा ट्रांसपोर्ट के महंगा होने से खाने पीने के दाम बढ़ेंगे जिससे आमजन को बड़ा नुकसान होगा। इस दौरान सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों से देश कमजोर हो रहा है। महंगाई चरम पर है और आम आदमी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। नीट जैसे परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य अंधकार में है। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। नेताओं ने कहा कि जब तक महंगाई कम नहीं होगी और युवाओं को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।



# स्काउट गाइड की टीम में लगाया छबील, भीषण गर्मी से ली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज के सामने स्काउट गाइड की टीम ने मीठे जल की छबील लगाकर राहगीरों को भीषण गर्मी में जल पिलाया। इसका आयोजन प्रधानाचार्य फरमान अली, स्काउट गाइड रुचि जैन , प्रियपाल के संरक्षण में किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व प्रधानाचार्य सतवीर त्यागी ने फीता काट कर किया । कॉलेज के अध्यापक प्रीति त्यागी, रोहतास सिंह, पवन वर्मा, हरीश कुमार, सचिन कुमार, कृष्णा पाल, मनोज, नीलू राय, अरविंद कुमार, विनय शर्मा ,संदीप कुमार, जसवंत सिंह, राजेंद्र कुमार , शालू त्यागी व समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# शादाब जकाती की गाड़ी में महिला की पिटाई का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शादाब जकाती और विवादों का आपस में गहरा रिश्ता है एक के बाद एक विवादों में शादाब जकाती का नाम आता रहता है। एक बार फिर शादाब जगाती एक विवाद में घिरता हुआ नजर आ रहा है बताते चलें शादाब जकाती पर अब तक जो मुख्य आरोप लगे हैं उनमें इंचौली में महिला का यौनशोषण, जकाती ज्वेलर्स शोरूम के उद्घाटन के दौरान भीड़ जुटाना और फिर एक वीडियो बना कर दिव्यांग का अपमान करना और अब नए विवाद में जकाती की गाड़ी में महिलाओं के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है हालांकि आपका अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है, वायरल वीडियो में शादाब जकाती की गाड़ी दिखाई दे रही है जहां जकाती के गुर्गे महिला को गाड़ी के अंदर खींचकर पिटाई करते नजर आ रहे है। वीडियो में महिलाएं कौन है अभी इसकी पुष्टि नही हो पाई है ,लेकिन वीडियो के आधार पर साक्ष्य जुटाने पर आरटीओ से गाड़ी नंबर की जानकारी जुटाई तो शादाब जकाती के नाम की पुष्टि हुई है। वीडियो में दिखाई दे रही ब्लैक रंग की गाड़ी जकाती के नाम बताई जा रही है। वायरल वीडियो में महिला हंगामा करती भी नजर आई। वायरल वीडियो में ऐसा लग रहा है कि महिलाओं ने कार से उतर कर अपनी जान बचाई। वही सूत्रों के अनुसार पता चला की इंफ्लूएंसर शादाब जकाती गाड़ी में मौजूद था। वीडियो में दिखाई दे रहा है की गाड़ी के अंदर महिलाओं को पीटा गया। पीड़ित महिला ने किसी दबाव या अन्य कारणो से अभी तक पुलिस से कोई लिखित शिकायत दर्ज नही कराई है। जिसके चलते शादाब जकाती पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। उधर सूत्रों के अनुसार कहा जा रहा है कि बीच सड़क पर महिलाओं की पिटाई करना एक बडे अपराध की श्रेणी में आता है और पुलिस वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सकती है।

# सड़क पर रिक्शा चला कर महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने किया महंगाई का विरोध

## पेट्रोल डीजल, महंगी रसोई गैस के खिलाफ हल्ला बोल, मेरठ में विपक्ष की मजबूत भूमिका निभा रही कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी गैस की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बच्चा पार्क चौराहे पर एकत्रित हुए और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा एवं मेरठ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने रिक्शा चलाकर बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, व्यापारी एवं वाहन चालकों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है और महंगाई ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के खिलाफ यह आंदोलन आम लोगों के हक, राहत और अधिकारों की लड़ाई है तथा कांग्रेस पार्टी सदैव जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, जाहिद अंसारी, धूम सिंह




गुर्जर, डॉ. यूसुफ कुरैशी, अनिल अरोड़ा, बबीता गुर्जर, रीना शर्मा, संजय कटारिया, शमसुद्दीन चौधरी, रॉबिननाथ गोलू, महेंद्र गुर्जर, विनोद सोनकर, अनिल प्रेमी, पीयूष वशिष्ठ, विक्रांत वशिष्ठ, मोनिंदर सूद वाल्मीकि, अभिमन्यु त्यागी, दीपक शर्मा, अशोक आर्य, अल्तमश त्यागी, सुमित विकल, सचिन शर्मा, राज केसरी, शुभम त्यागी, मुल्लाजी अशरफ, फिरोज चौधरी, इकरामुद्दीन अंसारी, कल्लू



मलिक, संजय वर्मा, गफ्फार मलिक, अजीम प्रधान, रवि कुमार, मतीन अंसारी, सुषांत शर्मा एवं हाजी इसरत, राजू यादव, ललित कौशिक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेले के नाम पर फिर बवाल, हंगामे में खत्म हुई बोर्ड बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक सोमवार को एक बार फिर मेले के नाम को लेकर हुए विवाद की भेंट चढ़ गई। बैठक में मेले की तारीख पांच जून से चार जुलाई तक तय कर दी गई, लेकिन बजट पर चर्चा से पहले बूढ़ा बाबा मेला नाम रखने की मांग को लेकर हंगामा शुरू हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और विधायक अतुल प्रधान के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद ईओ दीपिका शुक्ला ने बैठक समाप्त करने की घोषणा कर दी। अब मेले के बजट पर अगली बैठक में चर्चा होगी। बैठक की शुरुआत में सभासद नेहा टाली और तनिष्का जैन ने मेले का नाम बूढ़ा बाबा मेला किए जाने का प्रस्ताव रखा। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि इस प्रस्ताव को शासन और उच्च अधिकारियों तक भेजा जाना चाहिए, ताकि वहां से उचित निर्णय लिया जा सके। इसके बाद नाम को लेकर सभागार में बहस का माहौल बन गया।

बैठक में मेले के आयोजन स्थल को लेकर भी विवाद सामने आया। रामलीला मैदान कमेटी की ओर से





पहुंचे एडवोकेट वीरेंद्र सैनी ने कहा कि यदि इस बार नगर पालिका को मैदान चाहिए तो मेले के बजट का 50 प्रतिशत हिस्सा कमेटी को दिया जाए। अन्यथा मैदान उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। बाद में इस मुद्दे को आपसी बातचीत से सुलझाने पर सहमति बनी।

मेले के बजट पर चर्चा शुरू होने से पहले भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद जैन, पूर्व सभासद वीरेंद्र चौधरी और अन्य भाजपा कार्यकर्ता सभागार पहुंच गए। उन्होंने भी मेले का नाम बूढ़ा बाबा करने की मांग उठाई और बोर्ड से प्रस्ताव पारित कराने पर जोर दिया। विधायक अतुल प्रधान द्वारा कार्यकर्ताओं को सभासदों से अलग बातचीत करने की सलाह देने पर माहौल गर्मा गया और दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि विधायक अतुल प्रधान और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। सभागार में हंगामे जैसी स्थिति बन गई। चेयरपर्सन पति निजाम अंसारी ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभागार के बाहर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। लगातार बढ़ते हंगामे को देखते हुए ईओ दीपिका शुक्ला ने बैठक की कार्रवाई समाप्त करने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि मेले की तिथियां तय कर दी गई हैं, जबकि बजट और अन्य प्रस्तावों पर अब अगली बोर्ड बैठक में चर्चा होगी। बैठक में विधाायक अतुल प्रधान, ईओ दीपिका शुक्ला, चेयरपर्सन सबीला अंसारी, पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी, सभासद इमरान ठाकुर, हाजी मन्नान, खालिद अंसारी, संजय सोनी, शहजाद सितारा, शाहिद मलिक, वीर सिंह भाटी, युसुफ अंसारी, फरमान अंसारी, नेहा टाली, पिंकी सोम, सलीम कुरैशी, शकील अहमद, नसीम गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# पशु पैठ में उमड़ी खरीदारों की भीड़, ईद-उल-अजहा को लेकर बढ़ी रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधाना।** ईद-उल-अजहा के मद्देनजर सोमवार को मढियाई पशु पैठ में भारी संख्या में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही दूर-दराज के गांवों और कस्बों से लोग कुर्बानी के लिए पशु खरीदने पहुंचे, जिससे पूरे बाजार में खासा उत्साह और चहल-पहल देखने को मिली। पशु पैठ में बकरे और भैंसों की खरीद-फरोख्त देर शाम तक चलती रही। सबसे अधिक भीड़ बकरों की दुकानों पर देखने को मिली, जहां लोग अच्छी नस्ल और स्वस्थ पशुओं की तलाश करते नजर आए। कई व्यापारियों ने बताया कि ईद-उल-अजहा नजदीक आते ही पशुओं की मांग लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते इस बार दामों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। पैठ में उत्तर प्रदेश समेत हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड जैसे कई राज्यों से व्यापारी और ग्राहक पहुंचे। दूर-दराज से आए पशु व्यापारियों ने



अपने बेहतरीन बकरे और भैंस बाजार में उतारे, जिन्हें खरीदने के लिए लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। खरीदारों ने पशुओं की कीमत, वजन और नस्ल को लेकर जमकर मोलभाव किया। कई बड़े और आकर्षक बकरे लोगों के बीच चर्चा का विषय बने रहे, जिन्हें देखने के लिए भीड़ लगी रही। बाजार में भीड़ बढ़ने के चलते सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस सतर्क नजर आई। पैठ में पुलिसकर्मी लगातार गश्त करते रहे ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं पशुपालकों और व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में खरीदारों की संख्या और बढ़ेगी तथा व्यापार अच्छा रहेगा। पैंठ संचालक हाजी बाबू खान ने बताया कि पैंठ में आने वाले व्यापारियों के लिए सभी सुविधाओं का इंतेजाम किया गया है, अगले सोमवार को भी पैंठ का आयोजन किया जायेगा।

# 12 गांवो के किसानः सर्किल रेट बढ़ाओं, फिर भूमि लो!

## किसान संघर्ष जारीः भूमि अधिग्रहण से पहले मांग, जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के 12 गांवों के किसान मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने डीएम अस्मिता लाल को ज्ञापन सौंपकर औद्योगिक क्षेत्र के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण से पहले सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की। किसानों ने बताया कि उनके गांवों की जमीनों का अधिग्रहण औद्योगिक क्षेत्र के लिए होना है।

वर्तमान में जमीनों का सर्किल रेट बहुत कम है, जिससे अधिग्रहण होने पर किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने तर्क दिया कि निजी बाजार में जमीनें ऊंचे दामों पर बिक रही हैं, जबकि सरकारी अधिग्रहण में उन्हें कम मुआवजा मिलेगा। बाबूराम त्यागी ने जानक. ारी दी कि सिंगोली और रटोल सहित कुल 12 गांव इस अधिग्रहण से प्रभावित होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला, तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। काशीराम प्रधान, बाबूराम त्यागी और रवि बैसला सहित 50 से अधिक किसान और जनप्रतिनिधि डीएम से मिले। उन्होंने बताया कि अधिग्रहण के डर के बीच प्राइवेट बिल्डर और भूमाफिया भी सक्रिय हो गए हैं, जो किसानों को लुभावने लालच देकर उनकी जमीनें हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डीएम ने किसानों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## जनता वेदिक डिग्री कॉलेज में किया वॉलीबॉल बोल का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वेदिक डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम में आर्ट ऑफ गिविंग की मुहिम के तहत वॉलीबॉल बोल का वितरण किया गया जिसमें ग्राम दाहा वालीबॉल अकैडमी सिलाना वालीबॉल अकैडमी कंडेरा वालीबॉल अकैडमी बितावदा नगला सिनौली लायन मलकपुर बरवाला सूप शिकोहपुर मुजफ्फरनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम किन्नी बरवाला बितावदा बड़ौत शहर शामिल स्टेडियम जब कॉलेज वॉलीबॉल अकादमी आदि के उत्कृष्ट खिलाड़ियों तथा प्रतिभाशाली कोच व मैनेजर को सैकड़ो वॉलीॉल वितरित की गई।

कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों तथा कोच में मैनेजर को भविष्य में इसी तरह और खेल सामग्री तथा जिले के खेल को उत्कृष्ट लेवल ले जाने की बात कही। इस अवसर पर प्रबंध समिति से महक सिंह सोधान सिंह आदि उपस्थित रहे। कॉलेज प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह सभी खिलाड़ियों तथा खेल विभाग को बधाई दी और जनता वैदिक कॉलेज को प्रदेश में खेलों में नंबर एक बनाने का वादा किया।

## सीएमओ कार्यालय में 6 फीट लंबा सांप निकले से कर्मचारियों में हड़कंप



अजीत धामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सीएमओ कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया जब वहां 6 फीट लंबा सांप देखा गया। सांप के अचानक निकलने से कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

घटना उस समय हुई जब बागपत सीएमओ कार्यालय में कर्मचारी रोज की तरह अपने काम में व्यस्त थे। कार्यालय में काम से आए कुछ लोगों ने अचानक सांप को देखकर चिल्लाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर अन्य कर्मचारी बाहर आए और 6 फीट लंबे सांप को देखकर घबरा गए। कर्मचारियों ने लाठी-डंडों की मदद से सावधानीपूर्वक सांप को कार्यालय से बाहर निकाला। इस दौरान, कार्यालय के एक कर्मचारी अजीत धामा ने निर्देश दिए कि सांप को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। सांप को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद वह जंगल की ओर चला गया। सीएमओ तीरथ लाल ने बताया कि सांप अचानक कार्यालय में आ गया था। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि एक बार फिर पूरे कार्यालय की जांच की जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अन्य वन्यजीव अंदर न हो। उन्होंने कहा कि किसी की भी सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

## जागौश व शबगा गांव में यमुना नदी पर ठोकर लगाने का निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददात**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश व शबगा गांव में यमुना नदी पर तटबंध और ठोकर निर्माण कार्य अब युद्धस्तर पर काम शुरू हो चुका है। हर वर्ष यमुना में आने वाली बाढ़ से किसानों की फसलों को होने वाले भारी नुकसान को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना शुरू की गई है।



यमुना नदी में बाढ़ आने से जागौश शबगा गांव के किसानो की हजारों बीघा फसल यमुना नदी में समा गई थी जिसमें करोड़ों रुपए का नुकसान दोनों गांव का हुआ था। गांव को भी खतरा पैदा होना शुरू हो गया था। गांव के लोग पलायन करने का मन बनाने लगे थे। हजारों साल पुराना टिल्ला भी यमुना नदी की चपेट में आना शुरू हो गया था और उसका भी कटान शुरू हो गया था इससे गांव के लोग दहशत में आ गए थे। यमुना नदी में बरसात के दौरान जलस्तर बढ़ने से जागौश और शबगा गांव के किसानों की हजारों बीघा फसल हर साल बाढ़ और कटान की चपेट में आ जाती थी। कई किसानों की उपजाऊ भूमि भी यमुना में समा चुकी है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही थी। इस वर्ष भी करीब एक हजार बीघा से अधिक फसल जलभराव और कटान के कारण बर्बाद हो गई थी। क्षेत्र के किसानों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से स्थायी समाधान की मांग उठाई थी। किसानों का कहना था कि जब तक यमुना किनारे मजबूत तटबंध और ठोकर नहीं बनाए जाएंगे, तब तक हर वर्ष फसल और जमीन का नुकसान होता रहेगा। किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसके बाद शासन ने 18 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया। बजट स्वीकृत होने के बाद सिंचाई विभाग ने निर्माण कार्य की निविदा जारी की और अब मौके पर तटबंध एवं ठोकर निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तटबंध बनने से यमुना के तेज बहाव और कटान पर प्रभावी रोक लगेगी, जबकि ठोकर निर्माण से नदी के बहाव की दिशा नियंत्रित की जा सकेगी। इससे किसानों की फसल और भूमि दोनों सुरक्षित रह सकेंगी। शबगा गांव के किसान अक्षय कुमार, वेदपाल पवार, रवि शास्त्री, धर्मपाल सिंह और बाली सिंह ने बताया कि वर्षों से बाढ़ के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। अब तटबंध और ठोकर निर्माण शुरू होने से किसानों को काफी उम्मीद जगी है। वहीं जागौश गांव के पूर्व प्रधान विजयपाल शर्मा, पूर्व प्रधान राजू त्यागी, ग्राम प्रधान निशा शर्मा, पूर्व प्रधान ईश्वर सिंह, पूर्व प्रधान सतीश वाल्मीकि, गंगा चरण त्यागी, कपिल त्यागी, सतपाल त्यागी और ओमदत्त शर्मा प्रधान प्रतिनिधि लव कुश शर्मा, नरेश शर्मा समेत अन्य किसानों ने विभाग से निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की है, ताकि आगामी बरसात से पहले किसानों को राहत मिल सके। सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर विकास भारद्वाज ने बताया कि शासन से परियोजना के लिए बजट प्राप्त हो चुका है और तटबंध व ठोकर निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि यह कार्य 30 जून तक पुरा कर लिया जाएगा, जिससे आगामी बाढ़ के दौरान किसानों की फसल और भूमि को सुरक्षित रखा जा सके।

## लु के थपेड़ो से बिलबिला उठें लोग

**शाह टाइम्स संवाददात**

**बडौत।** बढ़ती गर्मी ने दिन निकलते ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। लु के थपेड़ो से लोग बिलबिला उठें है। तेज गर्मी के कारण दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी के लिए और भी तैयार हो जाइये आप अगले 5 दिनों तक उत्तर भारत में दिन का अधिकतर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। कड़ी धूप से बचना होगा मौसम विभाग ने भी रविवार को हिटवेव जारी किया है। आज का तापमान 41 डिग्री सेल्सियम पहुंच चुका है अधिक गर्मी होने के कारण सड़क भी तिलमिला उठी है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों से गर्मी से बचने की सलाह देते हुए अधिक पानी पीने के लिए सभी लोगों से आहवान किया है।



## सर्व समाज के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में ब्राह्मण समाज के थाम्बेदार मा ओंकार शर्मा के निवास पर बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता चौधरी सुभाष शर्मा (चौधरी देश खाप ब्राह्मण समाज) ने की एंव संचालन मा ओंकार शर्मा ने किया।

अपने सम्बोधन में चौधरी सुभाष शर्मा ने कहा कि सपा प्रवक्ता राज. कुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज पर अपमानजंक टिपण्णी की है वह स्वीकार्य नहीं है और इस बैठक के माध्यम से इसकी कड़ी निंदा करती है। ओंकार शर्मा ने कहा कि आज किसी साजिश के तहत सभी ब्राह्मण समाज को अपमानित किया जा रहा है, सपा प्रमुख अखिलेश यादव को तुरंत संज्ञान लेकर राजकुमार भाटी को पार्टी से सपेंड किया जाये, अन्यथा ब्राह्मण समाज चुनाव में सपा का विरोध करेगी। के डी शर्मा ने कहा कि न केवल सपा बल्कि आरएसएस प्रमुख ने ब्राह्मण समाज के आदर्श भगवान विष्णु के छटे अवतार भगवान परशुराम को अपमानजंक शब्द कहे और कहा कि परशुराम हाथ में परसा नहीं कुल्हाड़ी रखते थे हम इसकी निंदा करते है, अपने सम्बोधन में डा. योगेश जिन्दल ने कहा कि यदि ब्राह्मण समाज का अपमान बंद नहीं किया गया तो इसका मुँह तोड़ जवाब दिया जायेगा। बैठक में मौजूद पंडित राममैहर शर्मा, पडित श्रीपाल शर्मा, कृष्णपाल, जगदीश, हरिओम, पंडित देवकुमार शर्मा, राजेंदर जिलेदार, नवयुग शर्मा, अमित शर्मा, जगपाल शर्मा, अनिल कुमार, सुभाष शर्मा प्रेमपाल कश्यप, ओमकार कश्यप, अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे एंव कडे शब्दों में सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी कि निंदा की योगेंद्र यादव, आशुतोष, रत्नलाल, शीबा असलम, व बिलाल आदि भी मौजूद रहे।

## किसान का आरोपः कृषि भूमि पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किसान की कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध रूप कब्जे किए जाने के विरोध में किसान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए दबंगों से भूमि विवाद को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

खेकड़ा तहसील क्षेत्र के बसी गांव के किसान ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। किसान ने आरोप लगाया कि उसकी कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है और लगातार उसे परेशान किया जा रहा है। पीड़ित किसान का कहना है कि उसने वर्ष 2022 में गांव सलावतपुर खेड़ी में करीब 6 बीघा कृषि भूमि खरीदी थी, जिस पर वह लंबे समय से खेती करता आ रहा है। किसान के अनुसार भूमि से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज और राजस्व अभिलेख उसके पक्ष में हैं। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष जबरन जमीन पर कब्जा किए हुए है और खेती करने से रोक रहा है। किसान कहना है कि जब भी वह खेत में फसल बोने या खेती का कार्य करने पहुंचता है तो दबंग लोग ट्रैक्टर चलाकर फसल खराब कर देते हैं। साथ ही जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते है। पीड़ित ने बताया कि पहले भी मामले की शिकायत प्रशासन से की गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। राष्ट्रीय जाट महासभा के पदाधिकारियों ने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संगठन के लोगों ने कहा कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## ब्राह्मण समाज ने की समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विश्वकर्मा वैदिक ब्राह्मण समाज ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 5 मई 2026 को दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित एक कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज और सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। समाज के लोगों का कहना है कि इस बयान से धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में कहा गया कि ऐसे बयानों से समाज में तनाव



और आपसी वैमनस्य बढ़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि राजकुमार भाटी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने चेकिंग दौरान दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चांदीनगर पुलिस ने खेकड़ा क्षेत्र में चलाए गए अपराध नियंत्रण अभियान के तहत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, थाना चांदीनगर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने दो युवकों को रोका और उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार और चाकू बरामद हुए, जिसके बाद उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान आदिक पुत्र सलीम (निवासी नई बस्ती मुगलपुरा, अक्सा मस्जिद के पास, कस्बा बागपत, थाना कोतवाली बागपत) और शादाब पुत्र यासीन (निवासी कस्बा बागपत, थाना कोतवाली बागपत, जनपद बागपत) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना चांदीनगर में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है ताकि अवैध हथियारों के स्रोत और उनके संभावित आपराधिक उपयोग का पता लगाया जा सके।

## समय से मांगों पूरी न होने पर दी बड़ा आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी एक ज्ञापन देकर मांगों को जल्द पूरा किए जाने की मांग की है।



जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें धरना प्रदर्शन कर रोड पर जाम किया जाएगा। इस पर किसानों ने कहना है कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कई समस्याएं उठाईं। किसानों की प्रमुख मांगों में गांगनौली से बड़ौत तक सर्विस रोड का निर्माण शामिल है। किसानों का कहना है कि सड़क की समस्या के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। इसके अलावा मोजिजाबाद नांगल गांव में कब्जाई गई। जमीन को मुक्त कराने की मांग भी की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की अनदेखी के चलते ग्रामीणों की जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। ज्ञापन में कब्रिस्तान की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। किसानों ने कहा कि सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की जमीनों पर कब्जे होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि गांव में कुछ लोगों के साथ पक्षपात किया जा रहा है, जिससे माहौल खराब हो रहा है। भाकियू अराजनैतिक नेताओं ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करते हुए कहा कि यदि 15 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस दौरान संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## हरि कैसल रिसोर्ट में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मवीकलां स्थित द हरि कैसल रिसोर्ट में भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व वाला दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें वक्ताओं द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को विचार परिवार, एकात्म मानववाद, अंत्योदय का सिद्धांत, भाजपा का इतिहास, मीडिया और सोशल मीडिया प्रबंधन, संगठन संरचना और कार्यपद्धति, कार्यकर्ता का आचरण और अनुशासन, राष्ट्र प्रथम की भावना का पाठ पढ़ाया गया। जिला प्रशिक्षण वर्ग में विचार परिवार विषय पर बोलते हुए किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजा वर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का विचार ही हमें (सबका साथ, सबका विकास) के मंत्र पर चलना



सिखाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत फिर से अपना गौरव प्राप्त कर रहा है और यही विचार आज जमीन पर उतर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि किसान, जवान और नौजवान ही राष्ट्र की असली ताकत हैं और भाजपा की नीतियां इन्हीं को केंद्र में रखकर बनती हैं। राजा वर्मा ने कहा कि आजादी से पहले विदेशी आक्रांताओं और गुलामी की जंजीरों ने हमारे स्वाभिमान को कुचलने का प्रयास किया। सोमनाथ से लेकर काशी-मथुरा तक हमारे आस्था केंद्रों पर हमले हुए। जजिया कर लगाकर, जबरन धर्मांतरण कराकर हमारी संस्कृति को मिटाने की को. शिश की गई। लेकिन हमारे विचार परिवार, हमारे गुरुओं, संतों और वीर बलिदानियों ने इस राष्ट्र की चेतना को मरने नहीं दिया।

शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, गुरु गोविंद सिंह जी जैसे महापुरुष उसी प्रतिरोध की मिसाल हैं।

## बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पैट्रोल डीजल सीएनजी गैस दूध के बढाये गये दामों नीट पेपर लीक छात्रों से खिलवाड़ को लेकर पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष चोधरी रामकुमार सिंह व शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व मे बडी संख्या मे कांग्रेस पदाधिकारयो कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर मे नारे बाजी की। तहसील में प्रदर्शन कर राज्यपाल को एक सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी भावना सिंह को प्रेषित किया गया।

कांग्रेस जनो ने भाजपा सरकार को किसान नोजवान आमजन व्यापारी गरीब विरोधी करार दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महासचि. चव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने कहा



पैट्रोल डीजल सीएनजी गैस के बढे दामों का सबसे अधिक असर किसान मजदूर व गरीब वर्ग पर पडा है। पांच किलो का सिलेण्डर गरीब महिलाओं की आवश्यकता है। भारी मंहगाई के चलते चूल्हा बन्द हो गया है। महंगाई ने आसमान छु लिया धीरे धीरे जनता का जीना बेहाल हो जायेगा। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा जहां एक और आमजन पहले ही महंगाई से त्रस्त है। वही पैट्रोल डीजल सी एन जी गैस के दाम बढाकर महंगाई को निमन्त्रण दे दिया जिसने महिलाओं के रसोई के बजट को और बिगाड़ दिया। किसानों मजदूरों के उपर आर्थिक संकट के बादल और मडंरा गये। देश की अर्थव्यवस्था गहरे धरातल मे समा गयी। महंगाई अम्बर छूती जा रही है। कार्यकर्ताओं ने सरकार से पैट्रोल डीजल सीएनजी गैस पर बढाये दामों को वापस लेने की मांग की।

**PUBLIC NOTICE**

I, Akshra Chhabra D/O Ashok Kumar R/O Near SRT Public School New Madho Nagar, Saharanpur, PO: Sharanpur, Dist: Saharanpur, Uttar Pradesh -247001, hereby undertake that I Akshra Chhabra want to change my name to Akshu Chhabra and Gender as Male. I, Akshra Chhabra henceforth be known as Akshu Chhabra S/O Ashok Kumar. The above statement made by me is true and correct to the best of my knowledge and belief. If any legal issue arises in this regard at any stage, I will be personally responsible for the same and the Department of Publication will not be liable for any consequences arising therefrom. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

# चेन्नई ने हैदराबाद को 181 रन का टारगेट दिया

## तेज शुरूआत के बाद लड़खडाए चेन्नई सुपरकिंग्स के शेर, हैदराबाद के गेंदबाजों ने की कसी हुई गेंदबाजी

**■ ब्रेविस ने 44 रन बनाए, कमिंस को 3 और साकिब को 2 विकेट**

**चेपाक, वार्ता।** आईपीएल सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 181 रन का टारगेट दिया है। चेन्नई ने चेपाक में टॉस जीतकर 20 ओवर में 7 विकेट पर 181 रन बनाए। चेन्नई की शुरुआत शानदार रही, संजू सैमसन ने सिर्फ 13 गेंदों में 27 रन ठोक दिए।

इसके बाद कार्तिक शर्मा ने 19 गेंदों पर 32 रन की तेज पारी खेली, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंदों में 44 रन बनाकर पारी को संभाला। अंत में शिवम दूबे ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में पैट कमिंस सबसे सफल रहे। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 28 रन



देकर 3 बड़े विकेट झटके। साकिब हुसैन ने 2 विकेट लिए, जबकि ईशान मलिंगा और प्रफुल हिंगे को 1-1 सफलता मिली। ईशान मलिंगा ने डेथ ओवर्स में हैदराबाद को बड़ी सफलता दिलाई। शानदार लय में दिख रहे डेवाल्ड ब्रेविस 27 गेंदों में 44 रन बनाकर बोल्ड हो गए। मलिंगा की लेंथ गेंद पिच से तेजी के साथ अंदर आई। ब्रेविस ने उसे लेग साइड में खेलने की को. शिश की, लेकिन गेंद की रफ्तार से चकमा खा गए और स्टंप्स बिखर गए। ब्रेविस ने 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से तेज पारी खेली, हालांकि वह अपने अर्धशतक से चूक गए। कमिंस ने अपने स्पेल का शानदार अंत किया। आखिरी ओवर में कुछ रन जरूर गए, लेकिन उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 बड़े विकेट हासिल किए। 12वें ओवर में कमिंस ने गायकवाड का बड़ा विकेट हासिल कर लिया। कमिंस की शार्ट गेंद पर गायकवाड पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और हवा में चली गई। ईशान मलिंगा ने आसान कैच पूरा किया। गायकवाड 21 गेंदों में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में कमिंस ने एक बार फिर बड़ा विकेट निकालकर हैदराबाद को मैच में मजबूत वापसी दिलाई। कार्तिक शर्मा 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हो गए। कमिंस ने 117 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धीमी बैक-आफ-लेंथ गेंद डाली। कार्तिक ने ऑफ साइड पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद में पर्याप्त गति नहीं थी। उनका शाट सीधे डीप कवर पर खड़े नीतीश रेढी के हाथों में गया, जिन्होंने दाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। कमिंस का मैच में यह दूसरा विकेट रहा। चेन्नई ने 8 ओवर के बाद 79/2 का स्कोर बना लिया है। कार्तिक शर्मा ने प्रफुल हिंगे के ओवर में कार्तिक ने 16 रन बटोर लिए।

## कामी ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई करके रिकॉर्ड तोड़ा



**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के जाने-माने पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई कर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने के अपने विश्व रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया। नेपाल के पर्यटन विभाग ने रविवार को बताया कि 55 साल के कामी रीता स्थानीय समयानुसार सुबह 10:12 बजे 8,848-86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। विभाग ने कहा कि कोमोलांगमा आधार शिविर में डिपार्टमेंट के फील्ड ऑफिस से मिली जानकारी के आधार पर, यह चढ़ाई 14 पीक्स एक्सपीडिशन के एक ग्रुप को लीड करते हुए पूरी की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके सबसे करीबी कॉम्पिटिटर पासंग दावा शेरपा हैं, जो माउंट कोमोलांगमा की चोटी पर 29 बार पहुंच चुके हैं। कामी रीता ने पहली बार 1994 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की थी और तब से वे दुनिया भर में पर्वतारोहण करने वाले सबसे मशहूर लोगों में से एक बन गए हैं।

# सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय

## राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए, यशस्वी ने टी-20 क्रिकेट में 4 हजार रन पूरे किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 के 62वें मैच में राजस्थान रायल्स को 5 विकेट से हरा दिया। वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। वहीं, केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए। यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए। राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में 44 छक्के लगा चुके हैं।

वे किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा का 42 छक्कों का रिकार्ड पीछे छोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन तीसरी बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। आईपीएल इतिहास में एक सीजन में तीन बार पहली गेंद पर सिक्स लगाने वाले



बल्लेबाजों की सूची में अब उनका नाम भी शामिल हो गया है। उनसे पहले शाहरुख खान ने 2023, सुनील नरेन 2025, देवदत्त पडीक्कल 2026 में ऐसा कर चुके हैं। आईपीएल में यह 8वीं बार रहा, जब वैभव ने अपनी पारी की शुरुआत सिक्स से की। राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 से ज्यादा रन पूरे किए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 500 रन वाले सीजन खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इस मामले में सिर्फ विराट कोहली उनसे आगे हैं। राहुल ने लगातार तीसरे आईपीएल सीजन में 500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 2024, 2025 और 2026 में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले राहुल 2018 से 2022 तक लगातार 5 सीजन 500 प्लस रन बना चुके हैं। दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान के खिलाफ एक और बड़ी पारी खेलते हुए आईपीएल में अपना 9वां 50 प्लस स्कोर बनाया। इसके साथ ही वह राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकार्ड पीछे छोड़ा, जिन्होंने आरआर के खिलाफ 8 बार 50प्लस स्कोर बनाए थे। राहुल ने यह उपलब्धि सिर्फ 19 पारियों में हासिल की। राहुल आईपीएल इतिहास में 50 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले सिर्फ पां. चवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में विराट कोहली सबसे आगे हैं, जिनके नाम 76 फिफ्टी प्लस स्कोर हैं। राहुल और अभिोक पोरेल ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ 105 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। यह राजस्थान के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की चौथी 100 प्लस रन की साझेदारी रही। राजस्थान रायल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए।

उन्होंने यह उपलब्धि 129 पारियों में हासिल की। वह सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। वह आईपीएल में आरआर के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले दूसरे दिल्ली तेज गेंदबाज बने। इससे पहले उमेश यादव ने 2013 में इसी मैदान पर 4/24 का स्पेल डाला था। राजस्थान रायल्स के कप्तान रियान पराग ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी रही। उन्होंने 13.2 ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

**खेल विशेष**

### भारत मलेशिया मास्टर्स में 26 सदस्यीय टीम उतारेगा

**कुआलालंपुर, वार्ता।** पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने वाली 26 सदस्यों वाली भारतीय टीम में सबसे बड़े आर्कार्ण होंगे। कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में कल से शुरू होने वाले मलेशिया मास्टर्स से पीवी सिधु के हटने और पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाले डबल्स स्टार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के नहीं खेलने के फैसले के साथ, भारत टूर्नामेंट में अधिकतर युवा टीम उतारेगा। पुरुषों के एकल में, लक्ष्य को आठवीं सीड दी गई है और मेन ड्रॉ में उनके साथ 2023 मलेशिया मास्टर्स चैंपियन एचएस प्रणय, किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली होंगे। एस शंकर मुथुसामी क्वालिफायर से शुरुआत करेंगे।

### पहलवान महेंद्र पृथ्वीराज को हराकर 'हिंद केसरी' बने

**कोल्हापुर, सतारा, वार्ता।** महाराट्र के पहलवान महेंद्र गायकवाड़ ने सतारा के छत्रपति शाहू स्टेडियम में हुई दो दिन की 52वीं हिंदी केसरी कुश्ती चैंपियनशिप में पृथ्वीराज मोहोल को हराकर मशहूर 'हिंद केसरी' का खिताब जीता। राजेश्वर प्रतिठान और तालीम संघ ने इस चैंपियनशिप का आयोजन किया। सतारा में पहली बार यह कुश्ती चैंपियनशिप खेली गई। 'हिंद केसरी' खिताब के लिए एक फाइनल कुश्ती मुकाबला कल देर रात 12 बजे के बाद हुआ, जिसमें बहुत कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें पृथ्वीराज मोहोल घायल हो गए और आगे खेलने से मना कर दिया। इसी आधार पर, रेफरी ने गायकवाड़ को हिंदी केसरी खिताब का विजेता घोाित किया। महिलाओं के ग्रुप में, काजल दोचक (हरियाणा) ने खुशी दलाल (दिल्ली) को पॉइंट्स के आधार पर हराकर 'महिला हिंदी केसरी' का खिताब जीता।


### उ. कोरिया ने रिकॉर्ड पांचवां एएफसी अंडर17 एशियन कप खिताब जीता

**सूजौ, वार्ता।** यू जोंग हयांग के चार गोल की मदद से उत्तर कोरिया ने जापान को 5-1 से हराकर एएफजी अंडर17 महिला एशियन कप का खिताब अपने नाम किया। यू ने रविवार को सूजौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 30वें मिनट में स्कोरिंग शुरू की, एक क्रॉस को चेस्ट करके गोल किया, जब एक टीममेट का शॉट स्कफ हो गया था। उन्होंने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद जापानी गोलकीपर के ऊपर से लॉब फिनिश करके बढ़त दोगुना कर दिया। जापान ने 53वें मिनट में युमी हयाशी के जरिए एक गोलकर वापसी का प्रयास किया किया, लेकिन यह स्थिति सिर्फ दो मिनट तक ही रही क्योंकि किम वोन सिम ने यू की मदद से उत्तर कोरिया की दो गोल की बढ़त वापस दिला दी।

# एमएस धोनी एनएसजी कमांडो ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) के रीजनल हब पहुंचे। यहां उन्होंने सब-मशीनगन चलाई और पिस्टल से निशाना लगाया। 44 साल के धोनी ने कमांडोज और उनके परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं न। इस पर जवानों ने कहा- पिछली बार से ज्यादा फिट लग रहे हैं। रविवार को धोनी ने कहा- जैसे-जैसे टाइम बढ़ता है, मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है। वे 2023 में भी एनएसजी कैंप में शामिल हो चुके हैं।

धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। हालांकि, वे चोटिल होने के कारण इस सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए



हैं। आज चेन्नई में सीएसके के आखिरी मैच में उनके खेलने की उम्मीद जताई जा रही है। एमएस धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। वे पैराशूट रेजीमेंट की 106 पैरा टेरिटोरियल आर्मी बटालियन का हिस्सा हैं। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सेना के साथ दो हफ्ते की ट्रेनिंग भी की। बाद में उनका बूट पालिश करते हुए फोटो भी सामने आया था। चेन्नई को आज सनराइजर्स हैदराबाद के साथ चेपक स्टेडियम में खेलना है। उम्मीद लगाई जा रही है कि धोनी इसमें खेल सकते हैं।

# भुवनेश्वर ने पर्पल कैप बढ़त मजबूत की

**■ कोहली, राहुल ऑरेंज कैप तालिका में आगे बढ़े**

**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रॉयल चैलेंजर्स बनाम पंजाब किंग्स तथा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार खेले गए मुक. ाबलों के दौरान जहां भुवनेश्वर कुमार ने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटक कर पर्पल कैप तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।

वहीं ऑरेंज कैप सूची में विराट कोहली और केएल राहुल भी आगे बढ़े है। भुवनेश्वर कुमार का पंजाब किंग्स के खिलाफ भी विकेट लेने का सिलसिला जारी रहा है और उन्होंने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य एवं प्रभसिमरन सिंह को पहले एवं




तीसरे ओवर में ही आउट कर दिया। उन्होंने 38 रन देकर दो विकेट लिए। जहां उनकी इस सीजन इकॉनमी 7-70 है तो वहीं इस मैच में उन्होंने 9-50 की इकॉनमी से रन खर्च किए। इन दो विकेटों के साथ उनके इस सीजन 24 विकेट हो गए हैं जो दूसरे स्थान पर मौजूद कगिसो रबाडा से तीन अधिक हैं। इसके अलावा वह चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से पांच विकेट आगे हैं। शाम वाले मैच में जोफ्रा आर्चर ने 35 रन देकर दो विकेट लिए और बेहतरीन वापसी की। आर्चर 17 विकेट के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। चार अन्य गेंदबाजो के नाम 16 विकेट हैं। ऑरेंज कैप सूची में आरसीबी के विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली और कूपर कॉनली ने भी 22 गेंदों में 37 रन बनाए।

दोनों ने बल्लेबाजों पंजाब किग्स के खिलाफ टीम की जीत में अहम योगदान दिया। कोहली के इस सीजन 542 रन हो चुके हैं और वह शीर्ा दो पर मौजूद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) के करीब आ गए हैं। कॉनली के अब 473 रन हैं और वह आठवें स्थान पर हैं। दिन के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराया जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली और केएल राहुल ने 42 गेंदों में 56 रन बनाए। इस पारी के साथ ही राहुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाइनरिक क्लासन को पांचवें स्थान पर धकेल दिया और खुद 533 रनों के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। 486 रनों के साथ सूर्यवंशी छठे स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड के एरॉन राय ने जीता यूएस पीजीए का खिताब

**पेन्सिलवेनिया, वार्ता।** इंग्लैंड के एरॉन राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस पीजीए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा खिताब है। वह एक सदी से ज्यादा समय में वानामेकर ट्रॉफी जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी है। और एक दशक में जीतने वाले पहले गैर-अमेरिकी है।

पिछले चार दिनों में जिस कोर्स सेट-अप ने कई लोगों के दिमाग को उलझाया हुआ था, उस पर 31 साल के राय ने रविवार के आखिरी राउंड में साफ और शांत होकर खेला। वॉल्वरहैम्प्टन में जन्मे राय ने खुद को लीड में लाने के बाद, एक जादुई पल ने यह पक्का कर दिया कि वे गोल्फ की दुनिया में हमेशा याद किए जाएंगे। 17वें ग्रीन पर 69 फुट का पुट लगाकर - जो पूरे हफ्ते का दूसरा



सबसे लंबा पुट था, जीत लगभग पक्की कर दी। इससे राय, जो कभी किसी मेजर में टॉप 10 में नहीं रहे थे, को शानदार फाइव-अंडर-पार 65 का स्कोर बनाने और कुल मिलाकर नौ अंडर पर रहने में मदद मिली। यह स्पेन के दो बार के मेजर चैंपियन जॉन रहम और अनजान अमेरिकी एलेक्स स्माले - जो रातों-रात लीडर बने थे, से तीन शॉट आगे रहने के लिए काफी था, जो संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। राय ने कहा, यह बहुत अजीब है, जिन्हें इस साल गर्दन की चोट के कारण कई बार अभ्यास करने में दिक्कत हुई है। यह एक निराशाजनक सीजन रहा है, इसलिए यहां खड़ा होना मेरी सोच से भी परे है। रहम और स्माले के पीछे, अमेरिका के दो बार के चैंपियन जस्टिन थॉमस, स्वीडन के लुडविग एबर्ग और कम जाने-माने जर्मन मैथियास श्मिड के बीच पांच अंडर पर तीन-तरफा टाई था। पूर्व वर्ल्ड नंबर एक थॉमस ने पांच-अंडर 65 के बाद शुरुआती टारगेट पोस्ट किया था, फिर क्लब हाउस में बैठकर सब्र से इंतजार किया, और जीतने के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद की।

हवा वैसी तेज नहीं हुई जैसी थॉमस ने उम्मीद की थी। फिर भी, पेन्सिलवेनिया की धूप में बहुत ज्यादा ढलान वाले ग्रीन्स मजबूत थे और मोटी रफ लगातार पेनल्टी वाली थी, इसलिए स्कोरिंग के मौके कम ही रहे। पूरे हफ्ते ऐसा लगा कि जो स्ट्रेटेजिक सोचेगा वही जीतेगा, और राय, जो टूर पर अपनी मेहनत के लिए जाने जाते हैं, ने ध्यान से जीत का रास्ता बनाया। टी से अपनी बॉल को फेयरवे पर रखना एक असरदार टैक्टिक साबित हुई।

# महवश ने चहल संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**■ कहा: युजवेंद्र को एक अच्छे दोस्त की जरूरत थी, मैं दोस्ती अच्छे से निभाती हूं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर आरजे महवश ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्शन दिया। महवश ने कहा कि उनके और चहल के बीच सिर्फ दोस्ती थी। हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफालो किया था, जिसके बाद चर्चाएं तेज हो गईं। इस पर महवश ने पिंकविला को दिए इंटरव्यू में कहा, श्लोगों का यह है ना कि चीजों को बहुत बड़ा बना देते हैं।

इतनी कोई बड़ी बात नहीं होती, जब आप खुद उस चीज से गुजर रहे होते हो। दोस्तों में बहस हो गई, अनफालो हो गया और बात खत्म। इसमें इतनी बड़ी बात है ही नहीं। उन्होंने कहा कि जिन दोस्तों के साथ आपने छोटी-छोटी बातों पर हंसते हुए वक्त बिताया हो, उनके लिए दिल में बैर नहीं रखना चाहिए।

मैं हमेशा उन्हें आल द बेस्ट विश करूंगी और मेरी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ रहेंगी। साल 2025 में चहल और धनश्री के तलाक के बाद चहल और महवश को कई बार साथ देखा गया, जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चा होने लगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी और चहल की दोस्ती से बढ़कर भी कुछ था, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। महवश ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं था। मैं दोस्ती बहुत अच्छे से निभाती हूं। उस समय उन्हें एक अच्छे दोस्त की बहुत जरूरत थी।' महवश ने चहल के मेंटल स्ट्रगल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि उन्होंने अपने पाडकास्ट में बताया था कि उनके मन में सुसाइडल थाट्स आ रहे थे। उस समय हम सब कोशिश कर रहे थे कि किसी तरह उनका आईपीएल सीजन अच्छे से निकल जाए। हम सबने मिलकर उनका जितना साथ दे सकते थे, दिया।' उन्होंने यह भी कहा कि मेरे लिए बस इतना था कि अपने दोस्त के साथ खड़े रहना है। हम ऐसे वक्त में उनके साथ थे। महवश ने यह भी साफ किया कि अगर आगे उनकी और चहल की मुलाकात होगी, तो सब पहले जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि हम वैसे ही मिलेंगे जैसे हमेशा मिलते थे।

# परीक्षा में सुधार जरूरी

नीट पेपर लीक केस में सरकार एक्शन मोड में दिख रही है और वह इस मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारी कर रही है। लेकिन अगर लीक होने से पहले ही इसका पता चल जाता, तो बेहतर होता। क्योंकि विपक्ष सरकार पर हमलावर हो रहा है और कह रहा है कि सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दिया है। विपक्ष का यह आरोप सही भी है, क्योंकि आज के युवा ही कल के भारत के कर्णधार हैं। अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे। अगर ऐसा हुआ, तो सरकार अधिकारी कहां से लाएगी। इसलिए सरकार को इस बात पर गंभीर मंथन करना चाहिए और ऐसी नीति बनानी चाहिए कि पेपर लीक ही न हों। हालांकि सरकार ने सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी कर ली है और सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सरकार को अब और मजबूती के साथ प्रतियोगी परीक्षाएं करवानी होंगी। नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधली रोकने के लिए एन्क्रिप्टेड डिजिटल पेपर लागू करनी चाहिए, जिसमें परीक्षा से कुछ मिनट पहले ही केंद्र पर पासवर्ड के जरिए पेपर प्रिंट हों। इसके अलावा एआई आधारित सीसीटीवी मॉनिटरिंग और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन जैसे कदम बहुत जरूरी हैं। प्रश्न पत्रों को ब्लॉकचेन तकनीक और एन्क्रिप्शन के जरिए डिजिटल लॉक किया जाए। कंप्यूटर-बेस्ड टेस्टिंग मोड या हाइब्रिड मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, जिससे शारीरिक रूप से पेपर ले जाने की आवश्यकता न पड़े। पेपर लीक करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम के तहत सख्त सजा (10 साल तक की कैद और भारी जुर्माना) सुनिश्चित की जाए। पेपर ले जाने वाले सभी वाहनों की लाइव जीपीएस ट्रैकिंग हो और वे पुलिस सुरक्षा में रहें। डबल-लॉक सिस्टम वाले स्ट्रांग-रूम में पेपर रखे जाएं और सीसीटीवी कैमरों की सीधी निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से हो। बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट्स, आइरिस स्कैन (आँखों की स्कैनिंग) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस सीसीटीवी का उपयोग हो, ताकि सॉल्वर गैंग या मुन्ना भाई जैसे फर्जी उम्मीदवारों को पकड़ा जा सके। परीक्षा केंद्रों के आवंटन में लॉटरी सिस्टम अपनाया जाए और कोचिंग संस्थानों से जुड़े केंद्रों को बाहर रखा जाए। एक स्वतंत्र और केंद्रीय निगरानी संस्था का गठन किया जाए, जो परीक्षा के हर चरण (पेपर सेटिंग से लेकर रिजल्ट तक) की ऑडिट कर सके और परीक्षा प्रक्रिया में इंसानी दखल को कम से कम करके पूरी तरह से स्वचालित और केंद्रीकृत व्यवस्था बनाई जाए, ताकि ऐसी परीक्षाओं में सुधार हो सके। इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे, उनका भविष्य खराब होगा।

# तेल से लेकर महंगाई तक की बढ़ेगी मार



ईरान युद्ध की वजह से दुनिया में ऊर्जा संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। यह संकट एक नए और ज्यादा खतरनाक दौर में पहुंचता दिख रहा है। दुनिया के करीब 80 देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए इमरजेंसी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सबसे बड़ी चिंता होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है, जहां से तेल और गैस की सप्लाई अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है। फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में इसे लेकर चेतावनी दी है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर भारी उछाल आ सकता है।

फंड मैनेजमेंट कंपनी एबरडीन के मुख्य अर्थशास्त्री पाल डिगल ने कहा कि उनकी टीम ऐसे हालात पर नजर रख रही है, जिसमें ब्रेंट क्रूड आयल 180 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कई देशों में महंगाई तेजी से बढ़ेगी और मंदी का खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया फिलहाल उधार के समय पर चल रही है। गर्मी का मौसम शुरू होने के कारण एयर कंडीशनर का इस्तेमाल और हवाई यात्राएं बढ़ रही हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल और कच्चे तेल की मांग तेजी से बढ़ रही है। दूसरी तरफ दुनिया भर में तेल का भंडार रिकॉर्ड स्तर पर तेजी से घट रहा है। आस्ट्रेलिया ने ईंधन और खाद के भंडार बढ़ाने के लिए 10 अरब डॉलर खर्च करने का फैसला किया है। फ्रांस ने कहा है कि वह अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए मदद का दायरा और बढ़ाएगा। वहीं भारत ने लोगों से अपील की है कि वे सोना कम खरीदें और विदेश यात्राओं से बचें, ताकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे।

### पांच शर्तों की वजह से अमेरिका-ईरान में नहीं बन रही बात

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अभी भी कम नहीं हुआ है। युद्धविराम के बाद दोनों देश फिर से शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों ने एक-दूसरे के सामने सख्त शर्तें रख दी हैं। ईरान की फर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के सामने पांच बड़ी मांगें रखी हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने पास मौजूद 400 किलो हाई-एनरिच्ड यूरेनियम सौंप दे। अमेरिका का कहना है कि ईरान सिर्फ एक न्यूक्लियर फैसिलिटी चालू रखे और बाकी परमाणु गतिविधियों को सीमित करे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका युद्ध में हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देगा। इसके अलावा अमेरिका ईरान की विदेशों में जमा पूरी रकम भी वापस करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका 25: से भी कम राशि जारी करना चाहता है। अमेरिका की एक और शर्त यह है कि बातचीत के दौरान क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां कम की जाएं और आगे की कार्रवाई बातचीत की प्रगति के हिसाब से तय हो। इसके जवाब में ईरान ने भी अपनी पांच शर्तें रख दी हैं। ईरान ने कहा है कि वह तभी बातचीत करेगा जब पूरे क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई बंद होगी। खासतौर पर लेबनान में चल रही सैन्य गतिविधियां खत्म करनी होंगी। ईरान ने अमेरिका से सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाने की मांग की है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी यानी आईईए के मुताबिक, मार्च के अंत तक 55 देशों ने इमरजेंसी कदम उठाए थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 76 हो गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आने वाले कुछ हफ्तों में युद्ध खत्म नहीं हुआ और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह नहीं खुला, तो दुनिया मंदी की तरफ जा सकती है। यूरोपीय संघ के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्तास ने भी कहा कि हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। आईईए के मुताबिक मार्च से जून के बीच दुनिया में तेल की खपत उत्पादन से करीब 60 लाख बैरल प्रतिदिन ज्यादा रही है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह कमी 80 से 90 लाख बैरल प्रतिदिन तक हो सकती है। इस कमी को पूरा करने के लिए सरकारें और कंपनियां अपने पुराने तेल भंडार तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया के तेल भंडार में करीब 38 करोड़ बैरल की कमी आ चुकी है। सरकारें अपने इमरजेंसी रिजर्व से रोज 20 लाख बैरल से ज्यादा तेल बाजार में भेज रही हैं, लेकिन यह व्यवस्था जुलाई तक खत्म हो सकती है। अगर हालात और बिगड़े तो कई देशों में पेट्रोल-डीजल की राशनिंग शुरू हो सकती है। फैक्ट्रियां बंद हो सकती हैं और सप्लाई चेन पर बड़ा असर पड़ सकता है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही है। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि मांग कम करने के लिए कीमतों का और ज्यादा बढ़ना पड़ सकता है। पाकिस्तान, श्रीलंका और फिलीपींस जैसे देशों में पहले से ईंधन संकट दिखने लगा है। इन देशों ने अस्थायी तौर पर चार दिन का वर्किंग वीक लागू किया है। सबसे ज्यादा असर पेट्रोकेमिकल और एविएशन सेक्टर पर पड़ रहा है। कई रिफाइनरी कंपनियां महंगा तेल खरीदने से बच रही हैं और पुराने स्टाक का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि युद्ध जल्द खत्म होगा। हालांकि कुछ अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आने वाले समय में तेल की सप्लाई सुधर सकती है और कीमतें फिर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ सकती हैं। लेकिन अगर तेल 150 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर गया, तो दुनिया को भारी महंगाई, सप्लाई संकट और मंदी का सामना करना पड़ सकता है।

## श्रीमुख से...

### अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए



सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे, भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मों के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए, ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए, जनहित में बनाए गए कानूनों का अनुपालन सभी धर्मों के लोगों पर एक समान रूप से होना चाहिए,संविधान और कानून की मान-मर्यादा बनाए रखना जरूरी है।

**सुश्री मायावती, अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# केरलम: सतीशन ने वेणुगोपाल को पछाड़ा



केरलम के नए मुख्यमंत्री की रेस में सतीशन के अलावा वरिष्ठ नेता के। सी। वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला भी शामिल थे, लेकिन लगातार मंथन के बाद सतीशन के नाम पर मुहर लगी। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही सहयोगी दलों ने खुलकर सतीशन का समर्थन किया था। उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और केरल कांग्रेस (जोसेफ) जैसे सहयोगी दलों का भी समर्थन था। दोनों दल खुलकर सतीशन के समर्थन में थीं। मुख्यमंत्री की रेस में वेणुगोपाल को पीछे छोड़ने वाले सतीशन केरलम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रख्यात वकील भी हैं। वकालत की दुनिया से सक्रिय राजनीति में आए सतीशन के बारे में कहा जाता है कि वह अपने कार्यकर्ताओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। वह जमीनी स्तर पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। वह एर्नाकुलम जिले की परावुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। साल 2001 में वह परावुर सीट से पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद से वह इस सीट पर लगातार अजेय बने रहे। सतीशन ने 2001 में पहली जीत हासिल करने के बाद 2006, 2011, और 2016 में भी जीत हासिल की। फिर 2021 के चुनाव में विजय हासिल करने हुए जीत का पंजा लगाया। 2026 में उन्होंने इस सीट पर अपनी छठी सीट पर जीत दर्ज कराई। शुरुआत में परावुर सीट नार्थ परावुर सीट हुआ करती थी। हालांकि वह स्कूली जीवन से ही छात्र राजनीति में आ गए थे और लगातार सक्रिय रहे। वह MG यूनिवर्सिटी यूनियन के चेयरमैन रहे, जो कांग्रेस की युवा शाखा, केरल स्टूडेंट्स यूनियन का प्रतिनिधित्व करती है। बाद में वे कांग्रेस की राष्ट्रीय छात्र शाखा छैन्‍ के सचिव बने। वह मजदूर नेता भी रहे। वे कोचीन के औद्योगिक क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक श्रमिक संघों के अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस के अंदर उनकी सक्रियता भी लगातार बनी रही। सथीसन केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी सदस्य होने के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कांग्रेस विधायक दल के व्हिप भी रहे हैं। सतीशन को किताबों का भी शौक है। वह प्रकृति प्रेमी भी हैं और उन्हें ट्रेकिंग करना भी पसंद हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा नेटूर और पनांगड से पूरी की, जबकि आगे कालेज की पढ़ाई कोचीन और तिरुवनंतपुरम से पूरी की। भावी मुख्यमंत्री ने अपनी डिग्री स्तर की पढ़ाई एर्नाकुलम के थेवारा स्थित सेक्रेड हार्ट कालेज से हासिल की, फिर उन्होंने राजगिरी कालेज ऑफ़ सोशल साइंसेज से सोशल सर्विस में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया। इसके बाद वह तिरुवनंतपुरम आ गए और ला एकेडमी से स्स्ठ की डिग्री हासिल ली फिर यहीं पर गवर्नमेंट ला कालेज से स्स्ड भी पूरा किया। वे एक बेहतरीन वक्ता हैं और उन्होंने केरल विधानसभा में कई अहम मुद्दे उठाए हैं। चुनाव हलफनामे के अनुसार, एडवोकेट सतीशन के पास 6।7 करोड़ रुपये की संपत्ति है जबकि उन पर 41।5 लाख रुपये की देनदारी भी है। उन्होंने अपनी वार्षिक आय 2।8 लाख रुपये बताई है। हलफनामे के अनुसार उनके खिलाफ 18 लंबित आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 7 मामले गंभीर प्रकृति के हैं। केरल के मुख्यमंत्री के नाम को चुनने में देरी पर पीएम मोदी के बयानों पर कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने जवाब दिया है। चेन्निथला ने पीएम मोदी को याद दिलाया कि बीजेपी ने खुद दिल्ली में सीएम चुनने में 50 दिन लगाए थे। उन्होंने कांग्रेस को लोकतांत्रिक बताया और कहा कि बीजेपी में हाई कमान ही सभी फैसले लेता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पीएम मोदी को दिल्ली में अपनी ही पार्टी के में हुई देरी लीडरशिप चुनने के इतिहास को लेकर शायद याददाश्त चली गई है। केरल के मुख्यमंत्री के चुनने में हो रही देरी को लेकर पीएम के तंज का उन्होंने जवाब दिया। चेन्निथला ने कहा कि भाजपा ने खुद दिल्ली में अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को चुनने में 50 दिनों की देरी की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पार्टी के कामकाज में एक पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करती है। कांग्रेस में किसी तरह की 'तानाशाही' व्यवस्था के लिए कोई जगह नहीं है। इसके विपरीत भाजपा में पीएम मोदी और अमित शाह ही पार्टी के सभी फैसले लेते हैं। चेन्निथला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद रखना चाहिए कि दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करने में उन्हें 50 दिन लगे थे। अब जाकर मुझे एहसास हुआ है कि पीएम मोदी की याददाश्त शायद कमजोर हो गई है।

# चीन यात्रा को लेकर खुलकर नहीं बोल पा रहे हैं डोनाल्ड ट्रम्प



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय चीन के दौरे को लेकर अब तक खुलकर नहीं बोल रहे हैं। ट्रम्प जब तीन दिन के चीन दौरे पर रवाना हो रहे थे, तब उनकी हालत देखकर चीन के लोगों को माओत्से तुंग की बात याद आ रही थी। बात सितम्बर 1958 की है। ताइवान पर कब्जा करने के लिए चीन ने हमला किया था और अमेरिका ने ताइवान की मदद के लिए अपनी नौसेना का बेड़ा साउथ चाइना सी में उतार दिया था।

उस वक्त माओत्से तुंग ने कहा था कि अगर अमेरिका ने अपनी आक्रामक और युद्धकारी नीतियां जारी रखीं, तो वो दिन दूर नहीं, पूरी दुनिया उसे सूली पर लटका देगी और अमेरिका के सहयोगियों का भी यही अंजाम होगा। दरअसल, चीन दौरे से पहले ट्रम्प का हाल कुछ ऐसा ही था। ईरान युद्ध में अमेरिका अकेला फंसा था। सहयोगी देशों ने पल्ला झाड़ लिया था और ऐसे में ट्रम्प को चीन की याद आई। तीन दिन तक ट्रम्प, उनकी कैबिनेट के तीन बड़े मंत्री और 30 अमेरिकी उद्योगपति बीजिंग में मीटिंग, चैटिंग और ईटिंग करते रहे। कैपिटल एयरपोर्ट पर उस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का विमान लैंड कर चुका था। चीन के प्रधानमंत्री चाउ एनलाई राष्ट्रपति निक्सन और फर्स्ट लेडी पैट्रिसिया निक्सन का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे। ग्लोबल डिप्लोमेसी के लिए वो ऐतिहासिक दिन था, क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े पूंजीवादी देश अमेरिका ने कम्युनिस्ट चीन के लिए अपने दरवाजे खोल दिए थे। राष्ट्रपति निक्सन का चीन दौरा सामान्य नहीं था। ये मजबूरी का दौरा था। अमेरिका 17 साल से वियतनाम युद्ध में फंसा हुआ था। राष्ट्रपति निक्सन वियतनाम युद्ध से बाहर निकलना चाहते थे और उन्हें अच्छी तरह मालूम था कि चीन की मदद के बिना वियतनाम युद्ध खत्म नहीं हो सकता। ये बात उन्होंने चीन की यात्रा पर जाने का ऐलान करने से पहले ही कबूल कर ली थी। राष्ट्रपति निक्सन को चीन से मदद चाहिए थी, इसलिए अमेरिका से चीन की उड़ान भरते समय वो पूरे रास्ते कूटनीतिक सौदे की लिस्ट बनाते रहे कि चीन को बदले में क्या दिया जा सकता है? कम्युनिस्ट चीन उस समय अमेरिका और पश्चिम देशों के लिए अछूत था। अमेरिका ने चीन को मान्यता तक नहीं दी थी।

चीन की आर्थिक हालत खराब थी। राष्ट्रपति निक्सन ने कम्युनिस्ट चीन को आर्थिक मदद और पूंजी निवेश का भरोसा दिया। साथ ही चीन का भरोसा जीतने के लिए वो वहां की जनता, संस्कृति और इतिहास का बखान करते रहे। अमेरिका और चीन के रिश्तों का वर्तमान एक बार फिर अतीत की दहलीज पर खड़ा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगभग रिचर्ड निक्सन वाले हालात में ही चीन के दौरे पर पहुंचे। निक्सन को वियतनाम युद्ध के दलदल से बाहर निकलना था, तो ट्रम्प ईरान युद्ध में बुरी तरह फंसे हुए थे। होर्मुज स्ट्रेट बंद करके ईरान अपनी शर्तों पर समझौता करने की जिद पर अड़ा था। राष्ट्रपति ट्रम्प को मालूम था कि ईरान का मसला चीन को साथ लिए बिना नहीं सुलझने वाला। हालांकि ट्रम्प का लहजा चीन पर एहसान लादने जैसा ही था। याद कीजिए कि चीन दौरे पर रवाना होने से पहले उन्होंने क्या कहा था। ट्रम्प ने कहा था कि ईरान के पीछे चीन खड़ा है। युद्ध में ट्रम्प के इकलौते पार्टनर इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू भी उसी दिन ये बता चुके थे कि ईरान की अकड़ के पीछे असली ताकत चीन की ही है। राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के एजेंडा में ईरान युद्ध और होर्मुज पहले नंबर पर था। सवाल सिर्फ ये था कि ईरान पर चीन से दबाव डलवाना है, तो बदले में ट्रम्प चीन को क्या दे सकते हैं? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं था। राष्ट्रपति ट्रम्प के पास भी नहीं, लिहाजा उन्होंने चीन की तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिए। ईरान के मसले पर ट्रम्प को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मायूस कर दिया। उन्होंने ईरान को कोई संदेश देने के बजाय सिर्फ इतना कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल नहीं वसूला जाना चाहिए और ना ही फारस की खाड़ी को जंग का मैदान बनाना चाहिए। चीन का इशारा अमेरिका की ओर ही था, जिसकी नौसेना ने ईरान की समुद्री नाकाबंदी कर रखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान और चीन की जिस रणनीतिक दोस्ती को खत्म कराना चाहते हैं, उस दोस्ती का जन्म ही ट्रम्प की वजह से हुआ। ये सिलसिला ट्रम्प के पहले कार्यकाल में शुरू हुआ। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ परमाणु समझौता रद्द कर दिया था। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की मार बढ़ती जा रही थी। उस वक्त ट्रम्प को उनके सलाहकारों ने बताया कि ईरान का 80 प्रतिशत तेल चीन ही खरीद रहा है।

लिहाजा ट्रम्प ने चीन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वो ईरान से तेल खरीदना बंद कर दे। खबर थी कि अमेरिका से टकराव टालने के लिए चीन ऐसा करने के बारे में सोच रहा है। लेकिन, दो महीने बाद ही जुलाई 2019 में राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन की सरकारी तेल कंपनियों पर पाबंदी लगाने का एलान कर दिया। ट्रम्प सरकार के इसी फैसले ने चीन को उकसा दिया। इसके बाद चीन को अमेरिका की दादागीरी बर्दाश्त नहीं थी।



नॉर्वे। ओस्लो पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए।

## ट्रम्प ने चीन से 17 अरब डॉलर के वार्षिक कृषि उत्पाद खरीदने का वादा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत चीन ने अगले तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष कम से कम 17 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अक्टूबर 2025 में की गई सोयाबीन संबंधी पूर्व प्रतिबद्धताओं के अतिरिक्त है। व्यापार के अलावा यह समझौता दो नए द्विपक्षीय तंत्रों, अमेरिका-चीन व्यापार बोर्ड और अमेरिका-चीन निवेश बोर्ड की स्थापना भी करता है, जिनका उद्देश्य राष्ट्रपति ट्रम्प की चीन यात्रा के बाद आर्थिक समन्वय को मजबूत करना है। दोनों पक्षों ने ईरान, उत्तर कोरिया और होर्मुज जलडमरूमध्य सहित प्रमुख भू-राजनीतिक मुद्दों पर भी सहमति के संकेत दिए हैं।

## एफआरआरओ से जुड़े शेल्टर होम से चार अफ्रीकी महिलाएं फरार

**बेंगलुरु।** विदेशी नागरिकों के लिए यहां बने सरकारी निगरानी वाले शेल्टर होम में रह रही चार अफ्रीकी महिलाओं के खिड़की तोड़कर परिसर से भाग जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना 11 मई को तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच उत्तरी बेंगलुरु के डोड्डागुब्बी में 'न्यू अर्क मिशन ऑफ इंडिया' संचा. लित 'होम ऑफ होप' शेल्टर होम की है और एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उन चारों अफ्रीकी महिलाओं का कोई पता नहीं चला है। रिपोर्टों के मुताबिक ये महिलाएं क्षेत्रीय विदेशी पंजीयन कार्यालय की देखरेख और निर्देशों के तहत वहां रह रही थीं। शेल्टर होम के मैनेजर श्रीनिवास एन की दर्ज कराई शिकायत के अनुसार, इस संस्थान में 22 पुरुषों और 18 महिलाओं सहित कुल 40 विदेशी नागरिक रह रहे थे।

# भारत-स्वीडन के बीच संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी: मोदी

### दोनों देशों के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौते

**गोथेनबर्ग ( स्वीडन )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और स्वीडन के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौतों और घोषणाओं से भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। स्वीडन की यात्रा पर गए मोदी ने रविवार देर रात स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने छह क्षेत्रों में सहयोग की घोषणा और समझौते किए।

मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। उन्होंने कहा कि ये समझौते भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे। मुझे विश्वास है कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध



■ मुझे विश्वास है कि भारत व स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी: पीएम

और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। इन समझौतों और घोषणाओं के तहत दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत स्थिरता और सुरक्षा के लिए दोनों देश रणनीतिक संवाद करेंगे। उनके बीच अगली पीढ़ी की आर्थिक साझेदारी होगी। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और लोगों के बीच सहयोग को बल मिलेगा। दोनों देशों ने भारत-स्वीडन संयुक्त नवाचार भागीदारी 2-0 शुरू करने का भी निर्णय लिया है। भारत और स्वीडन संयुक्त रूप से प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता कॉरिडोर का विकास करेंगे। उन्होंने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है। स्टार्ट अप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने भारत-स्वीडन एसएमई और स्टार्ट अप प्लेटफार्म के विकास की भी घोषणा की। दोनों देशों ने विकास भी विरासत श्रृंखला के तहत टैगोर-स्वीडन व्याख्यान भी शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है।

## राजनाथ वियतनाम और कोरिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रवाना हुए। रक्षा मंत्रालय ने आज बताया कि सिंह 18 से 19 मई तक वियतनाम की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जिसके बाद वह 19 से 21 मई तक दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। सिंह ने दोनों देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले सोशल मीडिया में एक पोस्ट में दोनों एशियाई देशों की यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया ताकि द्विपक्षीय सहभागिता के दायरे का और विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्य ध्यान रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर होगा, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा। रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जिसे पांच से सात मई तक वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित किया गया था।

# होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप

### इकोनॉमी 8.6 प्रतिशत गिर सकती है, होर्मुज स्ट्रेट से ही होता है भारत का सबसे ज्यादा एलपीजी आयात

**दोहा।** कतर फारस की खाड़ी में मौजूद एक छोटा-सा रेगिस्तानी देश था, जहां ज्यादातर लोग मोती निकालने और समुद्र से जुड़े छोटे-मोटे कारोबार पर निर्भर थे। फिर प्राकृतिक गैस ने इस देश की किस्मत पूरी तरह बदल दी। कतर ने 90 के दशक में बड़े पैमाने पर एलएनजी यानी लिक्विफाइट नैचुरल गैस बनाकर उसे होर्मुज स्ट्रेट के जरिए दुनियाभर में भेजना शुरू किया। इससे उसे हर साल अरबों डालर की कमाई होने लगी। सिर्फ 30 साल में वह दुनिया के सबसे अमीर देशों में शामिल हो गया, लेकिन 28 फरवरी के बाद अचानक सब बदल गया। जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया और कतर की दुनिया तक पहुंच लगभग कट गई है।

युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला है। इससे देश में मंदी का खतरा बढ़ गया है। भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरी. दता है। अलग-अलग रिपोर्टों के मुताबिक, भारत की कुल एलएनजी आयात का करीब 40 प्रतिशत से 47 प्रतिशत हिस्सा कतर से आया है। कतर में 1971 में नार्थ फील्ड नाम का विशाल गैस भंडार मिला था। इसे दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडारों में गिना जाता है। तब दुनिया में ज्यादातर देशों तक गैस पाइपलाइन के जरिए पहुंचाई जाती थी। समस्या यह थी कि कतर एक छोटा-सा खाड़ी देश है और उससे सीधे यूरोप या एशिया तक पाइपलाइन बिछाना बेहद महंगा और मुश्किल था। तब कतर ने एक बड़ा दांव खेला। उसने अपनी प्राकृतिक गैस को बहुत ज्यादा ठंडा करके तरल, यानी लिक्विड बनाने की तकनीक अपनाई। इसमें गैस को करीब माइनस 162 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जाता है। इतना ठंडा होने पर गैस सिकुड़कर तरल बन जाती है और उसका आकार करीब 600 गुना छोटा हो जाता है। यही एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस कहलाती है। इससे गैस को पाइपलाइन की बजाय जहाजों से दुनियाभर में भेजना संभव हो गया। यहीं से कतर एक ऊर्जा महाशक्ति बनकर उभरा। 1996 में जापान को 60 हजार टन एलएनजी की पहली खेप भेजी गई। इसके बाद उत्पादन तेजी से बढ़ा और 2010 तक कतर की क्षमता 7.7 करोड़ टन सालाना पहुंच गई। कतर की 60 फीसदी से ज्यादा कमाई गैस और उससे जुड़े कारोबार से होती रही। इस कमाई ने कतर के रेगिस्तान की तस्वीर बदल दी। जहां कभी कच्ची सड़कें और खाली रेतीले मैदान थे, वहां आज ऊंची-ऊंची कार्पोरेट इमारतें, चौड़ी सड़कें और आधुनिक शहर खड़े हैं। शहरों में ऐसी सिंचाई व्यवस्था बनाई गई कि रेगिस्तान के बीच भी हरियाली, घास और चमकीले फूल दिखाई देने लगे।

दोहा जैसे शहर आधुनिक महानगरों में बदल गए। कतर ने मेट्रो नेटवर्क बनाया, जो राजधानी दोहा को उत्तर में बसे लुसैल शहर से जोड़ता है। लुसैल में पेरिस जैसे डिजाइन वाला विशाल माल बनाया गया और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क भी तैयार किया गया। कतर ने साल 2022 में दुनिया का सबसे महंगा फुटबाल वर्ल्ड कप आयोजित किया। इतना ही नहीं, उसने करीब 600 अरब डालर का सावरेन वेल्थ फंड बनाया, जिसने लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट, न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग और दुनिया भर की बड़ी संपत्तियों में निवेश किया। लुसैल में पेरिस की तर्ज पर बना एक बड़ा माल और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क मौजूद है। कतर की आर्थिक सफलता में रस लाफान की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसे कतर की गैस इकोनामी का दिल माना जाता है। दोहा से 80 किमी उत्तर रेगिस्तान में बसे इस इंडस्ट्रियल सिटी की वजह से कतर दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी निर्यातकों में शामिल हुआ।



■ युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला

■ भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरीदता है

## ईरान की हमले से कतर के रस लाफान को नुकसान

**दोहा।** कतर एनर्जी ने ईरानी हमलों और होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से दो महीने से ज्यादा पहले रस लाफान में एलएनजी यानी तरलीकृत प्राकृतिक गैस का उत्पादन रोक दिया था। हाल के युद्ध में ईरान ने इसे निशाना बनाया। मिसाइलों और ड्रोन हमलों में रस लाफान के कुछ महत्वपूर्ण उपकरणों को नुकसान पहुंचा, जिससे कतर की गैस उत्पादन क्षमता करीब 17 फीसदी घट गई। इसी वजह से यह इलाका अब कतर की सबसे बड़ी चिंता भी बन गया है। कतर का सबसे बड़ा गैस उत्पादन केंद्र रस लाफान लगभग बंद पड़ा है। वहां की सड़कें बंद कर दी गई हैं। राजधानी दोहा के दक्षिण में बने विशाल हमाद पोर्ट पर लोडिंग क्रेन खामोश खड़ी हैं। जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। राजधानी के होटल, लग्जरी दुकानें और बाजार खामोश हैं। एशिया ग्रुप नाम की रणनीतिक सलाहकार कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अहमद हेलाल ने कहा कि कतर की पूरी अर्थव्यवस्था गैस निर्यात पर टिकी हुई है। उनके मुताबिक कि आज कतर में जो कुछ भी दिखाई देता है, वह ऊर्जा से आई दौलत की वजह से बना है।

## मेक्सिको में 10 लोगों की गोली मारकर हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में एक बड़े गोलीकांड में 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने पुष्टि की कि मरने वालों में छह पुरुष, तीन महिलाएं और एक नाबालिग शामिल है। अधिकारियों ने अभी तक किसी पीड़ित का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। अधिक. ारियों के मुताबिक, पड़ोसियों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर कई लोग गोली लगने से घायल मिले। एक महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

तेहुइत्जिंगो करीब 11300 आबादी वाला शहर है, जो मेक्सिको सिटी से लगभग 208 किमी पर है। मेक्सिको 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप की सह- मेजबा. नी करने जा रहा है। मेक्सिको सिटी, मान्टेरी और ग्वाडलहारा में 13 मैच खेले जाएंगे। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम 1 लाख सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का ऐलान कर चुकी हैं। प्यूब्ला सरकार ने कहा कि पीड़ितों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया। अब तक किसी गिरफ्तारी की जानकारी नहीं दी गई है। हमले की वजह भी साफ नहीं है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। प्यूब्ला के गवर्नर अले. जांद्रो अर्मेंटा ने भी अब तक इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। मामले की जांच में नेशनल गार्ड, राज्य का अटार्नी जनरल आफिस, राज्य और स्थानीय पुलिस के साथ इंटेलिजेंस टीमें भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि हमले के पीछे कौन है, इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। मध्य मेक्सिको में हाल के महीनों में ड्रग कार्टेल से जुड़ी हिंसा बढ़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके चलते 800 से 1,000 परिवार घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। मेक्सिको में ड्रग कार्टेल के लीडर के मौत से नाराज समर्थकों ने ग्वाडलाहारा और प्यूर्टो वालार्टा इलाकों में आगजनी की।



■ मृतकों में 3 महिलाएं और एक बच्चा, हमलावर फरार, अगले महीने मेक्सिको में फुटबाल वर्ल्ड कप होना है



## सैयामी खेर ने साझा किया दिल छू लेने वाला नोट

**मुंबई।** अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडनीस की आगामी अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर इंस्टाग्राम पर एक भावुक और बेहद निजी नोट साझा किया है। इस फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने इस सफर को याद करते हुए सैयामी ने आभार जताया कि उन्हें एक बार फिर ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला जो कहानी का मजबूत और अहम हिस्सा है। उन्होंने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। भावनात्मक और परफॉर्मेंस आधारित फिल्मों को चुनने के लिए पहचानी जाने वाली सैयामी ने विक्रम फडनीस की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर बेहद स्नेह, ईमानदारी और अपनापन भरा माहौल बनाया।

# ईरान को चारों तरफ से घेरने की तैयारी

### ट्रम्प ने संकेतात्मक तस्वीर साझा की, नक्शे से दोनों के बीच फिर जुबानी जंग तेज हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान को निशाना बनाकर सोमवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक नक्शे से दोनों देशों के बीच फिर से जुबानी जंग तेज हो गई है। पश्चिमी एशिया के इस नक्शे पर अमे. रिकी झंडा लगा हुआ था और कई दिशाओं से लाल रंग के तीर ईरान की तरफ इशारा कर रहे थे। ट्रम्प द्वारा अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर साझा किए गए नक्शे के साथ हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था, लेकिन इस दृश्य को रणनीतिक दबाव बनाने के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

इसमें कई लाल तीर ईरान की तरफ बढ़ते दिख रहे हैं, जिसका सीधा मतलब ईरान को चारों तरफ से घेरने का संकेत देना है। यह भड़काऊ तस्वीर ट्रम्प द्वारा रविवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक संदेश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने लिखा था कि ईरान के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्हें बहुत तेजी से कदम बढ़ाने होंगे, वरना उनका वजूद ही नहीं बचेगा। उन्होंने जोर देकर कहा था कि समय बहुत कम है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित शांति प्रस्ताव अधर में लटका हुआ है और कूटनीतिक स्तर पर बात. चीत आगे बढ़ती नहीं दिख रही है। रिपोर्टों के मुताबिक, ट्रम्प ने रविवार शाम को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की। दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने की संभावना और ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा पर चर्चा की। ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था, जो सात अप्रैल से लागू एक नाजुक युद्धविराम के सहारे थमा हुआ है। हालांकि, शांति वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हो सकी है। इस युद्ध की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य की पूरी तरह से नाकेबंदी हो गई है, जहां से आम दिनों में दुनिया के कुल तेल निर्यात का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता था।



■ ट्रम्प ने इजरायल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की

## अमेरिका में एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान टकराए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो प्रांत में आयोजित एक एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान हवा में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, गनीमत रही दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए।

अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मियों की हालत स्थिर है। बीबीसी की एक रिपोर्ट में अमेरिकी नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बॉइंग ईए-18जी ग्राउलर विमान हवाई प्रदर्शन के दौरान एक-दूसरे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि समय रहते पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कोई चोट आई है या नहीं। यह दुर्घटना रविवार को 'गनफाइटर स्काइज एयर शो' के दूसरे और अंतिम दिन हुई। एयर शो माउंटेन होम एयर फोर्स बेस से लगभग 3-2 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आयोजित किया गया था। हादसे के बाद मौके पर आग लग गई और एयर बेस को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। इसके साथ ही एयर शो के बाकी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। माउंटेन होम एयर फोर्स बेस गनफाइटर्स ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि घटना में शामिल चालक दल के सदस्य स्थिर स्थिति में हैं।

■ दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए

# पुतिन की चीन यात्रा में वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

### पुतिन शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर

**बीजिंग/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद, चीन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी करेगा और वार्ता में रणनीतिक साझेदारी और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। पुतिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर हैं।

दो दिवसीय यात्रा के दौरान पुतिन और शी के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत होने की उम्मीद है। पुतिन चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा से पहले, शी और पुतिन ने रविवार को 'बधाई पत्र' का आदान-प्रदान किया। ये संदेश अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन की उच्च स्तरीय यात्रा के कुछ ही दिनों बाद आए हैं, जो चार दिन पहले समाप्त हुई थी। चीनी सरकारी मीडिया में प्रसारित बयान में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और रूस के बीच सहयोग लगातार गहराता और मजबूत होता जा रहा है और उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष उनकी रणनीतिक साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ है। सरकारी मीडिया टैब्लॉइड ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपतियों की यात्राओं से पता चलता है कि बीजिंग 'वैश्विक कूटनीति के केंद्र बिदु के रूप में तेजी से उभर रहा है'। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि इन लगातार यात्राओं ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, और विश्लेषकों का कहना है कि शीत युद्ध के बाद के युग में किसी देश के लिए एक सप्ताह के भीतर अमेरिका और रूस के नेताओं की मेजबानी करना अत्यंत दुर्लभ है। रूस के साथ चीन के बढ़ते संबंधों ने पश्चिम में चिंता पैदा कर दी है, खासकर 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से। तब से रूस को चीन के आर्थिक और राजनयिक समर्थन ने संघर्ष को जारी रखने में मदद की है। दोनों देशों के नेताओं की 40 से अधिक बार मुलाकात हो चुकी है। इस बीच, 2022 के बाद से चीन और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार में भारी वृद्धि हुई है, और अब रूस के निर्यात का एक चौथाई से अधिक हिस्सा चीन का है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के अनुमानों के अनुसार, अकेले रूसी कच्चे तेल की चीनी खरीद से मॉस्को को सैकड़ों अरब डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो आक्रमण के बाद से कुल ईंधन खरीद को 367 अरब डॉलर से अधिक बताता है।



■ दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting
QUALIFICATION
UGC NET, Ph.D
SALARY
As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.